निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शनिवार 11 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 322 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


झारखंड के लोक भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## राज्यपाल से सीएम हेमंत सोरेन ने की भेंट, कई योजनाओं पर विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को लोक भवन, रांची में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य राज्यहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। भेंट के क्रम में राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से भी अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों राज्य में कई नई योजनाएं शुरू करने का ऐलान किया था। इनमें मुख्य रूप से मंईयां योजना का नेक्स्ट फ़ेज मंईयां बलवान योजना और मंईयां उद्यमी योजना के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर देने की बात है। महिलाओं को पांच करोड़ तक का आसान ऋण, शिक्षा के क्षेत्र में मरांग गोमके एवं दिशोम गुरुजी के नाम पर डॉक्टोरल स्कॉलरशिप योजना, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए यूके और जर्मनी जैसे सेदेशों के साथ नॉलेज कॉरिडोर विकसित किया जाना, जिससे युवाओं को विदेश में शिक्षा एवं कौशल विकास के अवसर मिलेंगे। औद्योगिक निवेश को अधिक सहूलियत के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से आगे अब आर्थिक विकास के लिए झारखंड स्टेट इकोनॉमिक डेवलपमेंट बोर्ड का गठन के माध्यम से राज्य को क्रिटिकल मिनरल्स, ग्रीन एनर्जी और एआई हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। बता दें कि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर विधिक राय ले रहे हैं। विधि की राय के बाद वे इसपर निर्णय लेंगे। राज्य सरकार ने सूचना आयुक्तों के चार पदों के लिए नामों की अनुशंसा राज्यपाल को भेजी है, जिसमें तीन किसी न किसी पार्टी के हैं। विधिक राय में राज्यपाल ने पूछा है कि संबंधित नेता इस पद के लिए अर्हता रखते हैं या नहीं। राज्य सरकार ने कमेटी की अनुशंसा पर वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा के अलावा झामुमो के आईटी सेल प्रभारी तनुज खत्री, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलखो तथा प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक के नाम स्वीकृति के लिए भेजे हैं। इन पार्टी नेताओं को लेकर ही विधिक राय ली जा रही है। कई संगठनों ने राज्यपाल से नेताओं को सूचना आयुक्त पद के लिए योग्य नहीं बताते हुए नियुक्ति की स्वीकृति देने की मांग की है। बताया जाता है कि विधिक राय में इनके योग्य नहीं ठहराए जाने के बाद राज्यपाल अनुशंसा वापस भी कर सकते हैं। इधर, सूचना आयुक्तों के मामले में झारखंड हाई कोर्ट में 13 अप्रैल को सुनवाई होनी है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि 11 अप्रैल तक राज्यपाल इस पर कोई न कोई निर्णय लेंगे।



## सांसद सांस्कृतिक महोत्सव व स्वदेशी मेला का होगा आयोजन : संजय सेठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के कलाकारों और स्वदेशी उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए राजधानी में एक से तीन मई तक सांसद सांस्कृतिक महोत्सव व स्वदेशी मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें झारखंड सहित देश के लोक कलाकारों का महाजुटान होगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए संजय सेठ ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि यह महोत्सव कला, संस्कृति और स्वदेशी का अनूठा संगम होगा। इस आयोजन में रांची लोकसभा क्षेत्र के बच्चे, युवा, महिला और बुजुर्ग शामिल होंगे। राजधानी के आड्रे हाउस में होने वाले इस कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र के 50 से अधिक स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र अपनी सहभागिता निभाएंगे। संवाददाता सम्मेलन में पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, नाट्य कलाकार अजय मलकानी, पूनम आनंद, मुकेश काबरा, एसडी सिंह, पवन बजाज, ऐश्वर सेठ, रमेंद्र कुमार, नीरज चौधरी मौजूद थे। महोत्सव में अलग-अलग आयु वर्ग के लिए नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। महोत्सव में अर्धशास्त्रीय, लोकगीत, देशभक्ति गीत, वेस्टर्न, फ्यूजन म्यूजिक श्रेणी में गायन प्रतियोगिता होगी। महोत्सव में रंगारंग बैंड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के स्थानीय उत्पादकों और कारीगरों को विशेष अवसर दिया जाएगा। मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इस स्वदेशी मेले में झारखंडी स्वदेशी उत्पाद, झारखंड की पारंपरिक वेशभूषा, झारखंडी खानपान और मिलेट यानी मोटा अनाज को विशेष रूप से प्रदर्शित और प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वदेशी उत्पाद के लिए स्टॉल निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## जेल भेजे गए हंटरगंज में छात्रा को गर्भवती करने वाले प्रधानाध्यापक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के हंटरगंज में अनुसूचित जाति प्राथमिक बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा को गर्भवती करने वाले प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद सिन्हा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। विद्यालय की तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने विद्यालय के ही प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद सिन्हा पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा दो दिन पहले जब घर गई तो उसके माता-पिता ने शरीर की बनावट में आए बदलाव का कारण पूछा। माता-पिता के द्वारा पूछे जाने पर उसने बताया कि प्रधानाध्यापक ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया है। जानकारी मिलने के बाद परिजन ने गुरुवार को विद्यालय पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों के हंगामे की सूचना पाकर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद समेत छात्रा को थाने ले आए। इसके साथ ही इसकी सूचना एसडीओ को दी गई। एसडीओ जहूर आलम ने भी हंटरगंज थाना पहुंचकर छात्रा और प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद सिन्हा से पूछताछ की। जिले की उपायुक्त कृति श्री जी को भी इस घटना की जानकारी मिली। इस घटना की जांच के लिए उन्होंने पांच सदस्यीय टीम का गठन किया। उन्होंने टीम को दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। टीम में एसडीओ जहूर आलम, सीएस सत्येंद्र सिन्हा, हंटरगंज के बीडीओ, सीओ, शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अंबुजा कुमारी शामिल हैं। अपर समाहर्ता अरविंद कुमार टीम का नेतृत्व करेंगे। इस घटना ने शिक्षा विभाग को शर्मसार कर दिया है। उधर, प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छात्रा को मेडिकल जांच के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया है।

## देवघर सदर अस्पताल होगा अत्याधुनिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** जिले के सदर अस्पताल को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास जारी है। इसी को लेकर देवघर सदर अस्पताल को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की सौगात दी गई है। कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी मद के तहत देवघर के सदर अस्पताल में डिजिटल 500 एमए एक्स-रे मशीन और कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड मशीन दी गई। अस्पताल को सौगात में मिले इस मशीन का उद्घाटन जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने किया। इस अत्याधुनिक मशीन के लगने से पेट, हृदय और नसों की जटिल जांच देवघर सदर अस्पताल में ही संभव हो पाएगी। पहले ऐसे जटिल जांचों के लिए लोगों को प्राइवेट अस्पताल का सहारा लेना पड़ता था। जहां जांच के लिए मोटी रकम खर्च करनी पड़ती थी। लेकिन देवघर सदर अस्पताल में इस मशीन के लगने से उच्च गुणवत्ता वाले जांच मरीजों को सरकारी दर पर उपलब्ध हो पाएगा। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन का मुख्य लक्ष्य आम जनमानस को उनके अपने शहर में ही उच्च स्तरीय और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को इन मशीनों के समुचित रखरखाव और संचालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में देवघर सदर अस्पताल में और भी विकास कार्य किए जाएंगे जिससे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। देवघर सदर अस्पताल में डिजिटल 500 एमए एक्स-रे मशीन और हाई एंड कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड सिस्टम मशीन के आने से सिर्फ जिले वासियों को ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों के लोगों को राहत मिलेगी। क्योंकि संथाल क्षेत्र के पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, दुमका और जामताड़ा जैसे जिलों के लोगों के लिए देवघर ही स्वास्थ्य राजधानी है। ऐसे में देवघर सदर अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनों के आने से गरीब मरीजों को काफी लाभ होगा।




## हरिवंश फिर बने राज्यसभा के सदस्य, राष्ट्रपति ने किया मनोनीत

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश को उच्च सदन का सदस्य मनोनीत किया है। हरिवंश का उच्च सदन के सदस्य के रूप में कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो गया था। उन्हें राज्यसभा का सदस्य उस रिक्ति को भरने के लिए मनोनीत किया गया है, जो भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के सेवानिवृत्त होने के बाद उत्पन्न हुई थी। सरकार की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया- भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उपखंड (अ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उसी अनुच्छेद के खंड (3) के अनुसार राष्ट्रपति मनोनीत सदस्यों में से एक सदस्य के सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए हरिवंश को राज्यसभा का सदस्य नामित करके प्रसन्न हैं। हरिवंश बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपने दो कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। उन्होंने उच्च सदन के उपसभापति के पद पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद पड़ी खदान में मिला युवक का शव

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर प्रखंड के शहरकोल गांव स्थित एक बंद पत्थर खदान में युवक का शव तैरता मिला। शव पाए जाने की सूचना ग्रामीणों ने नगर थाने को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस पदाधिकारी दल बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकाला और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान सोनाजोड़ी ताला टोला गांव निवासी कान्हू किस्कू के रूप में की गयी है।

### जंगली हाथी के कुचलने से युवक की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुरहु पतरा में जंगली हाथी ने 28 वर्षीय युवक अनूप कुमार पांडे को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर वन क्षेत्र के फॉरेस्टर बिरसा लोहरा, शमी आफताब, सुनील राम पीटर आदि पहुंचे और मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार का नगद मुआवजा सौंपा है और बाकी की मुआवजा राशि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद देने का आश्वासन दिया है।

### नाबालिग लड़की ने की आत्महत्या

**लोहरदगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बगड़ू थाना क्षेत्र के पतगेच्छा गांव में एक नाबालिग लड़की द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घर के पास इमली के पेड़ से दुपट्टे के सहारे उसका शव लटका हुआ पाया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में शोक का माहौल है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लाखे स्थित मजार के पास गुरुवार की देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरौनी कला निवासी निरंजन कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। जानकारी के अनुसार निरंजन कुमार एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।

### अज्ञात वाहन ने वृद्ध को कुचला

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राजगंज थाना क्षेत्र के धवाचिता निवासी 75 वर्षीय धनेश्वर महतो की शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह दुर्घटना रायगंज स्थित इंटर कॉलेज के पास हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि धनेश्वर महतो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक बिना रुके फरार हो गया।

## नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पुलिस ने एक बड़े नकली शराब सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इटखोरी थाना पुलिस ने एक मुर्गी फार्म की आड़ में चल रही अवैध शराब फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, स्प्रिट और पैकेजिंग सामग्री बरामद की है। यह गिरोह झारखंड और बिहार में सक्रिय था। यह सिंडिकेट तैयार शराब को 'ड्राई स्टेट' बिहार के गया, डोभी और बाराचट्टी जैसे इलाकों में ऊंचे दामों पर बेचता था। चतरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इटखोरी थाना क्षेत्र के नगवां निवासी बिनोद दांगी, मुन्ना दांगी और अभय सिंह बिहडियाटांड के घने जंगलों में स्थित एक मुर्गी फार्म में अवैध शराब बनाने का कारोबार चला रहे हैं। इस सूचना पर इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

## रेल सप्ताह समारोह में उत्कृष्ट कर्मियों को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** रेलवे ऑडिटोरियम में शुक्रवार को 70वें रेल सप्ताह समारोह के तहत 'रेल सेवा पुरस्कार 2025' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अखिलेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि ईसीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष प्रिया मिश्रा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। समारोह की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें कलाकारों ने आकर्षक नृत्य और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से माहौल को जीवंत बना दिया। इसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां विभिन्न विभागों के उन रेल कर्मियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह सम्मान उनके समर्पण, मेहनत और जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। अपने संबोधन में डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने कहा कि रेलवे के सभी कर्मचारी बेहतर कार्य कर रहे हैं लेकिन गुणवत्ता को बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को अपने कार्य की स्वयं निगरानी करनी चाहिए और पूरी निष्ठा एवं दक्षता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। वहीं 'गति शक्ति' विभाग के कर्मचारी सुबोध कुमार ने बताया कि उनका विभाग लगातार पांचवीं बार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी टीम के सामूहिक प्रयास और बेहतर समन्वय को दिया। समारोह के अंत में सभी सम्मानित कर्मियों के साथ समूह फोटो लिया गया और कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



## मेदिनीनगर में विराट हिंदू सम्मेलन कल, तैयारियां शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर में 12 अप्रैल को विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसको लेकर शुक्रवार को शहर के होटल आरडीएस में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की गई। सम्मेलन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और जनसंपर्क अभियान भी जोर-शोर से चलाया जा रहा है। तैलिक साहू महासभा के पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष सह हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि यह सम्मेलन सनातन संस्कृति की रक्षा और समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति की मजबूती से ही समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है। इस आयोजन के माध्यम से समाज में एकता और समरसता का संदेश दिया जाएगा। रामदास साहू ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना और परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज में बढ़ती दूरियों को समाप्त कर एकजुटता स्थापित करना बेहद जरूरी है। इस सम्मेलन के जरिए लोगों को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समिति के सचिव कुमार गौरव ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल मेदिनीनगर तक सीमित नहीं है बल्कि देशभर के एक लाख आठ स्थानों पर इस तरह के सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य व्यापक स्तर पर समाज को जोड़ना और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की।

## एसआइआर को लेकर चुनाव आयोग की तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियां तेज हो गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य निर्वाचन विभाग ने सभी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में एसआइआर शुरू होने से पहले की जाने वाली तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई और कई जरूरी निर्देश दिए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर खुद बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की जानकारी वाले स्टिकर लगे हैं या नहीं, इसकी भौतिक जांच करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ उन घरों को काल्पनिक नंबर अवश्य दें जहां अभी मकान संख्या नहीं है। साथ ही बीएलओ रजिस्टर में हर घर का हाउस नंबर, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सदस्यों के नाम और घर के मुखिया का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज होना चाहिए। बैठक में पैरेंटल मैपिंग को लेकर सबसे ज्यादा जोर दिया गया। के. रवि कुमार ने निर्देश दिए कि बीएलओ डोर-टू-डोर स्टिकर चिपकाते समय उन मतदाताओं को चिन्हित करें जिनकी अभी तक मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हुई है और तुरंत मैपिंग पूरा करें। एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लिकेट मतदाताओं की सूची तैयार की जाए। डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्रों को सिस्टम के माध्यम से 100 प्रतिशत चिन्हित कर हटा दिया जाए। एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं डुप्लिकेट की सूची को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-2 से अनिवार्य रूप से प्रमाणित कराया जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रों के नजरी नक्शे की सॉफ्ट कॉपी साझा की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से न छूटे इसे लक्ष्य बनाकर काम किया जाए। के. रवि कुमार ने आगे निर्देश दिया कि मैपिंग का बचा हुआ कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मैपिंग के दौरान कहीं कोई गलत मैपिंग तो नहीं हुई है, इसकी सघन जांच की जाए ताकि गहन पुनरीक्षण के दौरान लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी न्यूनतम रहे। बुक ए कॉल के माध्यम से आने वाले सभी कॉल का 48 घंटे के अंदर कॉल बैक कर मतदाताओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल अधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।





# जनगणना को लेकर फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, गिरिडीह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार डीआरडीए सभागार में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना एचएलओ को लेकर आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफल समापन हुआ कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार की योजनाएं और नीतियां तय होती हैं।




उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण के दौरान दिए गए तकनीकी पहलुओं को गंभीरता से समझें और अपने-अपने क्षेत्रों में गणनाकर्मियों को सही तरीके से प्रशिक्षित करें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो उपायुक्त ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि मकान सूचीकरण एचएलओ जनगणना का आधारभूत चरण है, इसलिए इसे पूरी जिम्मेदारी और सटीकता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अब आधुनिक तकनीक के माध्यम से जनगणना को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है, ऐसे में सभी ट्रेनर्स को डिजिटल उपकरणों, एप्लीकेशन और फॉर्मेट की पूरी जानकारी होना जरूरी है इस अवसर पर उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने भी प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम फील्ड ट्रेनर्स के लिए अत्यंत उपयोगी है और इससे वे अपने क्षेत्र में बेहतर ढंग से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि जनगणना का कार्य समय पर और सुचारू रूप से पूरा हो सके प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर आकाश बाजपेई एवं जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार ने प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण की प्रक्रिया, फॉर्म भरने की विधि, डेटा संकलन, सत्यापन, समय-सीमा एवं रिपोर्टिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही संभावित चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न प्रखंडों से आए फील्ड ट्रेनर्स शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना 2027 के प्रथम चरण को त्रुटिरहित और सफल बनाना है।

# विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत आरोग्य दूत सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर भवन में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त रामनिवास यादव एवं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों में अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही एम्बेसडरों से विद्यालय एवं समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का आह्वान किया समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति




समारोह में विभिन्न विद्यालयों के हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने बताया कि हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर तथा आरोग्य दूत बच्चों को स्वच्छता, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, योग और खेलकूद के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं उन्होंने बच्चों को डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से बचने और चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताया उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा कि यह पहल बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है और स्कूल स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत स्वच्छता, पोषण, एनीमिया नियंत्रण, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जैसे विषयों पर व्यापक जागरूकता चलाई जा रही है अंत में उपायुक्त ने शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

## संक्षिप्त समाचार

### जमुआ-देवरी के जननायक बलदेव हाजरा की 11वीं पुण्यतिथि 11 अप्रैल को

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जमुआ-देवरी क्षेत्र के जननायक, पूर्व विधायक स्व. बलदेव हाजरा की 11वीं पुण्यतिथि 11 अप्रैल 2026 शनिवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके पैतृक आवास, जमडीहाबागी में पूर्वाह्न 11 बजे से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है जानकारी देते हुए सुखदेव हाजरा ने बताया कि देवरी की क्रांतिकारी धरती ने स्व. बलदेव हाजरा जैसे वीर योद्धा को जन्म दिया, जिन्होंने गरीबों, दलितों, पिछड़ों और समाज के वंचित वर्गों के हक, अधिकार, स्वाभिमान और अस्मिता की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। वे एक सशक्त जननेता और लोकतंत्र की बुलंद आवाज थे, जिन्होंने सड़क से लेकर विधानसभा तक जनता की आवाज को मजबूती से उठाया उन्होंने कहा कि स्व. हाजरा ने अपने राजनीतिक जीवन में कभी भी अन्याय के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया और क्षेत्र की जन आकांक्षाओं को सदन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई इस श्रद्धांजलि सभा में देवरी, जमुआ, तिसरी, गांवा, गिरिडीह सहित आसपास के क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजन को सादर आमंत्रित किया गया है।आयोजकों ने सभी से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्व. बलदेव हाजरा एवं स्व. प्रदीप हाजरा को श्रद्धासुमन अर्पित करें।

### सोनामुखी सीट के पर्यवेक्षक बने मुन्ना सिंह, कांग्रेस संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

**हजारीबाग (नबिटाब)।** पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर द्वारा जारी पत्र के माध्यम से आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए सोनामुखी (रड) विधानसभा सीट का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर मुन्ना सिंह ने गुलाम अहमद मीर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।



उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ इस दायित्व का निर्वहन करेंगे। मुन्ना सिंह ने कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस कार्यकताओं को एकजुट करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं से अपील की कि वे मिलकर पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को मजबूत करें। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे संगठन की है। सभी को मिलकर जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को पहुंचाना होगा, ताकि आगामी चुनाव में पार्टी को सशक्त स्थिति में लाया जा सके।

### अनुमंडलीय अस्पताल में उपलब्ध हुई एचपीवी वैक्सीन, किशोरियों को मिलेगा लाभ

**बरही/हजारीबाग (नबिटासं)।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ ज्ञानी ने बताया कि यह वैक्सीन अब अनुमंडलीय अस्पताल बरही में उपलब्ध है । जिसे विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को दिया जाएगा। सोमवार से पंजीकरण प्रारंभ हो जाएगा । इसके लिए बच्ची का आधार कार्ड अनिवार्य है । वर्तमान में यह सिंगल डॉज में उपलब्ध है । प्रेस वार्ता में बताया गया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय माना जाता है। यह टीका किशोरावस्था में लगाने से भविष्य में होने वाले इस गंभीर रोग के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को समय पर अस्पताल लाकर यह वैक्सीन अवश्य दिलवाएं। यह भी स्पष्ट किया गया कि फिलहाल यह टीकाकरण केवल अनुमंडलीय अस्पताल बरही में ही किया जाएगा। इस वैक्सीन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाया जा सके।

### राजधनवार में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, गंदगी व मिलावट पर सख्त कार्रवाई

**गिरिडीह (नबिटासं)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने राजधनवार क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजा कुमार के नेतृत्व में विभिन्न दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था जांच के दौरान साहू चौक स्थित मनीष मसाला मिल और रिमझिम मसाला मिल में अत्यधिक गंदगी पाई गई। दोनों प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई बनाए रखने का नोटिस जारी किया गया तथा हल्दी, लाल मिर्च, धनिया और जीरा पाउडर के नमूने रासायनिक जांच के लिए लिए गए श्री सती कुटीर उद्योग सत्तू कारखाना को भी स्वच्छता में सुधार के निर्देश दिए गए और सत्तू का नमूना जांच हेतु लिया गया वहीं, श्री हरि स्वीट्स, श्री कृष्ण स्वीट्स और छोटी वाला स्वीट्स में मौके पर मिठाई, छोला और अन्य खाद्य सामग्री की जांच की गई। जांच में असफल पाए गए खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कर दिया गया और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई रोहन कुमार की मिठाई दुकान में भारी गंदगी और अखाद्य रंग चंपई का उपयोग पाया गया। इस पर 35 किलो लड्डू और 10 किलो बुंदिया को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही 5000 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए सुधार का नोटिस जारी किया गया इसके अलावा 10 से अधिक स्ट्रीट फूड स्टॉल गुपचुप, चाट, समोसा आदि की भी जांच की गई। जिन खाद्य पदार्थों के नमूने असफल रहे, उन्हें नष्ट करवा दिया गया। सभी दुकानदारों को अखाद्य रंगों के उपयोग से बचने और फूड सेफ्टी ट्रेनिंग लेने के निर्देश दिए गए डॉ. राजा कुमार ने बताया कि यह अभियान उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है और आगे भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी इस अभियान में फूड सेफ्टी मित्र अभिषेक केसरी, महाराज मंडल, वसीम अकरम, राहुल कुमार, शुभम कुमार और अमित कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं, समाधान के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे जनता दरबार में भूमि विवाद, पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड, इंश्योरेंस क्लेम, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क एवं विद्युत से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं।



उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जनता दरबार के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार का लाभ उठाएं और प्रशासन को सही व पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ओवरलोडेड वाहनों पर प्रशासन की सख्ती, 5 वाहन जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला प्रशासन के निर्देश पर ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में डुमरी और बगोदर थाना क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया जीटी रोड पर चलाए गए इस अभियान के दौरान ट्रक, ट्रेलर और डंपर जैसे भारी मालवाहक वाहनों की गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि कई वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल लेकर चल रहे थे, जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। कार्रवाई करते हुए कुल 05 ओवरलोडेड वाहनों को जब्त किया गया जिला परिवहन पदाधिकारी ने मौके पर ही वाहनों के कागजातों की जांच कर नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है, इसलिए वाहन चालकों और मालिकों को निर्धारित मानकों का पालन करना चाहिए।इस अभियान में पुलिस विभाग की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिससे जांच कार्य प्रभावी तरीके से संपन्न हुआ। प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है अधिकारी ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

# चाणक्य पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सिरसिया स्थित चाणक्य पब्लिक स्कूल गिरिडीह में ह्लवार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह सत्र 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुई। विद्यार्थियों ने सिविक सेंस नागरिक शिष्टाचार पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर ट्रैफिक नियमों, स्वच्छता और मोबाइल के सही उपयोग का संदेश दिया।

इस दौरान विद्यालय के हेड बॉय एवं हेड गर्ल को सैश पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें नए सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बेस्ट स्टूडेंट, टैलेंटेड स्टूडेंट और बेस्ट अटेंडेंस जैसे विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी जीतवाहन उरांव, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्याम महतो एवं निदेशक राहुल कुमार वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निरंतर मेहनत करने और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अनिल कुमार वर्मा, सचिव सौरभ वर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं राकेश कुमार, मिस स्मृति, मिस देवांशी, मिस सिप्रिया, मिस राधा, मिस अंजली, मिस दीपशिखा, मिस रीमा, मिस शाल एवं मिस दृष्टि का सराहनीय योगदान रहा। पूरा कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# राजधनवार में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने राजधनवार क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजा कुमार के नेतृत्व में विभिन्न दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था जांच के दौरान साहू चौक स्थित मनीष मसाला मिल और रिमझिम मसाला मिल में अत्यधिक गंदगी पाई गई। दोनों प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई बनाए रखने का नोटिस जारी किया गया तथा हल्दी, लाल मिर्च, धनिया और जीरा पाउडर के नमूने रासायनिक जांच के लिए लिए गए श्री सती कुटीर उद्योग सत्तू कारखाना को भी स्वच्छता में सुधार के निर्देश दिए गए और सत्तू का नमूना जांच हेतु लिया गया वहीं, श्री हरि स्वीट्स, श्री कृष्ण स्वीट्स और छोटी वाला स्वीट्स में मौके पर मिठाई, छोला और अन्य खाद्य सामग्री की जांच की गई।

जांच में असफल पाए गए खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कर दिया गया और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई रोहन कुमार की मिठाई दुकान में भारी गंदगी और अखाद्य रंग चंपई का उपयोग पाया गया। इस पर 35 किलो लड्डू और 10 किलो बुंदिया को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही 5000 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए सुधार का नोटिस जारी किया गया इसके अलावा 10 से अधिक स्ट्रीट फूड स्टॉल गुपचुप, चाट, समोसा आदि की भी जांच की गई। जिन खाद्य पदार्थों के नमूने असफल रहे, उन्हें नष्ट करवा दिया गया। सभी दुकानदारों को अखाद्य रंगों के उपयोग से बचने और फूड सेफ्टी ट्रेनिंग लेने के निर्देश दिए गए डॉ. राजा कुमार ने बताया कि यह अभियान उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है और आगे भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी इस अभियान में फूड सेफ्टी मित्र अभिषेक केसरी, महाराज मंडल, वसीम अकरम, राहुल कुमार, शुभम कुमार और अमित कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# गिरिडीह में न्यू जौहरी ज्वेलर्स का शुभारंभ ज्वेलरी और लेडीज वियर का अनूठा संगम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** शहर के टावर चौक स्थित न्यू जौहरी ज्वेलर्स शोरूम का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठान की मालिक की माता श्रीमती उषा रस्तोगी ने फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में ग्राहक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे यह शोरूम गिरिडीह का पहला ऐसा प्रतिष्ठान बनकर उभरा है, जहां एक ही छत के नीचे ग्राहकों को आकर्षक ज्वेलरी के साथ-साथ लेडीज वियर का विशेष कलेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। दो मंजिला इस आधुनिक




शोरूम में शादी-विवाह के लिए पारंपरिक आभूषणों से लेकर दैनिक उपयोग के लिए हल्के व ट्रेंडी डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला मौजूद है यहां सोना, चांदी, हीरा, पोल्की और कुंदन के खूबसूरत आभूषण ग्राहकों के लिए पेश किए गए हैं, जो हर वर्ग की पसंद और बजट को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं प्रतिष्ठान के संचालक विशाल रस्तोगी ने बताया कि उनकी कंपनी वर्षों से गुणवत्ता, पारदर्शिता और ग्राहकों के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है। गिरिडीह में इस नए शोरूम के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर, विश्वसनीय और सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव मिलेगा उद्घाटन समारोह में विशाल रस्तोगी, सुनील चंद्र रस्तोगी, उषा रस्तोगी, विकास युवराज, स्मिता, भारती, मैनेजर मनोज कुमार, गुड्डी, मदन विश्वकर्मा, तरुण मुखर्जी, मनीष, धर्मवीर सहित परिवार के सदस्य एवं प्रतिष्ठान से जुड़े कई लोग उपस्थित रहे।

# हैनिमैन जयंती पर विश्व होम्योपैथी दिवस मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के प्रधान कैफेटेरिया हॉल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के प्रख्यात चिकित्सकों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रो. चंद्र भूषण शर्मा, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश शंकर, सचिव डॉ. आनंद शाही, प्रो. बंशी रुखरियार, प्रो. अखौरी गोपाल, प्रो. चंदन सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डॉ. हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित अतिथियों एवं चिकित्सकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह के दौरान वक्ताओं ने डॉ. हैनिमैन के जीवन, उनके योगदान तथा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला।




एचएमएआई के जिला अध्यक्ष ने कहा कि 10 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व होम्योपैथी दिवस न केवल हैनिमैन की जयंती का प्रतीक है, बल्कि होम्योपैथी की प्रभावशीलता और जनहित में इसकी उपयोगिता को उजागर करने का अवसर भी है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में होम्योपैथी का व्यापक प्रभाव है और करोड़ों लोग इस चिकित्सा पद्धति पर भरोसा करते हैं। देशभर में लाखों पंजीकृत चिकित्सक तथा सैकड़ों अस्पताल और हजारों औषधालय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किफायती इलाज उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं, कुलपति डॉ. प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने विश्वविद्यालय में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि स्कूल और कॉलेज स्तर पर होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित भी किया। प्रो. बंशी रुखरियार, प्रो. अखौरी गोपाल एवं प्रो. चंदन सिंह ने होम्योपैथी के वैज्ञानिक आधार, ह्लसमरूपता के सिद्धांतह्व तथा आधुनिक चिकित्सा में इसके समावेश पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति ह्लरोग नहीं, रोगी का उपचारह्व के सिद्धांत पर आधारित है, जो इसे विशिष्ट बनाता है। कार्यक्रम का संचालन हेमंत कुमार मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस दौरान संगीत प्रस्तुति ने समारोह के माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों एवं उपस्थित चिकित्सकों को सम्मानित किया गया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया गया। समारोह में डॉ. ज्ञानेंदु जयपुरियार, डॉ. नवेन्दु शंकर, डॉ. प्रहलाद सिंह, डॉ. अनिल, डॉ. शंकर मोदी, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. राजेश कुमार त्रिवेदी, डॉ. विनोद, डॉ. नीतू सोंधी, डॉ. पंकज सहाय सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

# झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन को लेकर ब्रीफिंग




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर उपायुक्त आर० रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो द्वारा समाहरणालय खूंटी के सभागार में संयुक्त रूप से प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल को ब्रीफिंग देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जानकारी दी गई कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 12 अप्रैल 2026 को जिले में झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए खूंटी जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 4668 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगी। परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में संपन्न कराया जाएगा। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दीं। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पुलिस बल को विभाग द्वारा परीक्षा को लेकर जारी सभी एसओपी का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। ऑन ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल को सक्रिय होकर ससमय रिपोर्टिंग करने एवं अपने कार्य का निर्वहन उत्तरदायित्व पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न करने का सख्त निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, समय पर प्रश्नपत्र वितरण एवं परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त पुलिस बल को सख्त निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिससे परीक्षा का सफल एवं कदाचार मुक्त आयोजन सुनिश्चित कराया जा सके। इस ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पंचायतीराज पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सहित प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बीसीसीएल आउटसोर्सिंग का कार्य ठप, प्रदूषण और रोजगार को लेकर उग्र विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया-03 स्थित छाताबाद में संचालित एसजीटी आउटसोर्सिंग माइंस के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। वार्ड नंबर 02 के पार्षद मो. शहाबुद्दीन की अगुवाई में ग्रामीणों ने माइंस परिसर में ही धरना देकर कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इलाके में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। साथ ही, पेयजल की किल्लत और स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलने से नाराजगी और बढ़ गई है। इन सभी मुद्दों को लेकर ग्रामीण लंबे समय से आंदोलन की चेतावनी दे रहे थे। धरना स्थल से पार्षद मो. शहाबुद्दीन ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर पहले भी बीसीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया था। उस समय जल्द समाधान का भरोसा दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने साफ कहा कि वादों पर अमल नहीं होने के कारण ही लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ा। इधर, आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक वाई के सिंह ने आंदोलन को अनुचित करार दिया है। उनका कहना है कि यह मामला बीसीसीएल प्रबंधन के अधीन है और इस तरह उत्पादन रोकना सही नहीं है। आंदोलन के चलते कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

# उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों से संबंधित मामलों की हुई समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुग्रह-अनुदान एवं सरकारी सेवा में नियोजन से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान कुल 13 मामलों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाए तथा पात्र आश्रितों को नियमानुसार लाभ प्रदान किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दिपेश कुमारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी शिशिर कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में बदलता मौसम, तेज हवा के झोंके के साथ बारिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची समेत कई इलाकों में मार्च महीने के अंतिम सप्ताह और अप्रैल महीने के शुरू में मौसम ने करवट ली है। हर दिन किसी न किसी समय और कहीं न कहीं तेज हवा के झोंके, मेघगर्जन और कहीं कहीं ओलावृष्टि के साथ बारिश होती रही है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के हेड डॉ। रमेश कुमार इसे मौसम की विपरीत स्थिति कहकर परिभाषित करते हैं। डॉ। रमेश कुमार कहते हैं कि यह क्लाइमेट चेंज में हो रहे बदलाव का परिणाम भी हो सकता है।

**डीप डिप्रेशन की वजह से मौसम में बदलाव**

मौसम के इस विपरीत स्थिति को लेकर डॉ। रमेश कुमार बताते हैं कि बंगाल की खाड़ी से आने वाले डीप डिप्रेशन की वजह से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है, पहले मार्च या अप्रैल महीने में यह डिप्रेशन एक-दो बार आता था लेकिन इस बार लगातार डीप डिप्रेशन बंगाल की खाड़ी से आ रहा है।

# 12 अप्रैल को आयोजित हिंदू सम्मेलन के माध्यम से हिंदुओं को करेंगे एकजुट : रामदास साहू




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** 12 अप्रैल को आयोजित हिंदू सम्मेलन के माध्यम से हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पूरे पलामू जिले के सनातनी भाई व बहन पूरे परिवार के साथ भाग लेंगे। इसके लिए पलामू जिले के समस्त क्षेत्र में पीला अक्षत व आमंत्रण पत्र लेकर हिंदू सम्मेलन के सदस्य जाकर कार्यक्रम में आमंत्रित करने का काम रहे हैं। उक्त बातें हिंदू सम्मेलन समिति के पलामू जिला अध्यक्ष रामदास साहू ने कही। वे शुक्रवार को आरडीएस रामाडा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के व्यक्ति दूसरे धर्म को मानने लग रहे हैं। सनातन धर्म से कोई दूसरे धर्म को नहीं अपनाए इसके लिए हिंदू समाज के लोग जाति का भेद भूलकर एक मंच पर बैठने का काम करेंगे। कहा कि हिंदू सम्मेलन सामाजिक समरसता के साथ सभी के मन में हिंदू का भाव जगाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में वक्ता के रूप में चित्रकूट से पूज्य 1008 श्रीसीता राम शरण जी, वृंदावन से साध्वी लाडली शरण जी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के झारखंड-बिहार सह क्षेत्र कार्यवाह विनेश अपने विचार रखेंगे। एक सवाल के जवाब में रामदास साहू नेकहा कि सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना, परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देना व सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। हिंदू सम्मेलन समिति के सचिव कुमार गौरव ने कहा कि सम्मेलन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने, आपसी सहयोग की भावना को प्रबल करने व सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने का एक सार्थक प्रयास है। संध्या 4 बजे शिवाजी मैदान में आयोजित सम्मेलन के दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक कला व विरासत का प्रदर्शन के साथ समाज के प्रबुद्ध व प्रतिष्ठित व्यक्तियों के प्रेरणादायक उद्बोधन मुख्य आकर्षण होंगे। विशेष रूप से युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपरा व मूल्यों से जोड़ने पर विशेष बल दिया जाएगा। समिति के संयोजक सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। सम्मेलन इसी भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रयास है। मौके पर समिति के संयोजक सुरेन्द्र विश्वकर्मा, सह संयोजक सतीश तिवारी, उपाध्यक्ष विकास सिंह, सचिव कुमार गौरव, प्रचार प्रमुख रोहित पाठक व श्वेत रंजन, कोषाध्यक्ष विकास तिवारी, विनीत पाण्डेय, सूर्यकांत पासवान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## संरक्षण मंडली में कई गणमान्य शामिल

**मेदिनीनगर।** समिति के अध्यक्ष रामदास साहू ने संरक्षक मंडली की घोषणा की। कहा कि कार्यक्रम के निमित्त समिति का मार्गदर्शन करेंगे। संरक्षक मंडली में परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पाण्डेय, मनोज सिंह (भाजपा), उदय शुक्ला, आनंद शंकर, मंगल सिंह, अमित अग्रवाल (सडमा कॉलेज), अविनाश सिन्हा, डॉ राजीव नयन, अविनाश सिंह, दुर्गा जौहरी, डॉ आरपी सिन्हा, प्रेम सिंह,ज्ञचन्द्रशेखर शुक्ला, अविनाश देव, श्याम नारायण दुबे, लवली गुप्ता, विजयानन्द पाठक, अमित तिवारी, धमेन्द्र जायसवाल, विजय ओझा, संटू चौरसिया को शामिल किया गया है।

# भाजयुमो ने भाषाई विवाद को ले मेदिनीनगर शहर में निकाली आक्रोश रैली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड की प्रतियोगी परीक्षाओं में नागपुरी व कुड़ुख भाषा शामिल किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में मेदिनीनगर शहर में आक्रोश रैली निकाली गई। आक्रोश रैली साहित्य समाज चौक से छह मुहान चौक तक निकाली गई। रैली में शामिल भारतीय जनता युवा मोर्चा व भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरोध में रोषपूर्ण नारे लगाए। रैली छह मुहान पर पहुंची व मानव श्रृंखला बनाकर छह मुहान चौक के छह रास्तों को जाम कर दिया। साथ ही टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता ने किया। रैली में भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता व मेदिनीनगर निगम की मेयर अरुणा शंकर सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा व भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता ने कहा कि पलामू प्रमंडल के छात्र-छात्राएं हिंदी भोजपुरी व मगही भाषा बोलते हैं। लेकिन सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू के छात्र-छात्राओं के लिए क्षेत्रीय भाषा के रूप में नागपुरी व कुड़ुख भाषा को शामिल कर दिया है। इस कारण पलामू प्रमंडल के छात्र-छात्राएं किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफल नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल से जुड़े झारखंड क्षेत्र में क्षेत्रीय भाषा के रूप में बांग्ला भाषा व उड़ीसा से जुड़े हुए क्षेत्र में उड़िया को क्षेत्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी गई है। लेकिन पलामू प्रमंडल के युवाओं के साथ हेमंत सोरेन ने सौतेला व्यवहार किया है। उन्होने सवाल किया कि आखिर पलामू प्रमंडल के युवाओं से हेमंत सोरेन को क्या प्रॉब्लम है। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन को नींद उड़ा देगी। भाजयुमो पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल किए गए नागपुरी व कुड़ुख भाषा को बदलने के लिए बाध्य कर देगी। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा आंदोलन एक शुरुआत है। अगर हेमंत सोरेन पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय भाषा में भाषा के रूप में हिंदी, भोजपुरी व मगही को शामिल नहीं करते हैं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निकम्मे मुख्यमंत्री हैं। पलामू प्रमंडल के युवाओं के साथ गलत व्यवहार किया है। पलामू के युवाओं की स्मिता के साथ खिलवाड़ किया है। पलामू प्रमंडल के विद्यार्थी मगही, भोजपुरी व हिंदी बोलते हैं। लेकिन हेमंत इसे छीनने का काम किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पलामू प्रमंडल के युवाओं के हितों से मुख्यमंत्री खिलवाड़ करेंगे तो जड़ से मिटा देंगे। कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी घेरने का काम करेगी।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** कियूल-गया रेलखंड पर स्थित नवादा स्टेशन से उत्तर अतौआ गांव के समीप ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के फुलमा गांव निवासी स्वर्गीय कपिलदेव सिंह का 32 वर्ष के पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि 4 महीने पहले युवक की शादी हुई थी। इस घटना के बाद नवविवाहिता पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा सार्वजनिक रूप से माफी मांगें



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा द्वारा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बिस्वा शर्मा का पुतला फूंका।

श्री झा ने उक्त मौके पर कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी पिछले छह दशक से राजनीतिक व सार्वजनिक जीवन में है। कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर वो अपने अथक परिश्रम व संवैधानिक मूल्यों का सदैव सम्मान करते हुए बने है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपमान करके असम के मुख्यमंत्री ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है और भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा को उजागर किया है। नवादा जिला कांग्रेस कमिटी यह मांग करती है कि असम के मुख्यमंत्री खडगे साहब के संदर्भ में दिए गए अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। नवादा लोकसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि ने कहा कि आदरणीय खडगे साहब संविधान द्वारा सामाजिक सशक्तिकरण के प्रतीक भी है। एनएसयूआइ के जिलाध्यक्ष शिवम कुमार ने कहा कि यह अपमान सिर्फ खडगे साहब का ही अपमान सिर्फ नहीं है बल्कि देश के करोड़ो दलित समाज का अपमान है। आज के इस कार्यक्रम में पीसीसी डेलिगेट रजनीकांत दीक्षित, बलिराम सिंह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, एनएसयूआइके जिला अध्यक्ष शिवम कुमार, सेवादल के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पप्पू,अनुसूचितु जा के जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान, इंटक के जिला अध्यक्ष मनीश कुमार, भारत यात्री नवीन कुमार,रजौली ब्लॉक के अध्यक्ष रामरतन गिर, हिसुआ प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार, आईटी सेल के प्रदेश महासचिव गोपेश कुमार, पूर्व मुखिया गरिबन सिंह, राजेंद्र उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सखी सहायता केंद्र ने किया किशोरियों को स्वच्छता किट का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के प्रोजेक्ट गायत्री कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में शुक्रवार को समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए अधिष्ठापित सखी सहायता केंद्र के तत्वावधान में छात्राओं के बीच 'एडोलेसेंट किट' (किशोरी स्वच्छता किट) का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वितरित की गई इस किट में मुख्य रूप से सैनिटरी पैड, हैंड सैनिटाइजर, एंटीसेप्टिक रुमाल व कॉटन आदि वस्तुएं शामिल है। सखी सहायता केंद्र के प्रतिनिधि व नोडल शिक्षिका अंशु माला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की पहल से छात्राओं में झिझक दूर होती है और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होती हैं।

# वैवाहिक कार्यक्रमों में एलपीजी उपयोग को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के वैवाहिक कार्यक्रमों में एलपीजी के उपयोग से संबंधित आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिले के गैस कंपनी के प्रतिनिधियों एवं रसोइया/कैटरर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने विभागीय निर्देशों से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि पश्चिम एशिया में तेल एवं प्राकृतिक गैस से संबंधित उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर आगामी वैवाहिक सीजन में वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए निम्नलिखित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है—

1. वैवाहिक कार्यक्रमों में भोजन तैयार करने वाले रसोइया/कैटरर्स को अपने वाणिज्यिक गैस हेतु अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। संबंधित तेल कंपनियाँ अगले 5-7 दिनों के भीतर उनका निबंधन सुनिश्चित करेंगी।
2. जिस व्यक्ति के घर में वैवाहिक कार्यक्रम निर्धारित है, वह अपने शादी के कार्ड के साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन समर्पित करेंगे। आवेदन में आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की संख्या एवं संभावित अतिथियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
3. संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी आवेदन के आधार पर कार्यक्रम में संभावित उपस्थिति का आकलन करते हुए, संबंधित तेल कंपनी से समन्वय स्थापित कर वैवाहिक कार्यक्रम की तिथि पर उपलब्धता के अनुरूप रसोइया/कैटरर्स को आनुपातिक रूप से वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।
4. वैवाहिक कार्यक्रम हेतु उपलब्ध कराई गई वाणिज्यिक गैस का उपयोग केवल उसी कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। उक्त विभागीय निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि वैवाहिक कार्यक्रमों में भोजन तैयार करने वाले जिले के सभी रसोइया/कैटरर्स को अपनी सुविधानुसार अपने नजदीकी गैस एजेंसी में वाणिज्यिक गैस हेतु अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। साथ ही गैस कंपनियों को भी निर्देश दिया गया कि प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निबंधन की प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिस व्यक्ति के घर में वैवाहिक कार्यक्रम निर्धारित है, वह अपने शादी के कार्ड के साथ उक्त अनुपात में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन करेंगे।प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी कार्यक्रम में तेल कंपनी से समन्वय स्थापित कर वैवाहिक कार्यक्रम की तिथि पर वाणिज्यक गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के अनुरूप रसोईया/कैटरर्स को वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन ने अपील की कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वैवाहिक कार्यक्रमों में एलपीजी के उपयोग को तर्कसंगत एवं संयमित रखने की आवश्यकता है।

# राज्यकर्मियों के वेतन भुगतान विलंब मामले में सिस्टम अपडेट के नाम पर ठग रही सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड सरकार द्वारा अपने राज्य कर्मियों को मार्च माह का वेतन अभी तक नहीं दिए जाने पर आश्चर्य प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग हुए 26 वर्ष होने को हैं। यह पहला ऐसा अवसर है जहां आज अप्रैल महीने के 10 दिन बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, मानदेय धारकों व निविदा धारकों समेत सभी जनप्रतिनिधियों को अभी तक वेतन का भुगतान कर पाने में अक्षम रही है। अविनाश वर्मा ने कहा कि झारखंड राज्य में लगभग 2 लाख 35 हजार 9 सौ 30 वेतन भोगी हैं। करीब 40 से 45 हजार मानदेय व निविदाधारक कर्मी हैं। ये सभी लोग आज 10 अप्रैल खत्म होने के बावजूद भुगतान के इंतजार में है। जबकि बजट सत्र समाप्त हुए भी 15 दिन हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिस्टम अपग्रेड के नाम पर राज्य कर्मियों को गुमराह कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वेतन भुगतान में विलंब का मुख्य कारण खजाना खाली होना है। ऐसे में झारखंड सरकार राज्य कर्मियों को वगैर विश्वास में लिए तकनीकी कार्यों को आधार बनाकर बाजार और घर की रौनक को छीनने का काम कर रही है। यह अत्यंत चिंतनीय है। अविनाश वर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि जब सरकार के खजाने खाली हैं तो ऐसे में माननीय मुख्यमंत्री के विदेश दौरे के साथ करोड़ों के मुख्यमंत्री आवास का निर्माण व करोड़ों रुपए की नई-नई गाड़ियां सरकारी परिसरों की शोभा क्यों बढ़ा रही है। जबकि मानदेय और निविदा धारक लोगों को चिढ़ाने का काम कर रही है। ये लगातार 30 दिनों तक काम कर अपने वेतन के इंतजार में है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी गलत नीतियों के कारण आर्थिक दंश का सामना झेल रही है। इसका परिणाम है कि महीनों से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, संवेदकों के भुगतान के साथ साथ अपनी अति महत्वाकांक्षी योजना मईंया सम्मान योजना की राशि भी देने में अब बंगले झांक रही है। अविनाश वर्मा ने गठबंधन नीत सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि अभी भी समय है। वक्त रहते अपने फिजूल खर्ची पर लगाम लगाए। राज्य कर व धन संग्रह वाले विभागों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु कठोर निर्देश देते हुए राज्य के खजाने को झारखंड व झारखंड वासियों के हित में प्रयोग करें ना कि झूठे प्रचार प्रसार में करोड़ों रुपए पोस्टर व बैनर लगाने के नाम पर उड़ा दें।


**आद्रा मंडल के तहत विविध स्थैतिक सेवाओं के लिए ई-नीलामी**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं : • **श्रेणी: विविध स्थैतिक सेवाएं (एमएसएस); (1) नीलामी सूचीपत्र सं. : जीएसकैंटीन1; लॉट सं./श्रेणी: (i)** एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-25-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य), **(ii)** एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-24-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य), **(iii)** एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-26-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य), **(iv)** एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-22-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 23.04.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 23.04.2026 को 13.00 बजे। **(2) नीलामी सूचीपत्र सं. : आईसक्रीमपार्ल1; लॉट सं./श्रेणी:** एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-27-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 24.04.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 24.04.2026 को 13.00 बजे।

**टिप्पणी:** प्रस्तावित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

**(PR-37)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-01, दिनांक 09.04.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले अपेक्षित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-01, कार्य का नाम:** नीचे उल्लेखित टीआरडी कार्यों का निष्पादन : (i) आसनसोल मंडल: पृथक खंड में प्रवेश करने वाली ट्रेनों की सुरक्षा के लिए स्टॉप सिग्नल के उपरांत इंसुलेटेड ओवरलैप का स्थानांतरण। (ii) आसनसोल मंडल: अत्यंत पुराने हो चुके सेक्शन इंसुलेटर का क्रॉसओवर पर उलझाव से बचाने के लिए प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,53,68,850.88; **बयाना राशि:** रु. 5,07,400; **खुलने की तारीख एवं समय:** 12.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। **कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-16/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# हॉस्टल में हुई मासूम की हत्या का उद्भेदन

## गार्ड ने दिया था जघन्य घटना को अंजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के कड़ौना थाना के समीप स्थित गुरुकुल हॉस्टल में मासूम छात्र की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस सनसनीखेज घटना में कैंटीन में कार्यरत गार्ड मुकेश उर्फ सुदामा को गिरफ्तार किया गया है, जिसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक की पहचान बुलाकी बीघा गांव निवासी धनंजय कुमार के पुत्र आशु कुमार के रूप में हुई है, जो यूकेजी कक्षा का छात्र था। उसकी हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई थी, जिससे पूरे जिले में आक्रोश व्याप्त हो गया था।

एसपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर कैंटीन गार्ड मुकेश उर्फ सुदामा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बताया जाता है कि घटना के समय वह शराब के नशे में धुत था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार मासूम के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने की पुष्टि हुई है। इसके बाद आरोपी ने साक्ष्य छिपाने के लिए उसकी हत्या कर दी।

घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। एसपी ने कहा कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के खुलासे के बाद जहां पुलिस ने राहत की सांस ली है, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# बड़े नेता की हत्या की साजिश रचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

- अमेरिका की खुफिया एजेंसी को भेजी थी सूचना
- घटना को अंजाम देने को मांगा था 22 दिनों का समय
- पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बक्सर में देश के एक बड़े नेता की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस पूरी साजिश का खुलासा बक्सर पुलिस ने मीडिया के सामने किया है। पुलिस ने बताया कि युवक ने स्वयं अमेरिका की खुफिया एजेंसी को सूचना भेजी है। फिर जानलेवा हमले की बात कही और बदले में रकम की मांग की है।

बक्सर के एसपी शुभम आर्य ने मीडिया को बताया कि सिमरी थाना क्षेत्र से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें से एक युवक अमन तिवारी ने अमेरिकी खुफिया एजेंसी (सीआईए) को एक सूचना दी थी, जिसमें आरोपी ने लिखा था कि पैसा दीजिए, इसके बाद वो एक बड़े नेता पर जानलेवा हमला कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना पुलिस को सूत्रों से मिली। फिर पुलिस ने इलाके में छापामार कार्रवाई की और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस सभी पक्षों और तथ्यों को लेकर छानबीन कर रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि युवक के दावे को गंभीरता से लिया गया है। मुख्य आरोपी अमन तिवारी ने घटना को अंजाम देने के लिए 22 दिन का समय मांगा था। फिलहाल, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। इस मामले की गहराई से जांच कर रही हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि इस साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# नहाने के दौरान डैम्प में डूबने से दो छात्रों की मौत

## क्लास छोड़कर तीन छात्र गये थे नहाने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र स्थित आसंगी चेक डैम में एक दर्दनाक हादसा हो गया। सेंट्रल पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र रौनक भारद्वाज और गॉडविन थॉमस की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, स्कूल समय के दौरान ही तीन छात्र क्लास छोड़कर चेक डैम पहुंच गए थे। पानी में उतरते ही गहराई और तेज बहाव का अंदाजा नहीं होने के कारण दोनों छात्र डूबने लगे। साथ मौजूद प्रशांत कुमार ने बताया कि वह पानी लाने गया था, तभी शोर सुनाई दिया।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजीव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया और करीब एक घंटे बाद दोनों शव बरामद कर लिए गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने चेक डैम पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## फरार वारंटी धराया

बेलागंज। चाकंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीथो शरीफ गाँव से पुलिस ने गैर-जमानती वारंट के फरार वारंटी नरेश यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त नरेश यादव, पिता सोहराय यादव, निवासी बीथो शरीफ, थाना चाकंद बताया गया है। थानाध्यक्ष शिवम कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर चाकंद बीथो शरीफ में छापेमारी कर वारंटी को पकड़ा। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के तहत उसकी गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे थाना लाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार वारंटी से पूछताछ कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मौसी ने की एक वर्षीय मासूम की हत्या

## 21 अप्रैल को था शादी समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत चूलीहारी गांव से एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। यहां एक सगी मौसी ने ही आपसी विवाद और मोबाइल चोरी के संदेह में अपनी बहन की एक वर्षीय मासूम बेटे की निर्मम हत्या कर दी।

जिस घर में शहनाइयां गूंज रही थीं और छोटे भाई की शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अब केवल मातम और सिसकियां शेष हैं। मासूम की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी राजू पासवान के पुत्र कारू कुमार के रूप में हुई है। उसकी मां, आरती देवी, अपने भाई दिलखुश पासवान के विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए अपने मायके आई हुई थी। 21 अप्रैल को निर्धारित शादी के उत्सव के बीच अचानक तब अफरा-तफरी मच गई, जब आंगन में सो रहा एक वर्ष का कारू रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। इस पूरी घटना की पृष्ठभूमि में एक मामूली मोबाइल फोन का खो जाना बताया जा रहा है।

## अभिमंत्रित जल खुद छिड़की थी घर में



मृतक के मामा जितेंद्र पासवान के अनुसार, आरती की बड़ी बहन सुमंत्री देवी का मोबाइल गुम हो गया था, जिसका संदेह उसने अपनी मंझली बहन आरती पर जतायी।

इस बात को लेकर दोनों बहनों के मध्य तीखी बहस और कटुता उत्पन्न हो गई थी। विडंबना यह रही कि आधुनिक युग में भी इस समस्या के समाधान के लिए परिवार ने अंधविश्वास का सहारा लिया।

गांव की एक महिला, जो स्वयं को किसी आध्यात्मिक पंथ से जुड़ी बताती थी, उससे जल अभिमंत्रित (पढ़वाकर) कराया गया। वह जल घर के कोने-कोने में छिड़का गया और सभी सदस्यों को पिलाया गया, ताकि अपराधी का पता चल सके। इसी अंधविश्वासी अनुष्ठान के उपरांत रात के सन्नाटे में मासूम को मौत के घाट उतार दिया गया।

## त्वरित कार्रवाई में आरोपित गिरफ्तार

रात करीब दस बजे जब मां आरती की नींद खुली और उसने अपने बच्चे को बिस्तर से गायब पाया, तो पूरे परिवार में हाहाकार मच गया। चूंकि घर के सभी द्वार भीतर से बंद थे, इसलिए किसी बाहरी व्यक्ति पर संदेह की गुंजाइश नहीं थी। काफी खोजबीन के पश्चात जब परिजनों ने घर के समीप स्थित तालाब को खंगाला, तो मासूम का शव पानी की सतह पर तैरता हुआ मिला।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने त्वरित कार्रवाई की और संदेह के घेरे में आई बड़ी मौसी सुमंत्री देवी को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा की गई गहन पूछताछ के समक्ष सुमंत्री टूट गई और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने कबूल किया कि उसने ही मासूम का मुंह दबाकर उसकी हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए तालाब में फेंक दिया।

# करंट से राजमिस्त्री की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर ।** प्रखंड क्षेत्र के हथौड़ी थाना के बंधार पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या 18 निवासी उपेंद्र दास के पुत्र अर्जुन कुमार दास के साथ एक दर्दनाक हादसा हुई। गुरुवार को दरभंगा जिला के बहेड़ी बाजार में भवन निर्माण का काम रहा था उसी समय बिजली के करंट लगने से मौत हो गई ।बहेड़ी पुलिस ने मृतक राज मिस्त्री की शव को स्वजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि अर्जुन कुमार दास रोजमर्रे की तरह गुरुवार को भी मजदूरी का काम कर रहा था। उसी दौरान कार्य स्थल के उपर से बिजली की निजी तार लगा हुआ था जिसके संपर्क में राज मिस्त्री आ गया। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उन्हें बचाने की कोशिश की और इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बहेड़ी थाना पुलिस ने मृतक की पोस्टमार्टम कराकर शव को स्वजनों को सौंप दिया।

# लोन फ्रॉड के मामले में साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## करोड़ों रुपये का हो चुका है गबन, शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** लोन फ्रॉड के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने इंडियन ओवरसीज बैंक की दरभंगा शाखा के सहायक प्रबंधक रवि राघवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। प्रबंधक के खिलाफ साइबर थाना कांड संख्या 25/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें गरीब मजदूर के नाम पर फर्जी तरीके से दो करोड़ रुपये का लोन निकालने का आरोप है।

जांच में सामने आया है कि सहायक प्रबंधक फर्जी तरीके से 14 खातों का संचालन कर रहा था। एक व्यक्ति की कंपनी के नाम पर दो करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता के नाम पर मिठाई की दुकान दिखाकर पूरी तरह से फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे।

कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के केवटगामा निवासी राजकिशोर राय ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे अपने व्यवसाय के लिए बैंक से ऋण लेना चाहते थे। इसी दौरान गांव के ब्रजेश चौपाल उन्हें शाखा ले गया, जहां उनसे आधार कार्ड और पैन कार्ड पर हस्ताक्षर करवाए गए और उनका मोबाइल फोन भी कुछ समय के लिए ले लिया गया। बाद में मोबाइल लौटाते हुए कहा गया कि उन्हें लोन नहीं मिल सकता।

मामले का खुलासा तब हुआ, जब बैंक अधिकारी उनके घर 18 लाख रुपये के लोन की किस्त मांगने पहुंचे। बैंक जाकर जानकारी लेने पर पता चला कि उनके नाम से एक बचत खाता और एक लोन खाता पहले से ही खुला हुआ है, जिनसे पूरी राशि निकाली जा चुकी है। जब उन्होंने बैंक के सहायक प्रबंधक से इस संबंध में जानकारी मांगी, तो मामले को दबाने के लिए बिचौलिये के माध्यम से 3 लाख रुपये देने का प्रस्ताव दिया गया। साथ ही 70 लाख रुपये की सब्सिडी दिलाने का लालच भी दिया गया।

खुद को पूरी तरह फंसा हुआ देखकर राजकिशोर राय ने दरभंगा साइबर थाना में प्राथमिकी संख्या 25/26 दर्ज कराई, जिसमें सहायक प्रबंधक को आरोपी बनाया गया। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 312(4), 338, 340(2) और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है और पूरे नेटवर्क की पड़ताल जारी है।

इस संबंध में साइबर डीएसपी बिपिन बिहारी ने बताया कि बैंक के सहायक मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# थाना परिसर में मची अफरा-तफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बोधगया थाना परिसर उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा का केंद्र बन गया, जब सोनू बीघा गांव के दो पक्षों के लोग आपसी मारपीट के बाद थाना पहुंच गए। इस घटना ने देखते ही देखते गंभीर रूप ले लिया, जिससे थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार, सोनू बीघा की एक महिला गुड़िया देवी पर आरोप है कि उसने करीब एक वर्ष पूर्व गांव की एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसे मुंबई ले गई थी। वहां उससे झाड़ू-पोछा और सफाई का काम करवाया जाता था, जबकि मेहनताना खुद महिला द्वारा रख लिया जाता था।

बताया जा रहा है कि एक साल बाद जब नाबालिग किसी तरह अपने घर लौटी और उसने गुड़िया देवी पर गंभीर आरोप लगाए, तो दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और ग्रामीणों ने आरोपित महिला की पिटाई कर दी।

सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट में शामिल लोगों को हिरासत में लेकर थाना लाई। घायल गुड़िया देवी की स्थिति गंभीर होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा गया।

थाना परिसर में बढ़ते हंगामे को देखते हुए बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। उन्होंने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए लिखित आवेदन देने और अपनी-अपनी बात रखने का निर्देश दिया। वहीं, पीड़ित नाबालिग लड़की ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष रक्षा बंधन के समय उसे नशीला पदार्थ देकर जबरन मुंबई ले जाया गया था। जहां उसे जबरन मजदूरी कराई जा रही थी, दूसरी ओर, गुड़िया देवी ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह निर्दोष हैं और उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है।

# अवैध खनन से भड़के ग्रामीणों ने थाना घेरा

## इलाके में पहले से जारी अवैध खनन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुमारधुबी।** झारखंड के धनबाद जिले में अवैध कोयला खनन को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। एग्यारकुंड प्रखंड के कुमारधुबी ओपी क्षेत्र में सैकड़ों ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

गुरुवार देर रात बड़डंगाल गाड़ी खाना समेत पांच टोला के सैकड़ों ग्रामीण थाने पहुंच गए और घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अवैध खनन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के बीचों-बीच जगदीश तिवारी, अजय यादव और सन्नी सिंह द्वारा पोकलेन मशीन से अवैध रूप से कोयले की खुदाई की जा रही है। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।



ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले भी पुलिस को इसकी सूचना दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर उन्हें थाने का घेराव करना पड़ा। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस मौके पर जाकर खुदाई रोकने नहीं पहुंची, जिससे इलाके में डर का माहौल है। जमीन मालिक राकेश खन्ना ने बताया कि उनकी जमीन पर अवैध रूप से कोयला निकाला जा रहा है। उन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन देकर तुरंत खुदाई रोकने की मांग की है। उनका कहना है कि तालाब खोदने के नाम पर जमीन ली गई थी, लेकिन अब वहां अवैध खनन किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुमारधुबी क्षेत्र में अवैध खनन और भट्ठा संचालन लंबे समय से जारी है। यहां सैकड़ों अवैध मुहाने खोल दिए गए हैं, जहां से रोजाना 20 से 30 ट्रक कोयला बाहर भेजा जाता है। इससे राजस्व का नुकसान हो रहा है और बड़े हादसे का खतरा भी बना हुआ है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों से सुरक्षा की गारंटी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# संतानहीन महिलाओं को निशाना बनाने वाले साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

## खंडहरनुमा मकान से चार शातिर धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के अस्थावां में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक गिरोह बेरोजगार युवकों और संतानहीन महिलाओं को निशाना बनाकर ठगी का खेल चला रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया है।

अस्थावां थाना पुलिस ने उगावां गांव के एक खंडहरनुमा मकान पर छापा मारकर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए लोगों में घनश्याम कुमार पासवान, विशाल मालाकार, वन कुमार और गोपी कुमार उर्फ कल्लू हलवाई शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपितों के पास से चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन्हीं उपकरणों के जरिए यह गिरोह इंटरनेट मीडिया पर फर्जी विज्ञापन डालकर लोगों को जाल में फंसाता था।

गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट डालता था। इनमें दावा किया जाता था कि 'खूबसूरत महिलाओं को गर्भवती करने पर मोटी रकम दी जाएगी', जिससे कई युवक झांसे में आ जाते थे।

जाल में फंसाने के बाद आरोपित रजिस्ट्रेशन, मेडिकल जांच, दवा और अन्य बहानों से पैसे ऐंठते थे। रकम मिलते ही वे संपर्क तोड़ देते थे, जिससे पीड़ित ठगे रह जाते थे।

यह गिरोह सिर्फ युवकों तक सीमित नहीं था। संतानहीन महिलाओं को दवा के जरिए गर्भवती बनाने का झूठा दावा कर उनसे भी मोटी रकम वसूली जाती थी।

इस तरह गिरोह एक ही समय में दो अलग-अलग वर्गों को निशाना बनाकर ठगी कर रहा था। एक ओर युवकों को लालच, तो दूसरी ओर महिलाओं को उम्मीद का सहारा देकर धोखा दिया जा रहा था।

साइबर डीएसपी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी के अनुसार, गिरोह खासतौर पर बेरोजगार और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को टारगेट करता था, जो जल्दी पैसे कमाने के लालच में फंस जाते थे।

# वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को ले कोर्ट ने दो थानाध्यक्षों को लताड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में वायु एवं ध्वनि प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर पटना हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। न्यायाधीश राजीव रॉय की एकलपीठ ने सुरेंद्र प्रसाद की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रदूषण रोकने में पूरी तरह विफल रहा है।

बोर्ड की ओर से वरीय अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर ने कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल कर मैरिज हॉलों को नोटिस और निर्माण स्थलों पर ग्रीन नेट के इस्तेमाल की बात कही। मगर न्यायालय मित्र अजय ने कोर्ट को बताया कि नगर निकायों को लिखे गए पत्रों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं है।

सुनवाई के दौरान थानों की कार्यशैली भी कटघरे में आ गई। रूपसपुर थाना की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्हें एसपी का संचार देर से प्राप्त हुआ था, जबकि कदमकुआं थाना ने स्वीकार किया कि डीजे के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज की गई, लेकिन उक्त वाहन पंजीकृत नहीं था।



इस पर कोर्ट ने उनके क्रियाकलापों पर नाराजगी व्यक्त हुए कहा कि दोनों थानों के थानाध्यक्षों के खिलाफ क्यों न अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए? हालांकि, राज्य की ओर से अधिवक्ता प्रशांत प्रताप ने हस्तक्षेप करते हुए अदालत से एक अंतिम अवसर देने की गुजारिश की, जिसे स्वीकार कर लिया।

अधिवक्ता प्रशांत प्रताप ने राजधानी के कंकड़बाग, पीरबहोर, आलमगंज, रूपसपुर, गांधी मैदान और बुद्धा कॉलोनी थानों की रिपोर्ट पेश की, जिन्हें अदालत ने असंतोषजनकह्वबताते हुए एसएचओ की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि लाउडस्पीकर अधिनियम, 1955 और शोर प्रदूषण नियम केवल कागजों के लिए नहीं हैं।

अदालत ने एक दिलचस्प लेकिन सख्त रास्ता सुझाया—बारात या जुलूस को रोके बिना डीजे-लाउडस्पीकर की वीडियोग्राफी करें, और जुलूस खत्म होते ही कानून के तहत कार्रवाई करें। साथ ही सभी छह थानाध्यक्षों को 19 जून को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कार्रवाई रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया।

प्रदूषण के खिलाफ जन-जागरूकता के लिए कोर्ट ने पटना में ह्लरन फॉर पॉल्यूशनह्व आयोजित करने का निर्देश भी दिया। सुनवाई के दौरान राजीव नगर और छपरा सदर क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण के खुले उल्लंघन की शिकायतों पर भी कोर्ट ने संबंधित एसएचओ से जवाब तलब किया।

लाउडस्पीकर अधिनियम, 1955 के तहत रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिना अनुमति लाउडस्पीकर प्रतिबंधित है, और उल्लंघन पर पुलिस जब्ती कर सकती है ।

# पंचायत चुनाव पर संकट के बादल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में पंचायत परिसीमन और आरक्षण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पटना हाई कोर्ट में सिविल रिट याचिका संख्या 4771/2026 की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं और मामले को गंभीरता से लिया है।

यह याचिका मिथिलेश कुमार राय (मुखिया महासंघ), अमोद कुमार निराला (पंच सरपंच संघ), जयमाला कुमारी (प्रमुख संघ) और कृष्णा कुमारी यादव (जिला परिषद अध्यक्ष संघ) द्वारा दायर की गई। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान पंचायत परिसीमन त्रुटिपूर्ण, असंवैधानिक और जनसंख्या मानकों के विपरीत है। याचिका में पंचायतों का नए सिरे से परिसीमन, 2022-23 के जाति आधारित सर्वेक्षण के आधार पर आरक्षण लागू करने और सही परिसीमन के बिना चुनाव न कराने की मांग की गई।

याचिकाकताओं ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 और 243(उ) के प्रावधानों का बिहार में उल्लंघन किया गया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने बिहार राज्य निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता 4 सप्ताह में नया आवेदन दें, जिस पर 2 महीने में निर्णय लिया जाए।

मुखिया महासंघ ने साफ कहा है कि अगर समय पर न्यायसंगत परिसीमन और आरक्षण लागू नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने कहा कि पंचायतों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गलत परिसीमन के आधार पर चुनाव कराना लोकतंत्र की हत्या के समान है और इसके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह लड़ाई सिर्फ अदालत तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जन आंदोलन के जरिए भी लड़ी जाएगी।

मुखिया महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि 2 महीने में ठोस निर्णय नहीं हुआ, तो पूरे बिहार में धरना-प्रदर्शन और बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# शादी कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## चार महिलाओं सहित नौ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** शादी कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। गिरोह के सदस्य यूपी और बिहार के विभिन्न इलाकों के हैं, जो एक साथ मिलकर युवकों को शादी कराने का झांसा देकर उनसे नगदी और जेवर दुल्हन को दिलवाने के बाद दुल्हन समेत फरार हो जाते थे।

पूरे मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि बुधवार को कानपुर की रहने वाली रमा देवी ने मुफस्सिल थाने में लिखित शिकायत करते हुए जानकारी दी कि उनके देवर की शादी कराने के नाम पर जेवर और नगदी की ठगी की गई है।

आवेदिका के अनुसार कोरानसराय निवासी कलावती देवी तथा उनके पति रमेश गोंड़ ने उनके देवर की शादी करने के लिए फरीदाबाद से सात अप्रैल को बक्सर बुलाया था। यहां आने के बाद 50 हजार रुपये नगद और दुल्हन के जेवर देने की मांग की गई थी।

इस दौरान नगद 40 हजार और जेवर देने की बात पक्की होने के बाद आठ अप्रैल को बक्सर कोर्ट में उनके देवर और नकली दुल्हन नीतू देवी की शादी हो गई।

शादी की अन्य रस्में पूरी करने के लिए दोनों पक्ष चौसा के महादेवा घाट गए थे, जहां सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब दुल्हन की विदाई कराने की बात आई तभी बाइक पर सवार दो व्यक्ति खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए दुल्हन को बाइक पर बैठाकर यह कहते हुए लेकर चले गए कि तुम सभी लोग थाना पहुंचो। इस दौरान विवाह में शामिल सभी लोग वहां से भाग निकले। वर पक्ष ने तत्काल डायल 112 पर घटना की सूचना दी और थाना जाकर घटना की प्राथमिकी कराई। मामले के उद्भेदन के लिए तत्काल सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत और अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार की पुलिस टीम का गठन करते हुए पुलिस की भूमिका निभा रहे तुर्कपुरवा निवासी हैदर खां को गिरफ्तार कर लिया गया।

उससे की गई पूछताछ के बाद गिरोह के अन्य सदस्यों को छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों के पास से एक ऑटो के अलावा 38,500 रुपये नगद, एक जोड़ी कान की बाली तथा एक जोड़ा पायल के अलावा गिरोह के पांच मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं।

# पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के हित में चिह्नित उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से हो पालन : मंत्री

## बिहार में प्लास्टिक के खिलाफ सख्त अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती बढ़ी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अरण्य भवन में 'एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रबंधन' पर एक बैठक का आयोजन किया गया। विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंत्री ने पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के हित में राज्य में चिन्हित उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से पालन करने के निदेश दिए। उन्होंने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के उपयोग करने की अपील की। उन्होंने आमजनों के बीच इस विषय पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने एवं इस अभियान में जन-सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आज राज्य के शहरों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्लास्टिक के उपयोग में वृद्धि हुई है, इसलिए इन क्षेत्रों में भी जन-जागरूकता के साथ प्लास्टिक अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता है।

**सड़क निर्माण में प्लास्टिक अपशिष्ट के उपयोग और बेहतर प्रबंधन पर जोर**

विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि प्लास्टिक अपशिष्टों का उपयोग सड़क निर्माण में प्रायोगिक तौर पर किया गया है जिसका आकलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाने तथा वैकल्पिक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ डी. के. शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं सभी जीव-जन्तुओं के हित में प्लास्टिक अपशिष्टों का समुचित प्रबंधन बहुत जरूरी है। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के प्रावधानों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य में किसी भी मुटाई और आकार के प्लास्टिक कैरी बैग का विनिर्माण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग प्रतिबंधित है। पर्षद् के सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने पीपीटी के माध्यम से प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक से संबंधित नियमावली एवं राज्य में इस दिशा में उठाए गए उत्कृष्ट पहल से अवगत कराया। बिहार विधान परिषद् के सदस्य सर्वेश कुमार ने एकल उपयोग प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के उत्पादनकर्त्ताओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बिहार विधान सभा के सदस्य नचिकेता ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित नियमों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए सुझाव दिया। छोटी कुमारी ने जन-सामान्य के बीच एकल उपयोग प्लास्टिक के वैक्लपिक उत्पादों जैसे कागज का थैला आदि को कम कीमत पर बाजार में सुलभता से उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। बिहार विधान परिषद् के सदस्य समीर कुमार सिंह ने भी प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक के संबंध में व्यापक जन-भागीदारी की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, यशपाल मीणा, संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण एवं एकल उपयोग प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के विनिर्माणकर्त्ता, पुनःचक्रणकर्त्ता, प्रसंस्करणकर्त्ताओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# अब खाद के लिए नहीं भटकेंगे किसान : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कृषि भवन, मीठापुर में बिहार कृषि मोबाइल ऐप पर रियल टाइम उर्वरक उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसानों को उर्वरक उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा पूर्व से संचालित बिहार कृषि मोबाइल ऐप में यह नई सुविधा जोड़ी गई है। किसान भाई इस ऐप का उपयोग कर अपने आसपास के उर्वरक दुकानों में उपलब्ध यूरिया, डीएपी सहित सभी प्रकार के उर्वरकों की वास्तविक जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि दुकानों में उर्वरक उपलब्ध रहने के बावजूद किसानों को 'स्टॉक नहीं है' कहकर लौटा दिया जाता था। यह स्थिति किसानों के लिए कष्टकारी थी जिसे समाप्त करने के लिए यह पहल की गई है। अब कोई भी दुकानदार किसानों को गुमराह नहीं कर पाएगा और दुकानों में उपलब्ध उर्वरकों का पूरा विवरण सार्वजनिक रहेगा। मंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य वसूली पर प्रभावी रोक लगेगी तथा उर्वरक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। यह पहल तकनीक के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मानना है कि किसान मजबूत होंगे तो राज्य और देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सम्मान, सुविधा और समृद्धि के लिए लगातार नई पहल कर रही है और आगे भी किसानों के हित में ऐसे कदम उठाती रहेगी। हमारा संकल्प है किसान को समय पर उर्वरक, उचित मूल्य पर उर्वरक और बिना किसी परेशानी के उर्वरक उपलब्ध कराना। मंत्री ने बताया कि मेरी जानकारी के अनुसार इस प्रकार की सुविधा भारत के किसी अन्य राज्य में अभी तक उपलब्ध नहीं है और इस दिशा में बिहार पहला राज्य बन गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में राज्य के करीब 09 लाख 35 हजार किसान बिहार कृषि ऐप का उपयोग कर कृषि विभाग की योजनाओं, मौसम संबंधित जानकारी, फसल सुरक्षा, फसलों के बाजार भाव सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां घर बैठे प्राप्त कर रहे हैं। यह पहल किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने की दिशा में बिहार सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बंगाल की महिलाओं ने परिवर्तन के लिए संभाली कमान : धर्मेंद्र प्रधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पश्चिम बंगाल के हल्दिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली ने राज्य की राजनीति में एक स्पष्ट और निर्णायक संदेश दिया है। रैली में उमड़ी अभूतपूर्व भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि बंगाल में अब परिवर्तन की लहर चल पड़ी है जो विकास-उन्मुख और जवाबदेह शासन की ओर एक मजबूत कदम है। नंदीग्राम की ऐतिहासिक धरती से लेकर राज्य के हर कोने तक, जनता अब अवसर, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन की मांग कर रही है। यह जन आंदोलन अब एक नई दिशा ले चुका है जिसके केंद्र में बंगाल की जागृत महिलाएं हैं जो समावेशी विकास और सशक्तिकरण का नेतृत्व कर रही हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट में कहा है कि पीएम मोदी के संदेश के बाद यह स्पष्ट है कि बंगाल अब जागरूक हो चुका है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में विकसित बंगाल का सपना अब दूर नहीं है। जनता का विश्वास परिवर्तन और विकास पर कायम है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और यह सरकार पीएम मोदी जी के हाथों को और मजबूत करेगी।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है बेहतर प्रदर्शनी : रीना यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल की सचेतक रीना यादव ने कहा कि महिला अगर आत्मनिर्भर और स्वाबलंबी होगी तो परिवार ठीक ढंग से चलता है। महिलाओं को बेहतर स्वाबलंबी बनाने में लाइफस्टाइल व प्रदर्शनी का अहम योगदान होता है। विधान पार्षद रीना यादव राजधानी के मौर्या होटल में आयोजित बाबरी फिरकी लाइफस्टाइल एक्जीविशन का उद्घाटन कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जहां पटना की महिलाओं को बेहतर डिजाइन का कपड़ा व ज्वेलरी मिलेगा वहीं इससे महिला रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन में शामिल महिला स्वाति बाजोरिया, सरिता सुरेका, बाबरी बाजोरिया, पललवी टेकरीवाल ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बिहार की महिलाओं के बीच वस्त्र व आभूषण का बेहतर डिजायन पहुंचाना है। आयोजकों ने बताया कि उनके इस प्रदर्शनी की शुरूआत कोलकाता से हुई थी जहां दस डिजायर शामिल हुए थे। अब यह कारवां बढ़ते-बढ़ते गोरखपुर, जमशेदपुर के बाद पटना पहुंचा है जिसका फायदा प्रदेश की महिलाओं को मिलेगा। इस प्रदर्शनी में कपड़े व जेवर के डिजायन के अलावा एथनिक वेयर, वेस्टर्न वेयर के अलावा बच्चों के ड्रेसेज के साथ-साथ अत्याधुनिक डिजायन उपलब्ध है। यह प्रदर्शनी महिलाओं को अपने बलबूते आत्मनिर्भर बनाने का एक माध्यम है। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुषमा साहू, वार्ड पार्षद पिंकी यादव, लाइंस क्लब की नीना गुप्ता, इंदु अग्रवाल अर्चना जैन, शिल्पा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# राज्यसभा सदस्य बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को डा. प्रेम कुमार ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चारों सदनों के सदस्य बनकर एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है। वे पहली बार संसद के उच्च सदन राज्यसभा पहुंचे हैं। इससे पूर्व वे लोकसभा, बिहार विधान परिषद और बिहार विधान सभा के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से बिहार की बागडोर संभालते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में बिहार ने कठिन दौर से निकलकर नई पहचान बनाई है। अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता ने राज्य की दिशा और दशा दोनों को बदला है। अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा में उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ न केवल बिहार बल्कि पूरे देश को मिलेगा।

# 15 अप्रैल से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में टैली प्राइम विथ जी.एस.टी प्रशिक्षण बैच शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा (वैशाली)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में टैली प्राइम विथ जी.एस.टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का नया बैच आगामी 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने जा रहा है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है जिसमें छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्तमान समय में अकाउंटिंग एवं जी.एस.टी का ज्ञान युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल बेस्ड ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी जिससे वे अकाउंटिंग, बिलिंग तथा जी.एस.टी रिटर्न फाइलिंग जैसे कार्यों में दक्ष बन सकें और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वावलंबी एवं रोजगार योग्य बनाना है। संस्थान में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे छात्रों को वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा। संस्थान प्रबंधन ने मैट्रिक एवं इंटर उत्तीर्ण सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे समय रहते नामांकन कराकर 15 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले इस बैच में अपनी सीट सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण शुल्क भी न्यूनतम रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें।

# 11 से 13 अप्रैल तक निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर, दिव्यांगों को मिलेगा नया सहारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य, पटना द्वारा 11 से 13 अप्रैल 2026 को तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड में आयोजित होगा जहां जरूरतमंद एवं दिव्यांगजन को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को चलने-फिरने में सक्षम बनाना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और नई आशा का संचार करना भी है। तीन दिवसीय इस शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम द्वारा लाभार्थियों का परीक्षण, माप एवं फिटिंग की जाएगी तथा उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक अपूर्व एवं प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन कमल बिदासरिया ने आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे इस सेवा कार्य की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इस अवसर का लाभ उठा सकें। एमपी जैन ने कहा कि एक छोटा प्रयास किसी के जीवन में फिर से चलने की ताकत और जीने की नई दिशा दे सकता है।

# वित्त वर्ष 2027 तक नीतिगत दर अपरिवर्तित रह सकती है : साक्षी गुप्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि में आरबीआई ने अपनी नीति में प्रतिक्रियावादी होने के बजाय धैर्य रखने का विवेकपूर्ण विकल्प चुना और अपने रुख और नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखा। नीति का रुख संतुलित था और इसमें किसी भी प्रकार की आक्रामक नीति से परहेज किया गया था। जैसा कि हमने उम्मीद की थी इस समय कोई भी चरम या अप्रत्याशित उपाय घोषित नहीं किए गए। उक्त बातें एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों को स्वीकार करते हुए (ऊर्जा की उच्च लागत के कारण) वित्त वर्ष 2027 के लिए अपने पूर्वानुमान को बढ़ा दिया है जबकि विकास को लेकर सतर्कता बरती है। हालांकि इस दृष्टिकोण को इस तथ्य की पुनरावृत्ति से संतुलित किया गया कि युद्ध से पहले अर्थव्यवस्था मजबूत बुनियादी स्थिति में थी जो वर्तमान पश्चिम एशियाई झटके के प्रति अर्थव्यवस्था की अवशोषक क्षमता को बढ़ाती है। इसके अलावा आरबीआई ने संकेत दिया कि मुद्रास्फीति के शुरुआती बिंदु भी आरामदायक है जिसका अर्थ है कि वित्त वर्ष 2027 में मुद्रास्फीति आरबीआई के लक्ष्य सीमा के भीतर रह सकती है। रुपये के संबंध में की गई टिप्पणियों से आरबीआई द्वारा किसी भी तरह के अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए मजबूत आत्मविश्वास का भी पता चलता है। साथ ही रुपये के किसी विशेष स्तर को लक्षित न करने के अपने रुख को भी बरकरार रखा गया है।

# राज्यसभा सांसद के रुप में शपथ लेने पर स्वास्थ्य मंत्री ने दी नीतीश कुमार को बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में नीतीश कुमार का योगदान अतुलनीय है। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण, सुशासन की छवि, कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता और बिहार के समग्र विकास के लिए उनका सतत प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व में राज्य ने सतत विकास किया, आधारभूत संरचना और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सृजन समेत कई मामले में बिहार आगे बढ़ा। हम सभी की यह आशा है कि उनके अनुभव और दूरदर्शी सोच से देश को और अधिक मजबूती एवं नई दिशा प्राप्त होगी।

# बिहार की मछलियों का बढ़ेगा निर्यात, पटना में खुलेंगे 'फ्रेश कैच' आउटलेट

## दुनिया के बाजार में 1500 से 1600 रुपए प्रति किलो बिक रही हैं बिहार की मछलियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य में उत्पादित मछलियों को बड़े पैमाने पर दुनिया के बाजारों में निर्यात करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक मूल्य मिल सके। दुनिया भर में बिहार की मछलियों की मांग है, यहां उत्पादित कई प्रजाति की मछलियां दुनिया के बाजार में 1500 से 1600 रुपए किलो बिक रही हैं। ये बातें डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने शुक्रवार को कही। वे सूचना एवं जन संपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मछली पालक किसानों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए सरकार प्रयासरत है। इस कड़ी में इस माह के अंत तक पटना सहित कई नगर निगमों में सुधा बिक्री केंद्रों की तर्ज पर फ्रेश कैच फिश आउटलेट खोला जाएगा जिसमें जिंदा एवं ताजी मछलियां बिकेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है इसलिए इस विभाग का महत्व बढ़ जाता है। हमारा विभाग सभी गरीब किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। दूध और दूध से बने उत्पादों का भी विदेशों में निर्यात शुरू किया गया है। इससे राज्य के किसानों का लाभ मिलेगा। वहीं इस मौके पर डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि हर गांव में डेयरी कॉपरेटिव सोसाइटी की स्थापना और सभी पंचायतों में सुधा बिक्री केंद्र खोलने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम के जरिए दूध उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पशुओं के लिए राज्य में प्रोटीनयुक्त पशुचारा बनाने की व्यवस्था की जा रही है। गाय और अन्य पशुओं को संतुलित आहार मिले इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। पशुओं का टीकाकरण भी शत-प्रतिशत हो इसके लिए भी हम काम कर रहे हैं। प्रेस कांफ्रेंस में शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि दूध और मछली के क्षेत्र में बिहार आत्मनिर्भर हो चुका है। हम सुधा के उत्पादों को विदेशों में भी निर्यात कर रहे हैं, इसे अब व्यापक स्तर पर करने के लिए हम काम कर रहे हैं। मत्स्य पालन के क्षेत्र में हमने अच्छी उपलब्धियां हासिल की है। आज हम 9 लाख टन के करीब उत्पादन कर चुके हैं। 10 साल पहले हम नौवें स्थान पर थे, आज चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। मत्स्य के क्षेत्र में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बिहार में फिशरीज कॉरपोरेशन और गोट फेडरेशन की स्थापना करने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है। अच्छी गुणवत्ता का मांस लोगों को मिले इसके लिए भी फेडरेशन के माध्यम से कियोस्क सिस्टम लागू करने जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना: 34,911 किमी नेटवर्क से विकास की रफ्तार तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के सुदूर गांवों और बसावटों तक पक्की सड़कों के निर्माण ने राज्य के जनजीवन की दशकों पुरानी कठिनाइयों से निजात दिलाई है और स्थानीय लोगों खासकर ग्रामीण जनजीवन को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत राज्य में कुल 31,717 ग्रामीण पथों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनकी कुल लक्षित लंबाई 43,586 किलोमीटर निर्धारित थी। वहीं अब तक कुल 21,462 पथों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसके परिणामस्वरूप कुल 34,911 किलोमीटर लंबी बारहमासी पक्की सड़कों का एक मजबूत नेटवर्क राज्य में तैयार हो चुका है, जिसने राज्य के सुदूर गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ दिया है। एक समय था जब मुख्य मार्गों से कई किलोमीटर अंदर बसे ग्रामीण बसावटों तक पहुंचना विशेषकर रात्रि के समय अत्यंत चुनौतीपूर्ण और असुरक्षित माना जाता था। परिवहन साधनों की कमी और कच्चे रास्तों के कारण ग्रामीणों एवं यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। किन्तु अब मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप यह स्थिति बदल चुकी है। इस ग्रामीण संपर्कता विस्तार का सबसे उल्लेखनीय प्रभाव ग्रामीण जनजीवन की सुरक्षा और सुगमता पर पड़ा है। अब राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक रात्रि के समय भी वाहनों की निर्बाध आवाजाही संभव हो गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के साथ-साथ रात्रि में यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों को भी सुरक्षित और सहज आवागमन की सुविधा प्राप्त हो रही है।

# दानापुर मंडल में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य हेतु एनआई के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** दानापुर मंडल के रामपुर डुमरा, बड़हिया आदि स्टेशनों पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य हेतु 11.04.2026 को नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है।

रद्द ट्रेनें -11.04.2026 को किउल से खुलने वाली गाड़ी सं. 63331 किउल-मोकामा मेमू, 11.04.2026 को मोकामा से खुलने वाली गाड़ी सं. 63332 मोकामा-किउल मेमू।

**ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

11.04.2026 को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 13332 पटना-धनबाद एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग बख्तियारपुर-बिहार शरीफ-शेखपुरा-किऊल के रास्ते जाएगा। इस कारण 11.04.2026 को बाढ़, मोकामा, हाथीदह और बड़हिया स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा। 11.04.2026 को देवघर से खुलने वाली 63209 देवघर-पटना मेमू परिवर्तित मार्ग लखीसराय-शेखपुरा-बिहारशरीफ-बख्तियारपुर के रास्ते परिवर्तित किया जाएगा। इस कारण 11.04.2026 को मनकठा, डुमरी हाल्ट, बड़हिया, रामपुर डुमरा, हाथीदह, टाल जंक्शन, मोकामा, मोर, पुनारख, बाढ़ और अथमलगोला स्टेशनों पर नहीं ठहराव नहीं होगा।

# मारवाड़ी युवा मंच पाटलिपुत्र शाखा ने किया 'अमृत धारा' कार्यक्रम के तहत वाटर कूलर स्थापित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** 'युवा शक्ति-राष्ट्र शक्ति' के संकल्प को साकार करते हुए मारवाड़ी युवा मंच, पाटलिपुत्र शाखा द्वारा आज राजेंद्र नगर, रोड नं. 6 स्थित संथालिया निवास में 'अमृत धारा' कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनता हेतु एक वाटर कूलर स्थापित किया गया। यह सेवा कार्य स्वर्गीय शंकर लाल संथालिया एवं स्वर्गीय अंगूरी देवी संथालिया की पुण्य स्मृति में संथालिया परिवार के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा सदस्य आशीष संथालिया सहित संपूर्ण संथालिया परिवार का विशेष योगदान रहा। मौके पर मंच संयोजक विवेक शर्मा ने बताया कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को 'अमृत धारा' जैसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए तथा मारवाड़ी युवा मंच के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाना चाहिए। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांत मंडल उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष विनय प्रकाश शेखानी, सचिव कृष्णा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश राठी सहित विशाल शर्मा, निशांत अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल, संध्या टेकरीवाल, खुशी डोकानिया, रूचि सिंघल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

CMYK

# संपादकीय

# अपराध के पांव ! कम उम्र के बच्चों में हिंसा की प्रवृति बेहद खतरनाक

अगर कुछ किशोर आपराधिक वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं, तो कानून व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार लोग क्या कर रहे हैं?मामूली बातों के लिए किसी की हत्या कानून व्यवस्था से जुड़ा मसला जरूर है, लेकिन इसका समाजशास्त्रीय पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज किया जाता रहा है। आजकल मामूली बातों पर विवाद जिस तरह हिंसक मोड़ ले रहे हैं, वह चिंता का विषय है।लोग अब छोटी-छोटी बातों पर अपना आपा खो देते हैं। ऐसी घटनाओं का अंत कई बार किसी की हत्या तक के रूप में सामने आता है। इस तरह के मामलों में नाबालिगों के भी शामिल पाए जाने से स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।देश की राजधानी होने के बावजूद कानून और सामाजिक विकास के मोर्चे पर नाकामी की वजह से आपराधिक घटनाओं में नाबालिगों की बढ़ती संलिप्तता के पीछे किसकी कमजोरी मानी जाएगी?पिछले दिनों उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में महज चार सौ रुपये के लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या समाज की दशा और दिशा की एक तकलीफदेह तस्वीर सामने रख देती है। इस मामले में तीन नाबालिगों पर आरोप है कि वे घटनास्थल पर युवक को चाकू मारते रहे, जबकि चौथा इस घटना का वीडियो बनाता रहा। साफ है कि आरोपियों के मन में कानून का कोई खौफ नहीं था।इससे पहले भी दिल्ली में हुई कई वारदात में नाबालिग शामिल पाए गए हैं। देश की राजधानी में अपराध की यह तस्वीर कैसे और क्यों बन रही है, यह चिंता सरकार की प्राथमिकता में कहीं नहीं दिखती। इसकी फिक्र भी किसी को नहीं है कि कम उम्र के किशोरों के हाथों में घातक हथियार कैसे पहुंच रहे हैं। हाल के वर्षों में कम उम्र के बच्चों के बीच भी हिंसा की प्रवृत्ति जिस तरह बढ़ी है, यह समाज के लिए बेहद खतरनाक है।नशे की लत का शिकार होने के बाद कई नाबालिग इस समय अपराध के दलदल में धंसते दिख रहे हैं। अगर कुछ किशोर आपराधिक वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं, तो कानून व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार लोग क्या कर रहे हैं? कानून से लेकर समाज तक, अपराध और अपराधियों के प्रति जरूरी सख्ती न बरतने का ही नतीजा है कि नाबालिगों के कदम अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। सरकार और समाज के लिए यह व्यापक चिंता का मसला होना चाहिए।

**देश से सशस्त्र माओवादी आतंक का खात्मा हो गया है। लेकिन अर्बन नक्सलियों का माड्यूल अभी भी सक्रिय है। नक्सलवाद-माओवाद के खूनी पंजों ने चारो ओर कैसे दहशत फैला रखी थी? उसकी गवाह हर वो तारीखे़ हैं जब-जब हमारे वीर जवानों ने माओवादियों से लोहा लिया। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में, बस्तर में सुख-शांति के लिए अपना बलिदान दे दिया। ऐसी ही इतिहास की एक तारीख़ है 6 अप्रैल 2010।**

# अब नहीं पनपेंगे माओवादी: जरा याद इन्हें भी कर लो

(कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल)

साथ ही छत्तीसगढ़ के कांकेर समेत कई अलग-अलग इलाकों में अर्बन नक्सलियों ने जवानों के बलिदान पर जश्न मनाया।? इस घटना को अर्बन नक्सली कही जाने वाली अरुंधति राय की पुस्तक, रिपोर्टिंग के लिए भी देखा जाना चाहिए। क्योंकि इस घटना वाले दिन से अगले– 19 दिन तक अरुंधति राय दंतेवाड़ा में रुकीं।

देश से सशस्त्र माओवादी आतंक का खात्मा हो गया है। लेकिन अर्बन नक्सलियों का माड्यूल अभी भी सक्रिय है। नक्सलवाद-माओवाद के खूनी पंजों ने चारो ओर कैसे दहशत फैला रखी थी? उसकी गवाह हर वो तारीखे़ हैं जब-जब हमारे वीर जवानों ने माओवादियों से लोहा लिया। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में, बस्तर में सुख-शांति के लिए अपना बलिदान दे दिया। ऐसी ही इतिहास की एक तारीख़ है 6 अप्रैल 2010।

ये तारीख़ याद कर लीजिए। ये वो तारीख़ थी जब दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ की 62 वीं बटालियन पर घात लगाकर माओवादी आतंकियों ने हमला किया था। सुकमा (तत्कालीन दंतेवाड़ा) के चिंतागुफा, ताड़मेटला के पास माओवादियों ने क्रूरता की अति कर दी थी। लेकिन जवानों का हौसला कम नहीं था। माओवादियों के साथ हुए संघर्ष में 76 जवानों ने अपना बलिदान दे दिया था। सीआरपीएफ ने वीर बलिदानियों को याद करते हुए लिखा –हमारे 75 श्रेष्ठ जवानों ने 6 घंटे तक चले भीषण संघर्ष में 7 माओवादियों को ढेर किया और 8 को घायल किया, इसके बाद उन्होंने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। 500 से अधिक भारी हथियारों से लैस माओवादियों और सैकड़ों सीआरपीएफ से घिरे होने के बावजूद–जो लगभग हर उस स्थान पर लगाए गए थे। जहाँ हमारे जवान शरण लेकर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। उनका साहस अद्वितीय और अविस्मरणीय था।हमारे कुछ वीरों ने अपने साथियों की रक्षा करने और दुश्मन को निष्क्रिय करने के लिए ग्रेनेड पर लेटकर सर्वोच्च बलिदान दिया। अंतिम क्षणों में भी वीर सैनिकों ने अपने हथियार अपने नीचे छिपा लिए।

इस क्रूर हमले का मास्टरमाइंड माडवी हिड़मा था। इसके बाद जेएनयू में अर्बन नक्सलियों ने जश्न मनाया था। दंतेवाड़ा क्षेत्र में हमले के समय डीआईजी रहे आईपीएस कल्लूरी ने जेनएयू में हमले के बाद हुए जश्न की चर्चा करते हुए कहा था –मुझे काफी दुःख पहुँचा था जब मुझे यह पता चला कि जेनएयू में (कुछ विद्यार्थियों द्वारा) ताड़मेटला में 76 बलिदानी जवानों के बलिदान का जश्न मनाया गया।

साथ ही छत्तीसगढ़ के कांकेर समेत कई अलग-अलग इलाकों में अर्बन नक्सलियों ने जवानों के बलिदान पर जश्न मनाया।? इस घटना को अर्बन नक्सली कही जाने वाली अरुंधति राय की पुस्तक, रिपोर्टिंग के लिए भी देखा जाना चाहिए। क्योंकि इस घटना वाले दिन से अगले– 19 दिन तक अरुंधति राय दंतेवाड़ा में रुकीं। उन्होंने एक रिपोर्ट बनाई थी, जो सेना, प्रशासन और छत्तीसगढ़ सरकार के विरोध में थी। अब आप सोचिए कि जहां एक ओर हमारे 76 जवानों का बलिदान हो गया। वहीं दूसरी ओर अर्बन नक्सली। इसे जीत के तौर पर देख रहे थे। भारत के ख़िलाफ़ छेड़े गए सशस्त्र युद्ध के इस घटनाक्रम पर जश्न मना रहे थे। सेना, पुलिस और सरकार के ख़िलाफ़ प्रोपेगैंडा वाली रिपोर्टिंग की जा रही थी। उन्हें खलनायक बताया जा रहा था। जबकि माओवादी आतंकियों की रहनुमाई की जा रही थी।? क्योंकि अर्बन नक्सलियों के लिए माओवादियों के द्वारा जवानों की हत्या–जीत थी।? इसे वो बड़े माड्यूल के तौर पर फैलाना चाहते थे।



ये ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है कि अर्बन नक्सलियों और सशस्त्र माओवादियों में कोई विशेष अंतर नहीं है। ये दोनों न तो देश के संविधान को मानते हैं। न ही इनमें राष्ट्र के प्रति कोई निष्ठा है। इनका हमेशा से एक ही उद्देश्य रहा है कि- कैसे भारत में रक्तपात किया जाए। जल-जंगल, जमीन के नाम पर हिंसा की जाए। ये दोनों जनजातीय समाज के, वनवासियों के घोर शत्रु हैं।अर्बन नक्सलियों और सशस्त्र माओवादियों के रक्तपात के चलते ही– सुदूर वनांचल क्षेत्र विकास से बहुत पीछे रह गए। हालांकि जैसा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि– यह अर्बन नक्सल खुद हाथ में हथियार नहीं लेना चाहते, लेकिन गरीबों के हाथ में हथियार देकर अपनी विचारधारा फैलाना चाहते हैं। मगर उनके भी दिन लद गए हैं।

ये कथन इस बात की प्रतिपुष्टि करता है कि हथियारबंद माओवादियों के बाद अगला नंबर अर्बन नक्सलियों का है। जो भी भारत की अखंडता, संप्रभुता और संविधान के ख़िलाफ़ आएगा। वो बख़्शा नहीं जाएगा। मातृभूमि भारतभूमि को हम रक्तरंजित नहीं होने दे सकते।

हमारे वीर जवानों ने सुरक्षा के लिए जिस अदम्य साहस का परिचय दिया है। वर्षों तक माओवादियों की मांद में घुसकर उन्हें नेस्तनाबूद किया है।आज उन वीर बलिदानियों के कारण ही छत्तीसगढ़ खूनी आतंक से बाहर आया है। सशस्त्र माओवादी आतंक का सफाया हो चुका है। अर्बन नक्सली हमेशा से हथियारबंद माओवादियों की ढाल बनकर खड़े रहते थे। अभी भी ये सिलसिला रुका नहीं है। नक्सलवाद के समर्थन में साहित्य लिखते, इंटरव्यू करते, एडिटोरियल लिखते, नाट्य मंचन करते, ढफली बजाते, रैली करते और चिंघाड़ते हुए अर्बन नक्सली नज़र आते थे।? ये मानवाधिकार के नाम पर माओवादी हिंसा को जायज़ ठहराते थे। लेकिन माओवादी आतंकी जिन निर्दोषों की हत्या करते थे। उनके मानवाधिकार पर ये चुप्पी ओढ़ लेते थे। वो माओवादी जो बस्तर के जनजातीय समाज का दमन करते थे। स्थानीय लोगों के जवान बच्चों और महिलाओं को अर्बन नक्सलियों के कॉन्सेप्ट पर उठा ले जाते थे। फिर उनके हाथों में हथियार थमा देते थे। रक्तपात कराते थे। बस्तर के वो बच्चे जिन्हें हाथों में किताबें थामनी थी। अर्बन नक्सलियों, माओवादियों ने - उन्हें बंदूक पकड़ने के लिए मजबूर किया। उनका बचपन, घर-परिवार और समाज सबकुछ छीन लिया। बारूदी गंध की ज़िंदगी जीने को विवश किया। भोले-भाले, सरल हृदय जनजातीय समाज को अपने ही समाज का दुश्मन बना दिया। माओवादियों ने उन्हें रक्तपात करने का हथियार बनाने का जघन्य अपराध किया। क्या इनसे किसी भी प्रकार की सहानुभूति की दिखाई जा सकती है ?

आज जिस माडवी हिड़मा को अर्बन नक्सली हीरो बना रहे हैं। अर्बन नक्सली जिस हिड़मा के लिए नारे लगा रहे हैं। मत भूलिए कि वो आतंकी इन 76 जवानों की हत्या का असल मास्टरमाइंड था। माडवी हिड़मा वो खूंखार आतंकी था जिसने न जाने कितने घर-परिवार उजाड़ दिए। न जाने कितने निर्दोषों को गोली से भून दिया।? नृशंसता के साथ सिलसिलेवार ढंग से हत्याओं को अंज़ाम दिया। अब, उस हिड़मा को महान बलिदानी भगवान बिरसा मुंडा से जोड़ने का अपराध, अर्बन नक्सली कर रहे हैं। बिरसा मुंडा जिन्होंने राष्ट्रीय अस्मिता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। ईसाई मिशनरियों, अंग्रेज़ों की नाक में दम कर दिया। स्वतंत्रता, जनजातीय अस्मिता, भारत की संस्कृति और कन्वर्जन के ख़िलाफ़ जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। अगर कोई भी भगवान बिरसा मुंडा से हिड़मा जैसे माओवादी क्रूर हत्यारे को जोड़ता है तो ये सबसे बड़ा अपराध है। यह हमारे आदर्शों, हमारी संस्कृति, जनजातीय समाज का घोर अपमान है। ये किसी भी क़ीमत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

अब भी जो लोग माओवाद के समर्थन में लोगों को बरगलाते दिखाई दें। जो हिड़मा जैसे माओवादी आतंकी को ग्लोरीफाई करते दिखें। जो ये विमर्श करते दिखें कि– अजी ! जल-जंगल जमीन के लिए नक्सलवाद फिर से वापस आ सकता है। ऐसे में ये तय मानिए कि या तो ये अर्बन नक्सली हैं। याकि ये अर्बन नक्सलियों के नैरेटिव के ट्रैप में फंस गए हैं। याकि ये किसी पॉलिटिकल लाइन को एड्रेस कर रहे हैं। देश समेत छत्तीसगढ़ से माओवादी आतंक का सफ़ाया ये बता रहा है कि- अगर दृढ़ इच्छाशक्ति हो। संकल्प हो। समाज के लिए बेहतरी की चिंता हो तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं हो सकता है। हमारे सुरक्षाबल, हमारे गौरव है। उनके असंख्य बलिदानों के प्रति ये राष्ट्र और समाज अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है। हमारा छत्तीसगढ़, हमारे बस्तर की माटी और उसकी संतानें अब सृजन का नया विहान रच रही हैं। अब बस्तर में बारूद की गंध कभी नहीं लौटेगी। हमारा पूरा समाज-एक साथ खड़ा है। बस्तर के युवाओं के कंधों पर अब वहां की शिक्षा-रक्षा, स्वास्थ्य-रोजगार, विकास की कमान है। जो अभावग्रस्त हैं। उन तक अब सारे संसाधन तेजी से पहुंचेंगी। वीर गुंडाधुर, भगवान बिरसा मुंडा, दंतेश्वरी माई की संतानें अब मूल को पहचानकर सृजन के गीत गा रही हैं। प्रकृति की लय ताल के साथ एकाकार होकर शांत और सुरम्य तस्वीरें रच रही हैं। (लेखक (साहित्यकार, स्तंभकार एवं पत्रकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# गाजा और ईरान युद्ध के बाद अरब देशों का भरोसा अमेरिका से उठा

## चीन-रूस पर बढ़ा

(नीरज कुमार दुबे )

खाड़ी देशों ने दशकों तक अमेरिका को अपने यहां सैन्य अड्डे बनाने की अनुमति देकर यह भरोसा किया था कि इससे उनकी सुरक्षा मजबूत होगी और वह किसी भी बाहरी खतरे से सुरक्षित रहेंगे। लेकिन ईरान के साथ हालिया युद्ध ने इस धारणा को गहरे स्तर पर झकझोर दिया है।

मध्य पूर्व आज बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का ज्वलंत उदाहरण बन चुका है। जिस अमेरिका ने दशकों तक इस क्षेत्र को अपनी रणनीतिक मुट्ठी में रखा, वही आज यहां अपनी पकड़ खोता नजर आ रहा है। पहले गाजा में तबाही और अब ईरान युद्ध से उपजे हालात अरब देशों को गहरी चिंता में डाल गये हैं। गाजा में हमले और ईरान युद्ध से लाखों लोग बेघर हुए, हजारों जिंदगियां खत्म हुईं और पूरे क्षेत्र में तबाही का मंजर फैल गया। इस सबसे अरब दुनिया के लोगों के दिल और दिमाग में बड़ा बदलाव आया है। हम आपको बता दें कि अरब दुनिया में अब अमेरिका के लिए भरोसा लगभग खत्म हो चुका है। जनता उसे एक पक्षीय, अवसरवादी और नैतिक रूप से कमजोर शक्ति के रूप में देख रही है। इसके उलट चीन और रूस को अधिक संतुलित और भरोसेमंद विकल्प माना जाने लगा है। लोग अब यह मानने लगे हैं कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानून की बात केवल तब करता है जब उसे फायदा हो। अरब देश यह भी देख रहे हैं कि गाजा अब भी मलबे में दबा है और वहां पुनर्निर्माण की कोई ठोस पहल नजर नहीं आती। इसके अलावा, इस युद्ध की सबसे भारी कीमत खाड़ी देशों को चुकानी पड़ रही है। पर्यटन, जो उनकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, वह बुरी तरह हिल गया है। अनुमान है कि पर्यटन राजस्व में 13 अरब से 32 अरब डॉलर तक की गिरावट आ सकती है। यह गिरावट तब हो रही है जब 2024 में इन देशों ने पर्यटन से 120 अरब डॉलर का राजस्व कमाया था। इतना ही नहीं, एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार अरब देशों को इस युद्ध से करीब 200 अरब डॉलर तक का कुल नुकसान हो सकता है। यानी यह सिर्फ आर्थिक झटका नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संकट का संकेत है।

इसके अलावा, खाड़ी देशों ने दशकों तक अमेरिका को अपने यहां सैन्य अड्डे बनाने की अनुमति देकर यह भरोसा किया था कि इससे उनकी सुरक्षा मजबूत होगी और वह किसी भी बाहरी खतरे से सुरक्षित रहेंगे। लेकिन ईरान के साथ हालिया युद्ध ने इस धारणा को गहरे स्तर पर झकझोर दिया है। हकीकत यह सामने आई कि यही अमेरिकी अड्डे खाड़ी देशों के लिए सबसे बड़ा जोखिम बन गए। ईरान ने सीधे तौर पर उन ठिकानों और संपत्तियों को निशाना बनाया जहां अमेरिकी मौजूदगी थी और इसके चलते हमले खाड़ी देशों की जमीन पर हुए। नतीजा यह हुआ कि नुकसान केवल अमेरिका का नहीं, बल्कि खाड़ी देशों का भी हुआ और उनकी सुरक्षित निवेश गंतव्य तथा स्थिर क्षेत्र की छवि को गहरा आघात पहुंचा। इसलिए सबसे गंभीर सवाल यह उठता है कि जब संकट की घड़ी आई तो अमेरिका अपने ही सैन्य अड्डों के आसपास स्थित देशों को पूर्ण सुरक्षा नहीं दे सका। ऐसे में अब यह बहस तेज हो रही है कि क्या खाड़ी देश भविष्य में अमेरिका को अपने यहां सैन्य मौजूदगी जारी रखने देंगे या वह इस मॉडल पर पुनर्विचार करेंगे। यह घटनाक्रम पूरी दुनिया को यह संदेश भी देता है कि किसी बाहरी शक्ति को अपने भूभाग पर सैन्य अड्डे देने की कीमत कितनी भारी पड़ सकती है। इसलिए मध्य पूर्व में आने वाले समय में रणनीतिक स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अरब देश समझ रहे हैं कि अमेरिका की अगुवाई वाली व्यवस्था अब दरक रही है। अरब देश अब खुलकर या चुपचाप अपने विकल्प तलाश रहे हैं। चीन और रूस के साथ रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। रक्षा सहयोग बढ़ रहा है, व्यापारिक साझेदारियां गहरी हो रही हैं और नए बहुपक्षीय मंचों की ओर झुकाव साफ दिख रहा है। साथ ही खाड़ी देशों ने युद्ध से पहले अमेरिका को चेताया था, लेकिन उनकी अनदेखी की गई। अब जब वह खुद नुकसान झेल रहे हैं, तो वह अपने निवेश और गठबंधनों पर दोबारा सोचने को मजबूर हैं। देखा जाये तो अमेरिका की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी इजराइल के प्रति अंध समर्थन बन चुकी है। अरब जनता इसे अन्याय और दोहरे मापदंड के रूप में देखती है। लोगों का मानना है कि अमेरिका ने न तो मानवाधिकारों की रक्षा की और न ही अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन किया। यही कारण है कि अब चीन को ज्यादा जिम्मेदार और संतुलित शक्ति माना जा रहा है। यह अमेरिका के प्रभाव के खत्म होने का संकेत है।

# आधुनिक दौर की परवरिश, क्यों बच्चों में घट रहे हैं संस्कार और जिम्मेदारी

**विडंबना यह है कि दूसरों को दोष देने के बजाय बच्चों के संरक्षक के रूप में वे अपनी भूमिका कितनी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं, आमतौर पर इस पर आत्मचिंतन और आत्म-समीक्षा नहीं करते हैं।अब वैसे संयुक्त परिवारों के समाप्त हो जाने का दौर चल रहा है, जिनमें दादा-दादी बच्चों में संस्कार के बीज रोपा करते थे, चाचा-चाची बच्चों को प्यार-दुलार करके उनके भावनात्मक विकास में सहभागी बनते थे। बच्चे अपने परिजनों की देखरेख में एक स्वस्थ माहौल में पलते-बढ़ते थे। अब एकल परिवार का जमाना है, जहां कई बार पति और पत्नी, दोनों ही कामकाजी होते हैं। वे सुबह जल्दी घर से निकल जाते हैं और शाम को देर से थक कर घर आते हैं।**

(रेखा शाह अरबी)

बच्चों को दुनिया में कैसे जीना है और किसके साथ कैसा व्यवहार करना है और अपने अंदर कैसे आत्मविश्वास पैदा करना है, यह सब भी बच्चे माता-पिता से ही सीखते हैं। एकल या छोटा परिवार होने का सबसे ज्यादा नुकसान बच्चे ही उठाते हैं। सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चों में संस्कार, शिष्टाचार, विनम्रता, बड़ों के प्रति आदर भाव, देश और परिवार के प्रति जिम्मेदारी और नैतिक मूल्य भरे हों। मगर जब वे अपने बच्चों के भीतर इन मूल्यों का अभाव देखते हैं, तो कई बार चिंता में घिर जाते हैं, सोच में पड़ जाते हैं कि आखिर चूक कहां पर हो रही है। इस क्रम में जब कुछ समझ में नहीं आता है, तो आसान से शब्दों में इसका हल तलाशते हैं कि जमाना ही खराब है, इसीलिए बच्चे बिगड़ रहे हैं। विडंबना यह है कि दूसरों को दोष देने के बजाय बच्चों के संरक्षक के रूप में वे अपनी भूमिका कितनी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं, आमतौर पर इस पर आत्मचिंतन और आत्म-समीक्षा नहीं करते हैं।अब वैसे संयुक्त परिवारों के समाप्त हो जाने का दौर चल रहा है, जिनमें दादा-दादी बच्चों में संस्कार के बीज रोपा करते थे, चाचा-चाची बच्चों को प्यार-दुलार करके उनके भावनात्मक विकास में सहभागी बनते थे। बच्चे अपने परिजनों की देखरेख में एक स्वस्थ माहौल में पलते-बढ़ते थे। अब एकल परिवार का जमाना है, जहां कई बार पति और पत्नी, दोनों ही कामकाजी होते हैं। वे सुबह जल्दी घर से निकल जाते हैं और शाम को देर से थक कर घर आते हैं।

इस बीच बच्चा किसी अन्य की देखरेख में होता है। इसी वजह से बच्चों का बचपन आज अकेलेपन से घिरता जा रहा है। छोटा-सा परिवार अगर कभी इकट्ठा भी होता है, तो रात में सोने से पहले भोजन के समय ही। वहां भी सीमित समय में एक-दूसरे से सीमित बातचीत होती है। परिवार में एक-दूसरे से संवाद की भारी कमी रहती है। उधर बच्चों के मन में जो उधेड़बुन चल रही होती है, उससे उसे अकेले ही निपटना पड़ता है। यह स्थिति बच्चों को जिद्दी, बदतमीज और उद्दंड बनाती है। वह अपनी हताशा इन्हीं तरीकों से निकालता है। जब बच्चे की बात कोई नहीं सुनता है, तो वह अपनी बात सुनाने के लिए कई बार गलत तरीका अपना लेता है।



एक समस्या यह है कि अब परिजन और यहां तक कि माता-पिता भी संवाद करने के बजाय टीवी, स्मार्टफोन, टैब, कंप्यूटर में अपने आप को व्यस्त रखते हैं। बच्चों की देखभाल अधिकतर आया करती है या वह देखभाल केंद्र में संभाला जाता है। बच्चों का अधिकांश समय उनके अपने परिजनों के बिना व्यतीत होता है, जिससे उन पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

कोई भी बच्चा सब कुछ सीख कर धरती पर जन्म नहीं लेता है। वह अपने आसपास के लोगों से, अपने माता-पिता से ही सीखता है। अफसोस की बात है कि अब बच्चों को माता-पिता का साथ ही कम मिल रहा है। बाहर से वह जो कुछ भी सीखता है, वह उसके पास जैसे का तैसे के रूप में आता है। यानी उन बातों में गलत बातें भी रहती हैं, सही बातें भी रहती हैं। बच्चा इस बात में अंतर नहीं कर पाता है कि क्या गलत है और क्या सही है। इसीलिए अगर बच्चों में मूल्यों और संवेदनशीलता की कमी है, तो उसके लिए सबसे ज्यादा परिजन ही होते हैं।

जहां तक स्कूलों का सवाल है, वे बच्चों को अक्षर ज्ञान तो दे सकते हैं, लेकिन उन्हें व्यावहारिक और सामाजिक ज्ञान, शिष्टाचार, लोकाचार आदि नहीं सिखा सकते हैं। यह सब बच्चा आमतौर पर परिवार में ही सीखता है। कई बार ऐसा होता है कि जो बच्चे बहुत छोटी उम्र से खेल-स्कूल, देखभाल केंद्र और आया की देखभाल में रहते हैं, वह बहुत छोटी-छोटी बातें भी नहीं सीख पाते हैं। वे व्यावहारिक ज्ञान से बिल्कुल ही अनभिज्ञ रहते हैं और अपनी हर जरूरत के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं।

बच्चों को दुनिया में कैसे जीना है और किसके साथ कैसा व्यवहार करना है और अपने अंदर कैसे आत्मविश्वास पैदा करना है, यह सब भी बच्चे माता-पिता से ही सीखते हैं। एकल या छोटा परिवार होने का सबसे ज्यादा नुकसान बच्चे ही उठाते हैं। न उन्हें अच्छी परवरिश मिल पाती है और न ही भरपूर प्यार-दुलार ही मिल पाता है। वे अपनी परंपरा अपने तीज-त्योहार से भी अपरिचित ही रह जाते हैं।

बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए बहुत जरूरी है कि माता-पिता उनके साथ पर्याप्त समय बिताएं। अपनी आर्थिक महत्त्वाकांक्षा का भुगतान उनसे न करवाएं। उनको उनके हिस्से का प्यार-दुलार, प्रेम और सुरक्षा प्रदान करें और साथ ही नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना भी माता-पिता की ही महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ईमानदारी, अनुशासन, सहनशीलता, दूसरों का सम्मान, जिम्मेदारी जैसे अच्छे गुण बच्चों को बचपन से ही सीखने में सहयोग करना चाहिए। जब बच्चे अपने माता-पिता और अपने परिजनों को सच्चाई, मेहनत और विनम्रता, सादगी के साथ जीवन जीता हुआ देखते हैं, तो वे भी वही आदतें अपना कर खुद ही ये सब चीजें सीखते रहते हैं। एक अच्छे संरक्षक और माता-पिता को बच्चे अपनी मानसिक परेशानियां बिना झिझक के बता देते हैं। यह उनके भावनात्मक विकास में सहयोगी बनता है। माता-पिता का दायित्व केवल बच्चों की भौतिक जरूरतें पूरी करना नहीं है, बल्कि उन्हें एक अनुशासित, शिक्षित, संस्कारी और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना भी माता-पिता की ही जिम्मेदारी है। जब माता-पिता अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी, समझदारी और संवेदनशीलता से निभाते हैं, तो बच्चे एक जिम्मेदार, शिष्टाचार से लैस और सभ्य नागरिक बनते हैं। हमें इतना जरूर ध्यान रखना चाहिए कि अपनी सुविधा का खयाल रखते-रखते कहीं बच्चों के साथ अन्याय न कर दें। बचपन की मौलिक जरूरतें हर बच्चे की पूरी होनी चाहिए.

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्युपीयु जाने के रास्ते को कराया अतिक्रमणमुक्त

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत कचरा प्रसंस्करण इकाई तक जाने वाले रास्ते का अतिक्रमित रहने से स्वच्छता कर्मियों को वाहन लेकर डब्ल्यूपीयू तक जाने में काफी प्रशासनियों का सामना करना पड़ता था। प्रभारी अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश के निर्देश पर अंचल अमीन द्वारा डब्ल्यूपीयु के लिए आवंटित भूमि का सीमांकन किया।उसके बाद बीडीओ के निर्देश पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति में कचरा प्रसंस्करण इकाई तक जाने के लिए अतिक्रमित भूमि को जेसीबी लगाकर खाली करा दिया गया।बीडीओ ने बताया कि डब्ल्युपीयू के लिए आवंटित भूमि की अंचल अमीन द्वारा मापी कराकर सीमांकन कराया गया।तत्काल इकाई तक जाने के लिए अतिक्रमित हटाकर रास्ते को समतल बना दिया गया है।वहीं अन्य अतिक्रमण कारियों ने जमीन में लगे मक्का फसल काटकर अतिक्रमणमुक्त कर देने का आश्वासन दिया है।मौके पर मुखिया निरंजन प्रसाद मंडल,स्वच्छता प्रखंड समन्वयक नीरज गुप्ता,अंचल नाजिर कौशल कुमार,अमीन अहमद अली सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### स्थानांतरण के उपरांत ब्लॉक समन्वयक को दी गयी विदाई

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड कार्यालय में ब्लॉक समन्वयक के पद पर कार्यरत प्रकाश कुमार को सुपौल जिले में उनके स्थान्तरण हो जाने पर उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार, बीपीआरओ सोनू गुप्ता, अंचल अधिकारी मोहम्मद इस्माइल समेत प्रखंड के कई कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रखंड समन्वयक प्रकाश कुमार को भावपूर्ण विदाई दी।कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक समन्वयक प्रकाश कुमार द्वारा केक काटकर किया गया। जिसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने उन्हें अंगवस्त्र पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मनिहारी में स्वच्छता अभियान को नई दिशा दी और हर पंचायत में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई।अधिकारियों ने उनके कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने सभी कर्मियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उत्कृष्ट कार्य किया। उनके सहज व्यवहार और समर्पण ने प्रखंड में सकारात्मक माहौल बनाया। बताया गया कि अब वे सुपौल जिला में अपनी सेवा देंगे। समारोह के अंत में स्वच्छता से जुड़े सभी कर्मियों ने उनके सुखी, दीघार्यु एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी. उनके योगदान को यादगार बताया। अपने विदाई समारोह से भाव विह्वल श्री कुमार ने कहा कि मनिहारी मे लोगों से मिली सहयोग और सम्मान को भूलाना उनके लिए कठिन होगा।



### लापता इंदल कुमार रविदास की बरामदगी को लेकर जांच में जुटी पुलिस

**प्राणपुर/कटिहार (नबिटासं)।** प्राणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत केहुनियाँ गांव निवासी लापता इंदल कुमार रविदास (22) पिता- स्व.जनार्दन रविदास की खोज में पुलिस जोर-शोर से जुटी हुई है। इंदल कुमार रविदास बुधवार की रात्रि से हीं लापता है। मामले को लेकर लापता इंदल के बड़े भाई बादल रविदास ने प्राणपुर थाना में लिखित आवेदन देकर लापता अपने भाई की बरामदगी की गुहार लगाई है। मामले को गंभीरता को देखते हुए पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए लापता युवक की सुरक्षित बरामदगी के लिए खोजबीन शुरू कर दी।खोजबीन के दौरान बसनी बहियार से लापता नवयुवक का बाइक एवं गमछा बरामद किया गया है। वहीं एफएसएल की टीम को भी बुलाकर जांच कराई जा रही है। सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह भी पहुंच कर लापता इंदल के परिजनों एवं उनके दोस्तों से पूछताछ किया। पूछताछ के क्रम में बड़ा भाई बादल रविदास ने पुलिस को बताया कि उसके भाई इंदल का प्रेम प्रसंग केहुनियां केवट टोला निवासी जीतू केवट की धर्मपत्नी संजना देवी के साथ चल रहा था।बादल के बयान पर पुलिस प्रेमिका संजना देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं इंदल की पत्नी सोनी देवी, माँ मासोमात मीरा देवी,भाई सहित अन्य परिजन सदमे में हैं।इस बाबत थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि लापता इंदल कुमार रविदास के बड़े भाई के आवेदन पर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।उन्होंने बताया कि पूछताछ में जो बात सामने आई है।उससे मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है।जो भी हो मामले का जल्द हीं खुलासा कर दिया जाएगा।



### गीला कचरा से जैविक खाद निर्माण ज्यादा से ज्यादा हो, कर्मियों को दिए निर्देश

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद एवं प्रखंड समन्वयक के द्वारा बिघोरहाट, बसलगांव एवं बेलवाडांगी के अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का औचक निरीक्षण किया गया। इस संबंध में निरीक्षण के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने कहा कि पंचायत में कचरा उठाव की समीक्षा की गई। सत प्रतिशत घरों से कचरा उठाव सुनिश्चित हो इसका निर्देश दिया गया। ईकाई में प्राप्त गीला कचरा से जैविक खाद निर्माण ज्यादा से ज्यादा हो इसके संबंध में निर्देश दिया गया। प्राप्त सुखा कचरा से रिसाइकेबल कचरा का बिक्री ज्यादा से ज्यादा हो जिससे ग्राम पंचायत को आय प्राप्त हो ताकि सरकार का कचरा से कंचन के लक्ष्य की उद्देश्य प्राप्ति हो सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि किसानों को जैविका खाद का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए ताकि खेतों में फसल की मात्रा ज्यादा से ज्यादा हो सके। सरकार का लक्ष्य की यूरिया, पोटाश, डीऐपी आदि खाद का उपयोग नहीं करें सबसे अधिक जैविक खाद का उपयोग करें ताकि खेत के मट्टी मैं पैदावार की ज्यादा शक्तिमिल सके।



### पोषण पखवाड़ा की तैयारी तेज सेविकाओं को दिए गए निर्देश

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** पोषण पखवाड़ा 2026 के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड मुख्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 से 23 अप्रैल तक चलने वाले अभियान की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। सीडीपीओ बबीता कुमारी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के बेहतर पोषण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रमों का अनुपालन सुनिश्चित करने और गतिविधियों की नियमित रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों के प्रारंभिक विकास को मजबूत करना है। वहीं सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी विभागों के समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई ,बैठक में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रहीं।



# एनएच 31 पर ट्रॉली ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में 8 घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** नेशनल हाईवे 31 पर गिट्टी प्लांट के पास शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ट्राली ट्रक की टक्कर हो गयी। हादसे में स्कार्पियो सवार आठ महिला पुरुष घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा हैं।

घायलों में प्राणपुर निवासी मोसली मुर्मू (39), तराई मुर्मू (55), खुशबू टूडू (20), राजौत मुर्मू (58), हनुजी मरांडी (35), विनोद मरांडी (22) एवं मनिहारी निवासी चार्ल्स हंसदा (26) के साथ एक अन्य शामिल हैं। इनमें से कुछ को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सभी लोग प्राणपुर से झारखंड के पंचखटिया किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान कुरसेला के गिट्टी प्लांट के पास एक धर्मकांटा से ट्राली ट्रक को चालक पीछे कर रहा था। तभी तेज रफ्तार स्कार्पियो के चालक ने वाहन से अपना संतुलन खो दिया और ट्रॉली ट्रक से स्कॉर्पियो की टक्कर हो गयी। जिससे स्कॉर्पियो सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुट गयी है।



# 146 बोतल कोडीन युक्त कफ सीरप के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार) ।** कुरसेला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एनएच 31 स्थित गिट्टी प्लांट के पास से बाइक सवार एक व्यक्ति को 146 बोतल कोडीन युक्त कफ सीरप के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान समेली निवासी बहादुर शर्मा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक से कुरसेला की ओर से कोडीन युक्त कफ सीरप लेकर समेली की ओर जा रहा है।

सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने एनएच 31 स्थित गिट्टी प्लांट के पास घेराबंदी कर बाइक सवार को रोका और तलाशी लेने पर उसके पास से 146 बोतल कोडीन युक्त कफ सीरप बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली गयी है तथा उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



### बुनियाद केंद्र बारसोई में 305 लोगों के आंखों की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार) ।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बुनियाद केंद्र बारसोई में चल रहा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के तहत अब तक 305 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। शिविर में पहुंचे मरीजों की आंखों की बारीकी से जांच कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिन लोगों को दृष्टि संबंधी परेशानी पाई गई है, उन्हें अंतिम दिन विशेष कैंप आयोजित कर निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी दैनिक जिंदगी आसान हो सके।इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुंतज़िर एवं स्पीच-हियरिंग विशेषज्ञ डॉक्टर मोनिका कुमारी ने अपनी सेवाएं दीं।

# गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों पर किया जाय विशेष फोकस : डीएम

■ जिले में पोषण पखवाड़ा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में मातृ एवं शिशु पोषण स्तर को सुदृढ़ करने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा 2026 का समाहरणालय के एनआईसी सभागार आयो जन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, उप विकास आयुक्त अमीत कुमार एवं आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कुमारी पूर्णिमा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित वेब कास्टिंग में जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं आईसीडीएस, स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका एवं पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीएम ने इस मौके पर कहा कि बच्चे के जीवन के पहले छह वर्ष उसके मस्तिष्क विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते है।

इस पखवाड़े के दौरान सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर यह सुनिश्चित करें कि पोषण संबंधी संदेश घर-घर तक पहुंचे। गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों पर विशेष फोकस किया जाय. उन्होंने विशेष रूप से आधुनिक जीवनशैली के दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए "स्क्रीन टाइम में कमी" को लेकर अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विशेष परामर्श सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पोषण पखवाड़े की गतिविधियों को जन आंदोलन का रूप देने के लिए आपसी सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें. ताकि जिले में कुपोषण को पूर्णतः समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया जा सके. जिला प्रशासन ने आम जनता एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि वे 23 अप्रैल के बीच अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से भाग लेकर अपने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की नींव रखने में सहयोग प्रदान करें। मौके पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कुमारी पूर्णिमा ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि पोषण पंचायत के तहत ग्राम स्तर पर महिलाओं एवं अभिभावकों के साथ पोषण संबंधी मुद्दों पर सामूहिक चर्चा होगी।



# पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया ने फलका थाना का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया ने घटना के बाद फलका थाना का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान डीआईजी विवेकानंद ने फलका थाना में हुई घटना से संबंधित विभिन्न पहलुओं एवं विधि व्यवस्था की स्थिति का गहन जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए घटना से जुड़े मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टु कोढा रंजन कुमार सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रखंड स्तरीय बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** प्रखंड के सभागार में आयोजित प्रखंड स्तरीय बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक में बच्चों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अनुकंपा कुमारी ने किया। जबकि संचालन का नेतृत्व बीडीओ सत्येन्द्र सिंह ने किया। बैठक में बाल मजदूरी और बाल विवाह पर रोक को लेकर सख्त कदम उठाने, स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ने, कुपोषण खत्म करने तथा बाल तस्करी और शोषण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर रणनीति बनाई गई।

अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ तेज गति से कार्य करें। अधिकारियों ने बताया कि समिति का काम सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता और उनके बेहतर भविष्य को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रमुख अनुकंपा कुमारी ने कहा कि बच्चों की देखभाल और उनका सुरक्षित बचपन सुनिश्चित करना समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। उन्होंने पंचायत स्तर पर निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया। ताकि बाल विवाह और बाल मजदूरी जैसी कुप्रथाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। बीडीओ सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र बच्चे तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने विभागों को मिलकर काम करने की हिदायत दी। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा और सुरक्षा से वंचित न रह जाए। बैठक में बीपीआरओ मो. हाशिम, एमएलसी प्रतिनिधि संतोष कुमार पप्पू, मुखिया मनीष ठाकुर, सरपंच मनोज पटेल, पंचायत समिति सदस्य विलास हरि, धनेश्वर मंडल, नीतू कुमारी, बीसी पूजा कुमारी, लेखापाल विनोद कुमार सिंह, सुनील कुमार शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे ।



# रेडक्रॉस ने अग्निपिडितों के बीच राहत सामग्री का किया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** प्रखंड के भावनगर स्थित मेहदीपुर वार्ड 2 में हुए भीषण अग्निकांड के पीड़ितों को त्वरित राहत पहुंचाने के उद्येश्य से रेडक्रास सोसाइटी की ओर से सचिव संतोष गुप्ता के नेतृत्व मे राहत सामग्री बाँटी गई। राहत वितरण करते हुए संतोष गुप्ता ने कहा कि रेडक्रोस का उद्येश्य ही आपदा की घड़ी में साथ खड़े रहना एवं बचाव करना है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों मे विगत दिनों हुई आगलगी से प्रभावित लोगों के बीच संस्था द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया जा चुका है। मौके पर उपस्थित पूर्व चेयरमैन अनिल चमरिया ने खाना बनाते समय विशेष सावधानी बरतने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि राहत सामग्री मे बड़ा तिरपाल एवं बाल्टी के साथ 36 बर्तनों का सेट का वितरण किया गया है। सह सचिव विवान सरकार के साथ प्रबंफ समिति सदस्य पुरुषोत्तम मोदी, आलोक सिंहा एवं नरेश साह ने कहा कि लोगों की मदद करना परमार्थ का कार्य होता है और रेडक्रॉस हमेशा से परमार्थ का कार्य करती आयी है। उन्होंने कहा कि आग लगने के सबसे बड़े कारणों में रसोई घर में लापरवाही, बिजली के उपकरणों में शॉर्ट सर्किट, खुली आग वाली चीजें जैसे मोमबत्ती, अगरबत्ती या सिगरेट और ज्वलनशील पदार्थों का सही ढंग से उपयोग न होना है। संतोष गुप्ता ने कहा कि कुल 14 परिवारों का आशियाना पुरी तरह जल गया साथ ही कई मवेशी के साथ घट मे रखे नगद रुपया एवं जेवर भी जल गये। उन्होंने लोगों को ज्वलंशील समान को घरों से दूर खुले जगह मे रखने की सलाह दी तथा खाना बनाने वाली जगहों पर पानी से भरी बाल्टी रखने की सलाह दी।



# ऊर्स की तैयारी को ले समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** आगामी 14 अप्रैल को मनिहारी पीर पहाड पर सालाना ऊर्स मेले का आयोजन किया जाना है। . इस मौके पर मजार पर चादरपोशी की जाती है।ऊर्स मेले के सफल आयोजन को लेकर इंतजामिया कमिटी एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा जायरिनों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने कहा कि ऊर्स में आने वाले सभी जायरिनों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले के दौरान गाड़ी पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात बाधित न हो।

साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, नियमित कचरा उठाव एवं पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए।एसडीएम ने रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि सभी मुख्य मार्गों, मजार परिसर एवं पार्किंग स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस प्रशासन को सतर्क रहने को कहा गया है। बैठक में कमिटी के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे, जिस पर प्रशासन ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक में एसडीपीओ विनोद कुमार, नगर कार्यपालक पदाधिकारी मनिहारी अरविंद पासवान, थानाध्यक्ष पंकज आनंद, इंतजामिया कमिटि के अध्यक्ष सह खादिम मंजर शफी, मुस्ताक हुसैन, जमील अंसारी, शेरू-शोहराब, आलमगीर सहित अन्य अनेक मौजूद रहे।



# काफी मशक्कत करने के बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड में एकमात्र एचपी गैस एजेंसी जो प्रखंड क्षेत्र के चितौड़िया पंचायत के चित्तौड़िया में हैं जहां गैस सिलेंडर उठाव को लेकर प्रत्येक दिन काफी भीड़ हो रही हैं। मालूम हो कि गैस की आपूर्ति ईरान - इराक से होती हैं। वहां पर युद्ध चल रहा हैं,और हमारे भारत देश के बिहार राज्य के कटिहार जिले के मनसाही प्रखंड के चितौड़िया में गैस लेने के लिए प्रत्येक दिन भारी भीड़ देखी जा रही हैं। मालूम हो कि पहले गैस सिलेंडर प्रत्येक 15 दिन में उपभोक्ताओं को मिल जाता था लेकिन जब से ईरान - इराक में युद्ध चल रहा हैं तब से ही भारत सरकार उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उठाव को 15 दिन से बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया हैं।गैस उपभोक्ता जब एजेंसी पहुंचते हैं तो उनका उठाव 15 दिन पहले 20 दिन पहले दिखाया जाता हैं क्योंकि उपभोक्ता पहले अपने मोबाइल से एचपी गैस के न. पर मिस्ड कॉल करते थे और बाद में जाकर उठाव करते थे अगर एक-दो दिन के अंदर में गैस का उठाव नहीं करते थे तो एजेंसी संचालक के द्वारा मोबाइल में मैसेज उठाव की भेज दी जाती थी। इससे उपभोक्ता की परेशानी अब बढ़ गई हैं क्योंकि अब 15 की जगह 45 दिन में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा हैं। वहीं पहले उपभोक्ताओं को 15 से 20 दिन में गैस समाप्त होता था आराम से मिस्ड कॉल मारकर एजेंसी में ओटीपी देकर गैस का उठाव कर लेते थे लेकिन अभी यह हालत हैं कि उपभोक्ता दिनभर लाइन में खड़े होकर गैस एजेंसी के काउंटर पर पहुंचते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि आपका गैस उठाव 15 दिन पहले 20 दिन पहले हो गया हैं अब आप 25 से 30 दिन के बाद गैस बुकिंग एवं ओटीपी लेकर आइएगा तब आपको गैस दिया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को दिनभर का दिहाड़ी भी छूटता हैं। और 15 से 20 दिन के बाद पुनः ओटीपी लेकर जाने के बाद भी दिन भर लाइन में खड़े रहने के बाद ही गैस सिलेंडर मिलता हैं। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं एजेंसी संचालक ने बताया कि जो भी उपभोक्ता गैस लेने आते हैं ओटीपी एवं एजेंसी का पासबुक लेकर आवे उन्हें ही गैस सिलेंडर दिया जाएगा।






# बुरे हाल में था ओला इलेक्ट्रिक का शेयर, 21 रुपये पहुंच गया था दाम, अब 85 प्रतिशत से ज्यादा की तूफानी तेजी

**मुंबई, एजेंसी।** बुरे हाल में रहने के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर इन दिनों मार्केट में धमाल मचाए हुए हैं। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर शुक्रवार को इंट्राडे के दौरान 8 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 39.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में गुरुवार को भी 20 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली थी। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली इस कंपनी के शेयर 5 दिन में 31 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। वहीं, 30 मार्च से लेकर अब तक कंपनी के शेयरों में 73 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। अगर 52 हफ्ते के निचले स्तर से बात करें तो ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 85 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं।

**कंपनी के शेयर के थे बुरे हाल, 85 प्रतिशत से ज्यादा गए थे टूट:** ओला इलेक्ट्रिक के शेयर अपने ऑल टाइम हाई लेवल से 85 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए थे। कंपनी के शेयर 20 अगस्त 2024 को 157.53 रुपये पर थे। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर लुढ़कते हुए 2 मार्च 2026 को 21.21 रुपये पर जा पहुंचे थे। हालांकि, 21.21 रुपये तक पहुंचने के बाद कंपनी के शेयरों ने जोरदार वापसी की है। इस लेवल से ओला इलेक्ट्रिक के




शेयर 85 पर्सेंट से ज्यादा उछलकर 39.50 रुपये पर जा पहुंचे हैं। ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट कैप भी शुक्रवार 10 अप्रैल को 17,200 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है। पिछले एक महीने में ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में 65 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है।

**कंपनी ने किया है बड़ा अनाउंसमेंट:** ओला इलेक्ट्रिक ने पिछले दिनों अपने इन-हाउस डिवेलप्ड लिथियम आयरन फॉस्फेट सेल की घोषणा की है। ओला इलेक्ट्रिक के फाउंडर भाविश अग्रवाल ने पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा की है कि उनका इन-हाउस डिवेलप्ड लिथियम आयरन फॉस्फेट सेल तैयार है। अग्रवाल ने बताया, 'यह हमारा 46100 फॉर्मेट सेल है, जो कि हमारे मौजूदा ह्स्ष्ट सेल से बड़ा है। यह अगली तिमाही से हमारे प्रॉडक्ट्स में आने लगेगा।'

**मार्च के आखिरी हफ्ते में हर दिन 1000 यूनिट्स से ज्यादा ऑर्डर:** मार्च में ओला इलेक्ट्रिक का बिजनेस परफॉर्मेंस काफी मजबूत रहा है। मार्च के आखिरी हफ्ते में हर दिन के ऑर्डर 1,000 यूनिट्स से ज्यादा रहे हैं। मार्च में कंपनी के रजिस्ट्रेशंस मंथली बेसिस पर 150 पर्सेंट बढ़कर 10,117 यूनिट्स रहे हैं, जो कि फरवरी में 3973 यूनिट्स थे। ओला इलेक्ट्रिक ने बताया है कि उसकी बाजार हिस्सेदारी में वी-शेप्ड मंथली रिकवरी देखने को मिली है।

## 1 पर 1 शेयर बोनस, 5 टुकड़ों में भी बंटने जा रहा स्टॉक, रिकॉर्ड डेट तय

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर आज शुक्रवार को स्टॉक मार्केट में फोकस में रहेंगे। कंपनी के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। इस कंपनी ने बोनस शेयर देने का भी फैसला किया। कंपनी की तरफ से दी जानकारी में कहा गया है कि 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस के तौर पर बांटा जाएगा। बता दें, कंपनी ने बोनस शेयर और स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा गया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 5 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी



के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। कंपनी ने स्टॉक स्प्लिट के लिए 24 अप्रैल 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार शेयर 24 अप्रैल 2026 को ही एक्स-बोनस ट्रेड करेंगे। कंपनी ने बताया है कि 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 1 शेयर बोनस के तौर पर मिलेगा। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है। शेयर बीएसई में 2.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 121.90 रुपये के स्तर पर था।

## अडानी के शेयर पर दिग्गज ब्रोकरेज फिदा, मुनाफे के लिए खरीदने की दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयर में भले ही सुस्ती हो लेकिन इसको लेकर एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। अडानी पोर्ट्स के शेयर को ब्रोकरेज छ्व्रूफाइनेंशियल ने खरीदें रेटिंग दी है और इसका टारगेट प्राइस भी तय किया है। आइए डिटेल जान लेते हैं। ब्रोकरेज छ्व्रूफाइनेंशियल ने अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर 'बाय' की रेटिंग बरकरार रखी है और टारगेट प्राइस 1,725 रुपये दिया है। वर्तमान में यह शेयर 1448 रुपये के स्तर पर है। इसी फरवरी महीने में शेयर 1,584 रुपये तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। शेयर के 52 हफ्ते के लो की बात करें तो 1,111.60 रुपये है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में 500 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा कार्गो संभाला है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से जुड़ी रुकावटों के बावजूद, कंपनी अपने पहले के अनुमान के लगभग करीब पहुंच गई है।

# सहारा रिफंड का पैसा 45 दिन बाद भी नहीं आया तो फिर से क्लेम करें

**पहले भी मिल चुका है 50000 तक का पेमेंट**

**मुंबई, एजेंसी।** सहारा इंडिया में फंसे पैसे को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। अगर आपका रिफंड क्लेम कलेम करने के बावजूद 45 दिन के अंदर नहीं आए तो वे एक बार फिर से क्लेम करें। सहरा रिफंड पोर्टल पर दी गई जानकारी के मुताबिक जिन लोगों के क्लेम में पहले कमी बताई गई थी, वे अब उस कमी को सुधारकर फिर से आवेदन कर सकते हैं। जैसे पहले जो डॉक्यूमेंट्स अधूरे थे, उन्हे पूरा अपलोड करें। अगर गलत जानकारी थी तो फिर से सही भरें।

**रि-सबमिशन कैसे करें:** जिन निवेशकों के क्लेम में कमी या पेमेंट फेल होने की समस्या आई थी, उनके लिए सरकार ने फिर से मौका दिया है। अब ऐसे निवेशक अपनी गलती सुधारकर दोबारा आवेदन कर सकते हैं, जिसके बाद 45 वर्किंग डे के भीतर भुगतान किया जाएगा। आपका क्लेम प्रोसेस नहीं होता है। तो आप फिर से आवेदन कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें। पहले बताई गई सभी कमियों को ठीक करना जरूरी है। अगर आपका पैसा नहीं मिला या क्लेम रिजेक्ट हुआ था और 45 दिन हो चुके हैं तो गलती सुधारें, दोबारा फॉर्म भरें और फिर से सबमिट करें। इसके लिए सबसे पहले रि-सबमिशन पोर्टल पर लॉगिन करें। क्लेम रिक्वेस्ट नंबर डालने के बाद कैप्चा कोड डालकर वैलिडेट करें। इसके बाद दोबारा फॉर्म भरें और फिर से सबमिट करें।

**अब 10 लाख रुपये तक के कर सकेंगे क्लेम:** जिन लोगों को पहले मैसेज या पोर्टल के जरिए कमी की जानकारी दी गई थी, वे अब उस कमी को ठीक करके दोबारा क्लेम जमा कर सकते हैं। नई व्यवस्था के तहत अब निवेशक 10 लाख रुपये तक के कुल क्लेम के लिए री-सबमिशन कर सकते हैं। इससे पहले छोटे अमाउंट वाले क्लेम ही स्वीकार किए जा रहे थे, लेकिन दायरा बढ़ा दिया गया है, जिससे ज्यादा लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार के मुताबिक, जो क्लेम दोबारा जमा किए जाएंगे, उन्हें 45 वर्किंग डे के भीतर




प्रोसेस किया जाएगा। सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए पहले ही उन निवेशकों को भुगतान किया जा चुका है, जिनका क्लेम सही पाया गया था। ऐसे मामलों में प्रति आवेदन 50 हजार रुपये तक की राशि सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। हालांकि जिन लोगों के क्लेम में दस्तावेजों की कमी या अन्य त्रुटियां थीं, उन्हें पोर्टल पर इसकी जानकारी दे दी गई थी। अब वही निवेशक अपनी गलतियां सुधारकर दोबारा आवेदन कर सकते हैं। सरकार ने चरणबद्ध तरीके से यह प्रक्रिया शुरू की है ताकि पोर्टल पर ज्यादा लोड न पड़े।

अब तक अलग-अलग राशि के अनुसार तारीखें तय की गई थीं और 10 लाख रुपये तक के क्लेम भी शामिल कर लिए गए हैं। बता दें सहारा निवेशकों को पैसा लौटाने की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई थी।

## सोना-चांदी के गिरे भाव, 152561 पर आया गोल्ड, सिल्वर 242067 पर पहुंची

**मुंबई, एजेंसी।** घरेलू मार्केट में सोने-चांदी के भाव में आज गिरावट है। शुक्रवार, 10 अप्रैल को



एमसीएक्स पर चांदी 0.7 प्रतिशत गिरकर 2,42,067 प्रति किलो पर आ गई। जबकि, गोल्ड 0.56 प्रतिशत गिरकर 1,52,561 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। दूसरी ओर इंटरनेशनल मार्केट में सोने-चांदी का मिलाजुला रुख देखने को मिला। स्पॉट सिल्वर जहां 0.1 प्रतिशत बढ़कर 75.11 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वहीं, स्पॉट गोल्ड 0.2 प्रतिशत गिरकर 4,755.84 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स भी 0.8 प्रतिशत गिरकर 4,779.20 डॉलर पर आ गया। हाल के दिनों में सोने की कीमतों में गिरावट के पीछे कई कारण हैं। जैसे डॉलर की मजबूती, भू-राजनीतिक तनाव में नरमी, निवेशकों द्वारा अन्य बाजारों में नुकसान की भरपाई और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होना। दरअसल, सोना एक नॉन-यील्डिंग एसेट है, इसलिए जब ब्याज दरें ऊंची रहती हैं तो इसकी मांग कम हो जाती है। ईरान युद्ध से जुड़े मुद्दे अब भी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। शनिवार को इस्लामाबाद में अहम बातचीत होने जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे। इसमें ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत होगी। इस बीच, होर्मुज में शुल्क को लेकर अमेरिका ने ईरान को चेतावनी भी दी है। वहीं, लेबनान में इजरायली हमलों से संघर्ष विराम पर भी खतरा मंडरा रहा है। महंगाई और फेड की नीति पर असर : छह सप्ताह से जारी युद्ध ने महंगाई के रिस्क को बढ़ा दिया है। इससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती को टाल सकते हैं या बढ़ा भी सकते हैं। अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में उपभोक्ता खर्च में बहुत मामूली बढ़ोतरी हुई है।

**क्या देश में है पेट्रोल और डीजल की कमी**

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में होगा इजाफा 2 कंपनियों ने बढ़ाए दाम, रिलायंस ने भी खड़े किए हाथ

**मुंबई, एजेंसी।** ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध की वजह से दुनिया भर के देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। लेकिन भारत में सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों ने अब कोई इजाफा नहीं किया है। पिछले दिनों पहले नायरा और शेल इंडिया ने पेट्रोल और डीजल का रेट बढ़ा दिया था। वहीं, अब रिलायंस-बीपी के पेट्रोल पंप पर लगाए गए नए नियमों ने एक बार फिर से कीमतों में तेजी की संभावना को बल दिया है। रिलायंस के जियो-बीपी पेट्रोल पंप पर अब 1 बार में सिर्फ 1000 रुपये का ही तेल मिलेगा। जिसके बाद से इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि क्या देश में पेट्रोल और डीजल की किल्लत है। या फिर आने वाले समय में कीमतों में कोई बढ़ोतरी होने जा रही है। मार्च के महीने में नायरा ने पेट्रोल की कीमतों में 5 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया था। वहीं, कंपनी ने डीजल का रेट 3 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया गया था। इसके बाद कंपनी ने अबतक कीमतों में ना कोई कटौती की है। ना ही बढ़ोतरी देखने को मिली है। नायरा के बाद शेल इंडिया ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया था। शेल इंडिया की तरफ से डीजल की कीमतों में 25 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। वहीं, कंपनी ने पेट्रोल का रेट 7.4



रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया था। पब्लिक सेक्टर की कंपनी इंडियन ऑयल और हिंदुस्तान पेट्रोलियन ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.09 रुपये से 2.35 रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया था। हालांकि, तब सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई थी। इंटरनेशनल मार्केट में युद्ध की वजह से कच्चे तेल का रेट 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पिछले एक महीने से बना हुआ है। वजह ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को बड़ा घाटा हो रहा है। इसी घाटे को कम करने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले एक्साइज ड्यूटी में बड़ी कटौती की थी। सरकार की तरफ से 10 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी को घटाया गया है। सरकार की तरफ से जारी बयानों में लगातार कहा जा रहा है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। सरकार ने युद्ध की वजह से एक बार फिर से रूस से अधिक मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया है। इसके साथ अन्य विकल्पों को भी देखा जा रहा है। बता दें, देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडारण है।

# 70 से अधिक बार डिविडेंड दे चुकी है क्रिसिल लिमिटेड, फिर किया रिकॉर्ड डेट का ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** 70 से अधिक बार निवेशकों को डिविडेंड देने वाली कंपनी ने फिर से डिविडेंड देने का इरादा बना लिया है। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। बता दें, इसी महीने की 2 तारीख को क्रिसिल लिमिटेड के शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 23 अप्रैल 2026 की तारीख को डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। क्रिसिल लिमिटेड ने कहा है कि 17 अप्रैल 2026 को बोर्ड की मीटिंग है। अगर इस मीटिंग में डिविडेंड देने का फैसला किया गया गया तब की स्थिति में 23 अप्रैल की तारीख को रिकॉर्ड डेट माना जाएगा। अब निवेशकों की निगाह कंपनी बोर्ड मीटिंग पर टिकी है। देखना होगा कि इस बार



कितने रुपये का डिविडेंड मिलता है।

क्रिसिल लिमिटेड के शेयर 2 अप्रैल 2026 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने एक शेयर पर 28 रुपये का डिविडेंड निवेशकों को दिया था। इससे पहले 2025 में कंपनी 4 बार शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। 2025 में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को एक शेयर 59 रुपये का डिविडेंड दिया था। बता दें, पहली बार अपने निवेशकों को 2001 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी हर एक शेयर पर 5.50 रुपये का डिविडेंड बांटा था। 2011 में क्रिसिल लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा किया गया था। तब कंपनी ने एक शेयर को 10 हिस्सों में बांट दिया था। जिसके बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो गया था।

शेयरों में आज सुबह 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को बीएसई में 3980.05 रुपये के लेवल पर खुलने के बाद बीएसई में 4005.60 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। हालांकि, निवेशकों के लिए पिछला एक साल अच्छा नहीं रहा है।

## 41,534 करोड़ की सब्सिडी का असर! आसमान में उड़ने लगे खाद कंपनियों के स्टॉक्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खरीफ सीजन से पहले सरकार के बड़े फैसले ने शेयर बाजार में खाद कंपनियों को नई ऊर्जा दे दी है। सरकार द्वारा 41,534 करोड़ की फर्टिलाइजर सब्सिडी की घोषणा के बाद इस सेक्टर के शेयरों में 8 प्रतिशत से ज्यादा की जबरदस्त तेजी देखने को मिली। इस फैसले से कंपनियों की लागत कम होगी और मार्जिन बेहतर होंगे। साथ ही वेस्ट एशिया में तनाव कम होने से सप्लाई चेन में सुधार की उम्मीद है, जो सेक्टर के लिए और पॉजिटिव संकेत देता है। खारिफ सीजन से पहले यह सब्सिडी खाद उद्योग और निवेशकों दोनों के लिए बड़ा ट्रिगर साबित हो सकती है। यही वजह है कि इस सेक्टर को लेकर निवेशकों का भरोसा बढ़ता नजर आ रहा है। खाद कंपनी के शेयर 8 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, कोरोमंडल इंटरनेशनल और गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल जैसे अन्य शेयरों में भी 1.5 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक की मजबूती देखी गई। यह तेजी सिर्फ एक दिन की नहीं, बल्कि पूरे सेक्टर में पॉजिटिव माहौल का संकेत दे रही है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। दरअसल, सरकार द्वारा दी गई यह सब्सिडी कंपनियों के लिए किसी राहत पैकेज से कम नहीं है। इससे कच्चे माल की बढ़ती लागत का दबाव कम होगा।

# भारत में गैस संकट: कांच उद्योग पर युद्ध का कहर, फिरोजाबाद से लेकर देशभर में असर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु की कंपनी को-फाउंडर शिशिर साथ्यान पिछले एक महीने से अपने प्रीमियम ड्रिंक्स के लिए कांच की बोतलें जुटाने में परेशान हैं। उनका कहना है कि बाजार में अब कांच के फ्लास्क मिल ही नहीं रहे हैं, जबकि गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक की मांग सबसे ज्यादा होती है। बढ़ती लागत को संभालने के लिए कंपनी अब मार्केटिंग और डिस्काउंट बजट में कटौती करने पर मजबूर हो गई है। देश में कांच की कमी की सबसे बड़ी वजह गैस संकट है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण एनर्जी सप्लाई प्रभावित हुई है। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए सप्लाई फैक्ट्रियों से हटाकर घरों की ओर मोड़ दी है। इसका सीधा असर कांच बनाने वाले उद्योगों पर पड़ा है, जो गैस पर निर्भर होते हैं।

पिछले 400 साल से कांच उद्योग का केंद्र रहा उत्तर प्रदेश का फिरोजाबाद इस संकट का सबसे बड़ा शिकार बना है। यहां के कारखाने नेचुरल गैस से चलते हैं। कांच बनाने की भट्टियां 1500एष्ट तापमान पर लगातार चलती रहती हैं। अगर ये ठंडी पड़ जाएं तो दोबारा चालू करने में हफ्तों का



समय और अरबों रुपये का खर्च लगता है।

गैस सप्लाई कम होने के कारण कई कंपनियों को उत्पादन 50 प्रतिशत तक घटाना पड़ा है। कांच की कीमतें 20 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। कई कंपनियों ने नए ऑर्डर लेना बंद कर दिया है और विस्तार योजनाएं रोक दी गई हैं। ग्लोबल कंपनियों को सप्लाई करने वाले उद्योग भी इस संकट से जूझ रहे हैं। कांच की कमी का असर सिर्फ बोतलों तक सीमित नहीं है। दूध की बोतलें, जैम के जार, दवाइयों की शीशियां, कॉस्मेटिक पैकेजिंग, सबकी सप्लाई प्रभावित हुई है। कुछ कंपनियों को पैकेजिंग लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ानी पड़ी है। एस आर ग्लास के प्रबंध निदेशक प्रांजल मित्तल को उम्मीद है कि कांच उत्पादन में यह रुकावट महीनों तक चलेगा। उनका कहना है, 'अगर युद्ध एक सप्ताह बढ़ता है, तो हमारा कारोबार एक महीने के लिए गड़बड़ा जाता है। इसका मतलब है कि अभी अगले चार महीने बिगड़ चुके हैं।'

### भारत की क्या है कमजोरी

भारत अपनी गैस जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। लगभग 50 प्रतिशत नेचुरल गैस आयात होती है। करीब 40 प्रतिशत सिर्फ कतर से आता है। लगभग 90 प्रतिशत आयात मिडिल-ईस्ट से होता है। यही वजह है कि वैश्विक संकट का सीधा असर घरेलू उद्योगों पर पड़ रहा है। गैस की कमी का असर सिर्फ उद्योगों तक सीमित नहीं है। रेस्टोरेंट, ढाबे और छोटे फूड बिजनेस भी की कमी से जूझ रहे हैं। इसका असर शादी सीजन और रोजमर्रा की जिंदगी पर भी दिख रहा है। हालांकि सीजफायर की घोषणा हुई है, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि हालात जल्द सामान्य नहीं होंगे। ग्लास इंडस्ट्रीज से जुड़े कारोबारी मानते हैं कि अगर युद्ध एक हफ्ता भी बढ़ता है, तो इसका असर कई महीनों तक चलता है।

# 85 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया था शेयर, अब दो महीने से भी कम में 70 प्रतिशत उछला शेयर का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 85 पर्सेंट से ज्यादा लुढ़कने के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों ने जबरदस्त वापसी की है। ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में पिछले कुछ दिन से तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली इस कंपनी के शेयर गुरुवार को 20 पर्सेंट के उछाल के साथ 36.34 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयर टूटकर 2 मार्च 2026 को 21.21 रुपये पर जा पहुंचे थे और 52 हफ्ते का नया निचला स्तर बनाया था। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर अब इस लेवल से 70 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 71.24 रुपये है।

ओला इलेक्ट्रिक के शेयर पिछले कुछ महीनों से दबाव में रहे हैं। कंपनी के शेयर अपने अब तक के उच्चतम स्तर (ऑल टाइम हाई लेवल) से 85 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए थे। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 20 अगस्त 2024 को 157.40 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर लुढ़कते हुए 2 मार्च 2026 को 21.21 रुपये पर जा पहुंचे थे। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 9 अगस्त 2024 को बाजार में लिस्ट हुए थे। ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट कैप गुरुवार 9 अप्रैल को 16000 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है।

ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में पिछले 5 दिन में 42 पर्सेंट की तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर 2 अप्रैल 2026 को 25.59 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 9 अप्रैल 2026 को 36.34 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर इस साल 30 मार्च से देखें तो ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में 59 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 22.80 रुपये से 36 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। पिछले एक महीने में ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में



56 पर्सेंट की तेजी आई है। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ दांव लगाने के लिए 2 अगस्त 2024 को खुला था और यह 6 अगस्त तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 76 रुपये था। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ टोटल 4.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 4.05 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, एंप्लॉयीज कैटेगरी में 12.38 गुना दांव लगा था। आईपीओ में गैर संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी में 2.51 गुना दांव लगा।

# नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने का खुलासा, शिक्षा विभाग में सनसनी

- शिक्षा के मंदिर को प्रधानाध्यापक ने किया कलंकित
- परिजनों ने किया हंगामा, प्रधानाध्यापक हिरासत में
- जिप अध्यक्षा ने की आरोपित को फांसी देने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित एक आवासीय विद्यालय में शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने का आरोप खुद स्कूल के शिक्षक पर लगा है। यहां एक 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने के खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है। आरोपी स्कूल का प्रधानाध्यापक है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मामले की जानकारी मिलते ही छात्रा के परिजनों ने विद्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ते देख थाना प्रभारी प्रभात कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित छात्रा और आरोपी प्रधानाध्यापक को थाने ले आए। घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार और एसडीओ जहुर आलम सहित कई वरीय अधिकारी जांच के लिए हंटरगंज पहुंचे।

परिजनों के अनुसार, मामला तब सामने आया जब छात्रा बुधवार को स्कूल से छुट्टी लेकर घर पहुंची थी। छात्रा के शारीरिक बदलाव को देखकर परिजनों को शक हुआ। जब उन्होंने कड़ाई से पूछताछ की, तो मासूम ने आपबीती सुनाई और गर्भवती होने की बात बताई। इस खुलासे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, बीडीओ निखिल गौरव, और महिला थाना प्रभारी सुषमा कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे।

जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने इस घटना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, लेकिन ऐसी घिनौनी हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने मांग की है कि ऐसे ₹हवशी दरिंदे₹ को फांसी की सजा दी जाए। ग्रामीणों ने भी आरोप लगाया कि आवासीय विद्यालय में पिछड़ी जाति की बच्चियां पढ़ती हैं, लेकिन वहां न तो कोई महिला शिक्षिका है, न महिला रसोइया और न ही महिला गार्ड। ग्रामीणों ने स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाने और चारदीवारी को सुरक्षित करने की मांग की है।

जांच करने पहुंचे अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने बताया कि बच्ची ने प्रधानाध्यापक पर ही अनैतिक संबंध बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, ₹बच्ची के बयान के आधार पर आरोपी प्रधानाचार्य को हिरासत में लिया गया है। कानूनी प्रक्रिया के तहत कल बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और न्यायालय में बयान दर्ज होंगे। जांच के बाद दोषी पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।₹ फिलहाल, आरोपी शिक्षक पुलिस की गिरफ्त में है। वहीं, पीड़ित परिवार और ग्रामीण थाने के बाहर जुटे हुए हैं और आरोपी को तत्काल नौकरी से बर्खास्त करने व कड़ी सजा देने की मांग पर अड़े हैं। प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

## शराब तस्कर धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** चाकंद थाना क्षेत्र अंतर्गत नौगढ़ गुमटी के पास से पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी करवाई करते हुए दिनेश कुमार पिता कृष्ण यादव को लगभग 55 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत से निकल कर कहीं शराब की डिलेवरी करने जा रहा था। इसी दौरान चाकंद थानाध्यक्ष ने मोर्चा संभाल कर दिनेश कुमार को शराब सहित बाइक को जप्त कर थाना परिसर में लाया और गहन जांच पड़ताल के बाद बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की गयी। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि अवैध शराब के धंधे में संलिप्त अन्य लोगों की भी पहचान करने में जुटी हुई है और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट बताया कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और अवैध शराब कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा

## छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति किया गया जागरूक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा )।** प्रखंड में एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षकों के साथ एक बैठक की गई। साथ ही साथ संबंधित उम्र की बच्चियों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक एवं उन्हें मोटिवेट करने के उद्देश्य से मेडिकल टीम के साथ उन्हें इसके लाभ के बारे में बताया गया।उन्हें यह भी बताया गया कि ये जीवन सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण है। विदित हो कि एचपीवी का वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं सुरक्षा हेतु 14 से 15 वर्ष की बच्चियों को दिया जाना है। इसका शुभारंभ मरकचो प्रखंड में 30 मार्च को हुआ थालगातार 30 जून तक चलेगा। इस दौरान जिला प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी बच्ची छूट न जाए।उन्हें यह भी बताया गया कि प्रतिदिन यह वैक्सीन मरकच्चो स्थित सामुदायिक अस्पताल केंद्र में दिया जा रहा है। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के साथ संबंधित विद्यालय के शिक्षक गण, मेडिकल टीम एवं सुरक्षा अभियान के बीपीओ उपस्थित थे।

## जनता दरबार में आमजनों की सुनी गईं समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार आयोजित जनता दरबार में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनकी सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में बाघमारा, टुंडी, धनबाद, बोकारो सहित अन्य क्षेत्र से आए लोगों की शिकायते सुनीं गई। इसमें जमीन विवाद, जमीन पर अवैध कब्जा करने, अबुआ आवास योजना, बंदोबस्ती जमीन, बाउंड्री कराने, जल समस्या, राशन कार्ड, धमकी देने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में जिला भू- अर्जन पदाधिकारी ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आमजनों की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत उनकी हर समस्या को दूर करने का प्रयास करेगा।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया नवनिर्मित आधुनिक विश्रामगृह का उद्घाटन

### लोगों को होगी सहूलियत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद मंडल में अधीनस्थ रेल कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आधुनिक विश्रामगृह का विधिवत उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र की उपस्थिति में किया गया। यह विश्रामगृह राँगाटाड़ स्थित रेल अधिकारी विश्रामगृह के समीप अवस्थित है, जिससे इसकी पहुंच सुगम एवं उपयोगिता अत्यंत प्रभावी होगी।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने उपस्थित रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विश्रामगृह कर्मचारियों के कल्याण एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा से धनबाद मंडल के साथ-साथ अन्य मंडलों से आने वाले रेल कर्मचारियों को भी आरामदायक एवं सुरक्षित ठहरने की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। यह विश्रामगृह कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण विश्राम प्रदान करने के साथ-साथ उनके कार्य निष्पादन में दक्षता एवं मनोबल वृद्धि में भी सहायक सिद्ध होगा। नव-निर्मित इस विश्रामगृह में स्वच्छता, सुरक्षा एवं आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि कर्मचारियों को एक सुखद एवं घर जैसा वातावरण मिल सके। इस नवनिर्मित विश्रामगृह में चार कमरों में आठ बेडों की तथा दो किचनों के साथ-साथ डाइनिंग स्पेस की भी व्यवस्था की गयी है। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण पर लोगों ने व्यक्त की मिश्रित प्रतिक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा ।** राज्यसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण के साथ ही बिहार की राजनीति में भावनाओं का एक अलग ही रंग देखने को मिला। जहां एक ओर उनके समर्थक इस पल को गौरव और उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ नेताओं की आंखों में भावुकता साफ झलक रही है। किसी ने इसे युग का अंत बताया तो किसी ने उनके लंबे राजनीतिक सफर और अनुभव के लिए दिल से बधाई दी। यह अवसर सिर्फ एक औपचारिक शपथ ग्रहण नहीं रहा, बिहार की राजनीति में उनके योगदान और प्रभाव को लेकर भावनात्मक अभिव्यक्ति का भी क्षण बन गया।

बता दें कि सीएम नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शुक्रवार को शपथ ले ली। वहीं दरभंगा में दूसरी तरफ उनके पार्टी के जिलाध्यक्ष सह दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर भावनात्मक प्रतिक्रिया जारी किया हैं। समारोह में उपस्थित विधायक ईश्वर मंडल ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दशकों तक बिहार की जिम्मेवारी एक कुशल अभिभावक के रूप में निभाने वाले सीएम नीतीश युग का अंत हो गया। श्री मंडल ने कहा कि सबों को विश्वास है कि उनका यह लंबा अनुभव बिहार और देश की प्रगति में और अधिक सार्थक होगा। सामाजिक कार्यकर्ता से लेकर देश विदेश में बिहार मॉडल की पहचान दिलाने वाले नीतीश कुमार ने अपने पूर्ण कार्यकाल में विकास की एक नजीर पेश किया हैं।नीतीश कुमार ने पूरे बिहार का कायाकल्प कर दिया है। प्रदेश के कोने -कोने में विकास की सुखद तस्वीरें दिखती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क,बिजली और उद्योगों के क्षेत्र में उम्मीद से ज्यादा काम हुए है, महिलाएं उद्यमी बन रही हैं।

महिला सशक्तिकरण,बाल विवाह, दहेज प्रथा, शराबबंदी कानून जैसे कार्यों के लिए नीतीश कुमार ने कभी समझौता नहीं किया। यह साधारण बात नहीं है किसी नेता के लिए लेकिन वह नेता नहीं समाजसेवी बनकर काम किए जिस कारण आज पूरा बिहार रो रहा है। 41 वर्षों के संसदीय जीवन और अनेक चुनौतियों के बीच उन्होंने जिस धैर्य और निष्ठा से काम किया, उसी ने विकास और सुशासन को बिहार की पहचान बनाया। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के कुशल नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड को और भी सशक्त बनाने में हर कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। इस दौरान जदयू नेता प्रदीप महतो एवं मुरारी मिश्र भी उपस्थित थे।

दरभंगा । सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा में शपथ ग्रहण किए जाने पर सांसद डा. गोपालजी ठाकुर ने बधाई दी है। कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर कृषि तथा रेल मंत्री के रूप में अपने उच्च मापदंडों का परिचय दिया है।

अब उनके अनुभवों का लाभ एनडीए गठबंधन को मिलेगा।

# गया एयरपोर्ट से 20 अप्रैल से नहीं उड़ सकती हैं अंतरराष्ट्रीय उड़ानें



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से संचालित होने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 20 अप्रैल से ब्रेक लगने जा रहा है। समर सीजन की शुरूआत के साथ ही म्यांमार और थाईलैंड के लिए उड़ान भरने वाली प्रमुख एयरलाइंस अपनी सेवाएं बंद करने जा रही हैं, जिससे विदेशी यात्रियों और पर्यटन उद्योग पर सीधा असर पड़ने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार, म्यांमार एयरवेज इंटरनेशनल की फ्लाइट, जो अलग-अलग दिनों में रैंडम रूप से रंगून (यांगून) के लिए उड़ान भरती थी, 20 अप्रैल से बंद हो जाएगी। इसके साथ ही म्यांमार नेशनल एयरवेज की सेवा भी स्थगित हो जाएगी(

जो सप्ताह में चार दिन गया से रंगून के लिए संचालित होती थी।

वहीं थाई एयरवेज की बैंकॉक के लिए रोजाना दोपहर 1:30 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट भी इसी तारीख से बंद हो जाएगी। इन सेवाओं के बंद होने से गया से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

स्थानीय पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि बौद्ध सर्किट से जुड़े विदेशी पर्यटक गया और बोधगया आते हैं। ऐसे में उड़ानों के बंद होने से पर्यटकों की आवाजाही प्रभावित होगी और पर्यटन उद्योग को नुकसान झेलना पड़ सकता है।

अब समर सीजन के दौरान गया एयरपोर्ट से कोई भी अंतरराष्ट्रीय उड़ान उपलब्ध नहीं होगी।

यात्रियों को विदेश यात्रा के लिए अन्य शहरों के एयरपोर्ट का सहारा लेना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि इन उड़ानों का संचालन फिर से विंटर सीजन में शुरू किया जाएगा।

इस फैसले ने एक बार फिर गया एयरपोर्ट की सीमित अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी की समस्या को उजागर कर दिया है, जिस पर स्थानीय लोग और पर्यटन कारोबारी लंबे समय से स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

## हत्या कर शव कुएं में फेंकने की प्राथमिकी

**चंदवारा (कोडरमा)।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के छोटकी धमराय स्थित एक कुएं से मंगलवार को शव बरामदगी मामले को लेकर मृतका के पति ने शुक्रवार को डैम ओपी में हत्या कर शव फेंके जाने की शिकायत को लेकर आवेदन दिया। आवेदन में कहा है कि मेरी पत्नी रविवार को दिन के लगभग 11 बजे घर से महुआ चुनने निकली थी। शाम तक नहीं लौटने पर घर वाले खोजबीन करने लगे पर कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद मेरी मां द्वारा उसकी गुमशुदगी को लेकर डैम ओपी में आवेदन दिया गया। वही मंगलवार को सुबह 8 बजे उसका शव गांव के कुछ दूरी पर स्थित सरकारी कुआं से बरामद किया गया। मुझे संदेह है कि किसी अज्ञात द्वारा मेरी पत्नी की हत्या कर शव को कुएं में फेक दिया गया। क्योंकि जिस कुएं से शव की बरामदगी हुई है वहां से कुछ दूर पर सीसीटीवी कैमरा लगा है जिसमें देखा गया कि 6 अप्रैल के रात लगभग 12:01 को एक लाइट कुआं के पश्चिम दिशा से तेजी से कुआं की तरफ आ रहा है और कुछ देर रुककर चला जाता है।

## महानंदा एक्सप्रेस से शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** इटावा जंक्शन पर सुबह एक बड़े शराब तस्करी गिरोह का पदार्फाश हुआ। डाउन सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने एक इंजीनियर को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। यह शराब दिल्ली से बिहार ले जाई जा रही थी।

एच-वन कोच की सीट नंबर 26 के पास रखे चार पिट्ठू बैग और एक ट्राली बैग में शराब छिपाई गई थी। तलाशी के दौरान रेड लेबल, ब्लैक डॉग और ब्लेंडर्स प्राइड जैसे महंगे ब्रांड की कुल 48 बोतलें बरामद की गईं। बरामद शराब की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके से बिहार के बेगूसराय जिले के मटियानी निवासी गौरव कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने खुद को इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर बताया। उसकी गिरफ्तारी ने यह साफ कर दिया कि तस्करी में अब पढ़े-लिखे लोग भी शामिल हो रहे हैं।

## मनोज सिंह बने भाजपा ग्रामीण के जिला कोषाध्यक्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**निरसा।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की सहमति से धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहन चंद्र कुंभकार ने मनोज सिंह को धनबाद ग्रामीण जिला का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर निरसा इकाई के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यकर्ताओं ने मनोज सिंह को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और संगठनात्मक भावना के साथ करेंगे।

कार्यकताओं का मानना है कि श्री सिंह के नेतृत्व और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। निरसा के युवा भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर, फूल-माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# एम्बुलेंस में बने तहखाने से शराब की बड़ी खेप बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** स्थानीय सदर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मलमला चंवर से एक एम्बुलेंस में तहखाने के अंदर छिपाकर रखी बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि, इस दौरान शराब तस्कर फरार हो गया। बरामद अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांडों के करीब 555.165 लीटर बताई गई है।

इस मामले में मुजफ्फरपुर जिला गोविंदपुर जैतपुर स्टेट निवासी विजय राय के पुत्र मुन्ना कुमार, एंबुलेंस मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।

सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मुन्ना कुमार वर्तमान में ग्राम बलवा कुआरी में दिलीप सिंह, पिता स्वर्गीय राम पलटन सिंह के घर पर किराएदार के रूप में रहता है। वह एक एंबुलेंस गाड़ी रखे हुए हैं।

वह एंबुलेंस की आड़ में बड़े पैमाने पर शराब का धंधा कर रहा है। दूसरे राज्यों से शराब की खेप लाकर इस इलाके में चोरी छिपे घूम-घूम कर बेचता है।

मुन्ना कुमार अपनी एंबुलेंस गाड़ी को लेकर महुआ मोड़ की तरफ शराब की खेप लेकर निकला है। उसकी घेराबंदी करने पर गाड़ी को शराब के साथ पकड़ा जा सकता है।

इस सूचना के बाद पुलिस टीम खोजबीन के दौरान ग्राम दिग्घी कलां पूर्वी स्थित मलमला चंवर के रास्ते से गुजर रही थी। इस दौरान एक एंबुलेंस गाड़ी आ रही थी। लेकिन पुलिस बल को देखते ही एंबुलेंस चालक गाड़ी को सड़क किनारे छोड़ कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गया।

इसके बाद एंबुलेंस की तलाशी लेने पर टाटा विंगर गाड़ी के पीछे बने तहखाना में छिपाकर रखे गए कार्टून से 750 एमएल का 108 बोतल, 375 एमएल का 147 बोतल और 180 एमएल का 228 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

इसके साथ ही विंगर गाड़ी के ऊपरी हिस्से छत के तहखाना में छिपाकर रखे गए 375 एमएल के 1008 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि एंबुलेंस गाड़ी से 555.165 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। एंबुलेंस गाड़ी पर जीवंत विहार, सपना होगा सरकार लिखा हुआ मिला।

गाड़ी चालक सीट के बगल में मुन्ना कुमार, पिता विजय राय, ग्राम गोविंदपुर, जैतपुर स्टेट, मुजफ्फरपुर का आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## युवक को मारी गोली

**आरा।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव में हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी और फरार हो गए।जख्मी युवक 22 वर्षीय अमित कुमार सिंह संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव निवासी मिथिलेश सिंह के पुत्र है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी हैं। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ के हथेली के ऊपर हिस्से पर लगी है। इलाज के लिए आरा शहर के महावीर टोला स्थित मेडिकान अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। शुरूआती पूछताछ में दो लोगों का नाम सामने आ रहा है। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। इस घटना को पूर्व रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना रात दस बजे की है। इधर, संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि रेपुरा गांव निवासी श्रीराम सिंह की हत्या में चार्जशीट भी रहा है। जेल भी गया था। बताया जाता है कि बुधवार की रात जब अमित कुमार सिंह बालू घाट से अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में हथियारबंद दो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी ।

# होमियोपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाई डॉ हैनिमैन की जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** **होमियोपैथिक डॉक्टर्स** एसोसिएशन के द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस एवं होमियोपैथ के जनक डॉ हैनिमैन का 271 वीं जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनबाद के मेयर संजीव सिंह एवं डामो की कुमकुम भौजूद थे। दोनों अतिथियों को शॉल और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं संजीव सिंह को उनके जीत की शुभकामना एवं स्वागत सचिव के द्वारा पूरे धनबाद होमियोपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन परिवार के तरफ से किया गया।

### क्विज एवं संगीत का भी आयोजन

कार्यक्रम की शुरूआत मेयर संजीव सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं हैनिमैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मेयर संजीव सिंह ने धनबाद होमियोपैचिक डॉक्टर्स एसोसिएशन के समाज से जुड़े रहने और सामाजिक कार्यों में मदद करने की सराहना किए। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी चिकित्सकों ने मिलकर डॉ हैनिमैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटा साथ ही होमियोपैथ के विकास एवं आपसी सहयोग पर चर्चा किया।

धनबाद के प्रसिद्ध एवं अनुभवी चिकित्सकों ने अपना चिकित्सीय अनुभव भी सभी के समक्ष साझा किया। सभी लोगों के बीच एक मनोरंजक क्विज एवं सगीत का भी आयोजन किया गया। समाज से जुड़े रहने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले विकित्सकों एवं नए चिकित्सकों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए देने के साथ सभी को एक स्मृति चिन्ह एसोसिएशन के सचिव एवं अध्यक्ष के द्वारा भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में धनबाद जिले के सभी क्षेत्रों से होमियोपैथिक चिकित्सकों ने बढ चढ़ कर हिस्सा लिया और अंत में कार्यक्रम का समापन संगठन के अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से एसबी इंटरनेशनल होटल में किया गया।

# आयुष शेट्टी ने विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को हराया

## सेमीफाइनल में बनाई जगह



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के आयुष शेट्टी ने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को मात दी है। भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया। इस तरह आयुष ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 25वीं रैंकिंग के शेट्टी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में क्रिस्टी को 23–21, 21–17 को हराया। टूर स्तर पर शेट्टी और क्रिस्टी के बीच यह पहला मुकाबला था। क्रिस्टी एशियाई खेलों और एशियन चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं। इतना ही वह 2020 में थॉमस कप जीतने वाली इंडोनेशियाई टीम का भी हिस्सा थे। यूएस ओपस सुपर 300 के गत चैंपियन शेट्टी ने इससे पहले गुरुवार को राउड ऑफ 16 में चीनी ताइपे के 20वीं रैंकिंग के ची यू जेन को हराया था।

## बिली जीन किंग कप

# इंडोनेशिया से हारा भारत, कोरिया की जीत का सिलसिला जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। बिली जीन किंग कप ग्रुप–द्व एशिया/ओशिआना मुकाबलों में भारत को गुरुवार को इंडोनेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में इंडोनेशिया ने दोनों सिंगल्स मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली। पहले सिंगल्स मुकाबले में वैष्णवी अडकर को प्रिस्का मैडेलिन नुग्रोहो के खिलाफ कड़े मुकाबले में 7–6(3), 6–7(3), 6–3 से हार झेलनी पड़ी। मैच काफी उतार–चढ़ाव भरा रहा, जहां अडकर ने दूसरे सेट में वापसी करते



हुए मुकाबला निर्णायक सेट तक पहुंचाया, लेकिन तीसरे सेट में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने बाजी मार ली। दूसरे सिंगल्स में सहजा यमलापल्ली को जेनिस त्जेन के खिलाफ 6–2, 6–1 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा, जिससे इंडोनेशिया ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। खबर लिखे जाने तक रुतुजा भोसले और अंकिता रैना इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ डबल्स मुकाबला खेल रही थीं। अन्य मुकाबलों में कोरिया गणराज्य ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। दायोन बैक ने वैलेंटिना इवानोव को 7–5, 6–3 से हराया, जबकि सोह्युन पार्क ने मोनिक बैरी को 6–0, 6–1 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। कोरिया और इंडोनेशिया दोनों ही टीमें अब तक अपने सभी मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष पर बनी हुई हैं। वहीं थाईलैंड ने भी शानदार वापसी करते हुए मंगोलिया को 3–0 से क्लीन स्वीप किया। थासापोर्न नाकलो ने अनु–वजिन गैंटोर को 6–1, 6–0 से हराया, जबकि पाचारिन चीपचांदेज ने खोंगोरजुल अलदारखिशिग को समान स्कोर से मात दी। डबल्स में पेंगटार्न प्लिपुएच और कामोनवान योदपेच की जोड़ी ने मंगोलियाई टीम को 6–0, 6–0 से हराकर जीत पूरी की।

## यूईएफए यूरोपा लीग

### क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में

# ब्रागा और रियल बेटिस के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा

**ब्रागा, एजेंसी।** यूईएफए यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में ब्रागा और रियल बेटिस के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एस्टाडियो म्युनिसिपल डे ब्रागा में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में ब्रागा ने आक्रामक अंदाज अपनाया और इसका फायदा उन्हें जल्दी ही मिल गया। डिएगो रोड्रिग्स के कॉर्नर पर फ्लोरियन ग्रिलिट्श ने शानदार फ्लिक के जरिए गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इस शुरुआती गोल ने घरेलू टीम को आत्मविश्वास दिया और उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, रियल बेटिस ने धीरे-धीरे वापसी की कोशिश की। 24वें मिनट में मार्क बार्ट्रा ने हेडर के जरिए बराबरी का मौका बनाया, लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर चली गई। इसके बाद भी बेटिस ने दबाव बनाए रखा और ब्रागा के गोलकीपर लुकास हॉर्निसेक को कई बार सतर्क रहना पड़ा, खासकर कुचो हर्नांडेज के क्लोज-रेंज हेडर को रोकते



समय। दूसरे हाफ में मैच और रोमांचक हो गया। बेटिस ने आक्रमण को तेज करने के लिए बदलाव किए, जिसमें विंगर एंटनी को मैदान पर उतारा गया। हालांकि, ब्रागा ने भी मौके बनाए और ग्रिलिट्श का एक शॉट गोलकीपर पाऊ लोपेज ने शानदार तरीके से बचाया। मैच का टर्निंग पॉइंट तब आया जब ब्रागा के जीन-बैप्टिस्ट गोर्बी ने बॉक्स में फाउल कर दिया, जिससे बेटिस को पेनल्टी मिली। कुचो हर्नांडेज ने इस मौके को भुनाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए, लेकिन कोई और गोल नहीं हो सका। अब यह मुकाबला दूसरे लेग में तय होगा, जो 16 अप्रैल को सेविले में खेला जाएगा।

इस ड्रॉ के साथ, दोनों टीमों के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का बराबर मौका है, जहां उनका सामना एससी फ्रीबर्ग या सेल्टा विगो से हो सकता है। वहीं, फाइनल 20 मई को बेसिकटास पार्क, इस्तांबुल में आयोजित होगा।

# रोज 100–150 छक्कों की प्रैक्टिस...

## धोनी स्टाइल हेलिकॉप्टर से वार, ये है मुकुल चौधरी का 'फिनिशर फॉर्मूला'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुरुवार रात, जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स लगभग हार की कगार पर थी, तब मुकुल ने 27 गेंदों में नाबाद 54 रन ठोककर मैच पलट दिया. 24 गेंदों पर 54 रन चाहिए थे, टीम के 7 विकेट गिर चुके थे... और सामने सिर्फ टेलेंडर्स. शुरुआत भी आसान नहीं रही- पहली 5 गेंदों पर सिर्फ 1 रन. लेकिन इसके बाद जो हुआ, वो 'फिनिशर मोड' था- अगली 22 गेंदों में 53 रन, जिसमें 7 छक्के शामिल थे.

मुकुल ने मैच के बाद बताया, 'मैंने ये शॉट बचपन से प्रैक्टिस किया है. मुझे हमेशा धोनी का फिनिशिंग स्टाइल पसंद रहा. वो यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे... और जब आप ऐसा करते हैं, तो गेंदबाज सोचने पर मजबूर हो जाता है.'

17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर लगाया गया हेलिकॉप्टर शॉट इस पारी का टर्निंग पॉइंट बना.

### ताकत + मेहनत = मुकुल का फॉर्मूला

मुकुल की ताकत सिर्फ नेचुरल पावर नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत का नतीजा है. उन्होंने खुद कहा, मेरी बॉडी थोड़ी पावरफुल है, लेकिन मैं रोज 100-150 छक्कों की प्रैक्टिस करता हूं. इससे बैट स्पीड डेवलप होती है. पिछले 5-6 महीनों से मैंने इस पर बहुत काम किया है.'

### पहले ही दे चुके थे संकेत

आईपीएल से पहले ही मुकुल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफीमें अपनी झलक दिखा दी थी. उन्होंने राजस्थान की ओर से खेलते हुए दिल्ली के खिलाफ रनों की बारिश कर दी थी.

- 26 गेंदों में नाबाद 62 रन – 238.46 का स्ट्राइक रेट
- 7 छक्के, 1 चौका
- 176 रन के लक्ष्य का सफल पीछा

इस टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 198.85 रहा, जो बताता है कि ये 'वन–नाइट वंडर' नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ फिनिशर है.

# 3 ओवर में 4 रन और 9 विकेट, ब्राजील की गेंदबाज ने रचा इतिहास

## 13 पर सिमटी विपक्षी टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। लेसोथो की टीम 13 रन पर सिमट गई।



लॉरा कारडोसो ने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे।

**कारडोसो ने इंडोनेशिया की खिलाड़ी को छोड़ा पीछे-** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गुरुवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# रिंग में विरोधियों को धूल चटाने वाली बॉक्सर नूपुर श्योराण ने रैंप वॉक में बिखेरा जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट बॉक्सर नूपुर श्योराण ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था. इसमें वह साड़ी में रैंप वॉक करती बेहद खूबसूरत नजर आईं. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट नूपुर श्योराण ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह रैंप वॉक कर रही थी. लाल रंग की साड़ी में वह बेहद खूबसूरत और किसी हिरोइन से कम नहीं लग रही थी. ये वीडियो उन्होंने जनवरी में शेयर किया था. फैंस ने भी इस वीडियो को खूब प्यार दिया और एक यूजर ने लिखा, 'आप रवीना टंडन की तरह लग रही हों.' इसी इवेंट का उन्होंने एक और वीडियो शेयर किया, जिसके साथ कैप्शन में लिखा, 'आपको कोम्प्रोमाईज़ नहीं करना चाहिए, जब आप दोनों चीजें कर सकती हों.' वीडियो के पहले हिस्से में वह बॉक्सिंग कर रही हैं और दूसरे हिस्से में रैंप वॉक. लाल रंग की साड़ी, खुले बालों के साथ लाल रंग की बिंदी, उनपर जच रही थी.





नूपुर श्योराण का जन्म 26 सितंबर, 1998 को हरियाणा के भिवानी में हुआ था. उन्होंने एक बार बताया था कि उन्हें बॉक्सिंग की प्रेरणा उनके पिता और दादाजी से मिली. 2005 में उनके पापा ने एक अकैडमी शुरू की, जिसमें काफी ऐसे बच्चे आते थे जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होती थी. जब वह मैडल लेकर आते थे, तब उन्हें देखकर ही नूपुर ने सोचा था कि उन्हें भी बॉक्सर बनना है. नूपुर श्योराण ने 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉक्सिंग शुरू की. वह अब रेलवे में जॉब करती हैं. 5 बार की राष्ट्रीय चैंपियन नूपुर ने 2024 में महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था. 2025, अस्ताना वर्ल्ड कप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था.

## बाबर ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

# टी20 में सबसे तेज 12 हजार रन बनाने वाले बैटर बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के स्टार बैटर बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 के 15वें मुकाबले में कराची किंग्स के खिलाफ खेली नाबाद 87 रन की पारी के दम पर टी20 क्रिकेट में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। इस पारी के दम पर बाबर ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ते हुए टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। बाबर आजम ने पेशावर जाल्मी के लिए खेलते हुए कराची किंग्स के खिलाफ 51 गेंदों पर 2 छक्के और 10 चौकों की मदद से नाबाद 87 रन की पारी खेली जबकि कुसल मेंडिस ने 52 गेंदों पर 109 रन बनाए और इस पारी के दौरान 4 छक्के और 14 चौके भी लगाए। इन दोनों की पारी के दम पर पेशावर ने कराची के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट पर 246 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

**बाबर ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड-** बाबर आजम ने पीएसएल 2026 के 15वें मैच में कराची के खिलाफ नाबाद 87 रन बनाए और टी20 क्रिकेट में अपने 12000 रन पूरे कर लिए। यही नहीं वो इस प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर भी बने। बाबर आजम ने ये कमाल 338 पारियों में किया और गेल से आगे निकल गए जिन्होंने ऐसा 343 पारियों में किया था।

टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने ऐसा 360 पारियों में किया था।

### नाबाद 87 रन बना तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड



### टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले टॉप-11 बैटर

- 338 पारी – बाबर आजम
- 360 पारी – विराट कोहली
- 405 पारी – जोस बटलर
- 416 पारी – जेम्स विंस/क्विंटन डिकॉक
- 443 पारी – रोहित शर्मा
- 550 पारी – कीरोन पोलार्ड
- 343 पारी – क्रिस गेल
- 368 पारी – डेविड वार्नर
- 406 पारी – फाफ डु प्लेसिस
- 432 पारी – एलेक्स हेल्स
- 451 पारी – शोएब मलिक



# मां के अधूरे सपने को बेटी ने दी उड़ान

## हॉकी छोड़ रेस वॉकिंग में आईं एलिश एक्का, 17 की उम्र में रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने के महज 48 घंटे के भीतर जब कोई 17 साल की छात्रा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पोडियम पर पदक के साथ खड़ी हो तो वह पल किसी चमत्कार से कम नहीं लगता। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के एक साधारण से गांव संतोषपुर की एलिश एक्का ने कुछ ऐसा ही किया है। एलिश एक्का के गले में चमकता रजत पदक सिर्फ एक खेल की जीत नहीं, बल्कि उनकी मां के अथाह त्याग और अदम्य साहस का एक सुंदर उदाहरण भी है।

- **एलिश का साहसिक फैसला-** एलिश की कहानी की शुरुआत हॉकी के मैदान से होती है। एलिश की मां प्रमिला एक्का खुद राज्य स्तर की हॉकी खिलाड़ी रह चुकी हैं। प्रमिला को पारिवारिक जिम्मेदारियां और आर्थिक तंगी के कारण अपना खेल छोड़ना पड़ा था। मां की तरह एलिश ने भी बतौर स्ट्राइकर हॉकी में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा। हालांकि, टीम स्पोर्ट्स में मिलने वाले सीमित अवसरों ने एलिश को अपने खेल सफर पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर किया। ऐसा विचार आने के बाद एलिश ने गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित 'बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम' के कोचों से बात की और फिर हॉकी छोड़कर 'रेस वॉकिंग' में करियर बनाने का बेहद साहसिक कदम उठाया।
- **पढ़ाई, कड़ी मेहनत और शानदार जीत-** एलिश ने पिछले दो साल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी और कड़ी ट्रेनिंग के बीच बेहतरीन संतुलन बनाए रखा। अभ्यास के लिए एलिश को अक्सर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इस अनवरत मेहनत का फल तब मिला जब एलिश ने जगदलपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (चद्धज्ञत) 2026 में महिला दस हजार मीटर रेस वॉक में 1:04.59 का समय निकालकर रजत पदक जीता। एलिश एक्का के मुताबिक, ''शुरुआत में यह बहुत मुश्किल था क्योंकि मैंने पहले कभी रेस वॉक नहीं की थी, लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि अगर कड़ी मेहनत करूंगी तो इस खेल में अच्छा कर सकती हूं।

मैंने उन पर भरोसा किया और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का फैसला किया।'' एलिश एक्का की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स (खेलो इंडिया जनजातीय खेल) के लिए रवाना होने से ठीक एक दिन पहले ही उन्होंने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी थी। एलिश एक्का ने बताया, ''मेरे पास (केआईटीजी) की तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था। मैंने परीक्षा खत्म की और यह सोचकर यहां आई कि बस अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी।

# वैशाली ड्रॉ के साथ टॉप पर पहुंचीं: दिव्या देशमुख और प्रज्ञानानंदा हारे

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू न फिडे चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी के 10वें राउंड में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से मिले आधे पॉइंट्स के साथ वैशाली टॉप पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को उज्बेक के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, हरियाणा से लाई जा रही थी खेप



**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने अंतरराज्यीय अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 1700 क्वार्टर अवैध शराब और एक मारुति ईको कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई शराब पर 'फॉर सेल इन हरियाणा ओनली' अंकित था, जिसे अवैध रूप से दिल्ली में खपाया जा रहा था। डीसीपी पूर्वी जिला राजीव कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्पेशल स्टाफ की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद ईको कार में भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने कल्याणपुरी और त्रिलोकपुरी इलाके में घेराबंदी की। पुलिस को देखकर कार में सवार दो लोग मौके से फरार हो गए, लेकिन तलाशी के दौरान 34 कार्टन में भरी 1700 क्वार्टर शराब बरामद कर ली गई। वहीं, जांच के दौरान पुलिस ने त्रिलोकपुरी निवासी 25 वर्षीय सचिन कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके घर में शराब उतारी और छिपाई जा रही थी। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी शराब तस्करी के मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी ने कहा कि इस कार्रवाई से अवैध शराब की सप्लाई चेन को बड़ा झटका लगा है और फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए लगातार छापामारी की जा रही है।

### दिल्ली के न्यू रोहतक रोड पर ट्रैफिक बदलाव को लेकर एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने न्यू रोहतक रोड पर ट्रैफिक को लेकर महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड द्वारा 220 केवी अंडरग्राउंड केबल बिछाने के काम के कारण 9 अप्रैल 2026 से 17 मई 2026 तक न्यू रोहतक रोड पर ट्रैफिक नियमों में बदलाव किया जाएगा। इस



दौरान लिबर्टी सिनेमा से कमल टी-पॉइंट तक सड़क कटाई का काम चल रहा है, जिससे इस पूरे हिस्से पर यातायात प्रभावित रहेगा। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, पीक ऑवर्स में इस मार्ग पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक और शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे तक इस सड़क पर यात्रा करने से बचना चाहिए। बैरिकेडिंग लगाए जाने के कारण यातायात की गति प्रभावित होगी। ट्रैफिक पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया है। कमल टी-पॉइंट की ओर जाने वाले वाहन चालक देशबंधु गुप्ता रोड का उपयोग कर सकते हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा पहले से प्लान करें ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। यह मार्ग दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कई महत्वपूर्ण इलाकों को जोड़ता है। यहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। काम के दौरान सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है, लेकिन फिर भी जाम और देरी की संभावना बनी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और ट्रैफिक साइनेज का ध्यान रखें। यातायात को सुचारू रखने के लिए सभी की सहयोग की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस ने सभी मोटरिस्टों से अनुरोध किया है कि वे धैर्य रखें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। काम पूरा होने के बाद सड़क को बेहतर स्थिति में बहाल कर दिया जाएगा।

# दिल्ली, नोएडा वालों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

## कालिंदी कुंज में बनेगा टू-वे फ्लाईओवर, डीपीआर तैयार, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कालिंदीकुंज दिल्ली और नोएडा सीमा का एक ऐसा व्यस्त चौराहा है, जहां नोएडा, फरीदाबाद, बदरपुर और सरिता विहार सहित कई दिशाओं से आने वाले भारी वाहनों का दबाव रहता है। सुबह-शाम पीक आवर्स में यहां भीषण जाम लगता है। छोटे से लेकर बड़े वाहन मुश्किल से खिसक पाते हैं। वहीं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का हिस्सा खुलने के बाद से इस चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव और बढ़ गया है। कालिंदी कुंज चौराहे पर लगने वाले जाम को कम करने के लिए एनएचएआई इसे सिग्नल फ्री बनाने की तैयारी कर रहा है। यहां टू-वे फ्लाईओवर के साथ ही दो नए लूप बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 500 करोड़ रुपये का बजट भी उपलब्ध कराया है। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक दो नए लूप बनने के बाद कालिंदी कुंज चौराहा पूरी तरह सिग्नल फ्री हो जाएगा। टू-वे फ्लाईओवर के



प्रस्ताव के लिए एक डीपीआर पहले ही तैयार की जा चुकी है, जो मदनपुर खादर पुलिस चौराहे को नोएडा से जोड़ेगा और नोएडा से खादर पुलिया तक वापसी का एक लिंक भी प्रदान करेगा। दो 'लूप रोड' में पहला उन वाहन चालकों के लिए होगा, जो नोएडा (कालिंदी कुंज पुल) से फरीदाबाद और मुंबई एक्सप्रेस-वे की ओर जा रहे हैं, वे बाएं मुड़कर कालिंदी कुंज चौराहे को पूरी तरह से बायपास कर सकेंगे। दूसरा उल्टी दिशा से बनाया जाएगा। यह उन वाहन चालकों के लिए है जो फरीदाबाद और मुंबई एक्सप्रेसवे से नोएडा की ओर आ रहे हैं। यह सीधे ओखला बैराज रोड से जुड़ जाएगा। इसके लिए मौजूदा चौराहा चालू रहेगा, इसे सिग्नल-फ्री बनाया जाएगा और इसके कुछ हिस्सों को चौड़ा किया जाएगा।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सबसे पहले अगस्त 2025 में इस प्रस्ताव को उठाया था। संयुक्त आयुक्त ट्रैफिक संजय कुमार त्यागी के मुताबिक तब एनएचएआई को चिट्ठी लिखी गई थी। यहां भीषण जाम से प्रतिदिन आमजन को होने वाली दिक्कतों पर ध्यान देने और बुनियादी ढांचे में तत्काल सुधार करने का अनुरोध किया गया था। एनएचएआई ने मामले को उच्चाधिकारियों के समक्ष उठाया। प्रस्तावित इंटरचेंज के लिए डीपीआर तैयार है। हालांकि निर्माण कार्य कब शुरू होगा, यह तय नहीं है, पर एनएचएआई की मंजूरी और डीपीआर बनने के बाद इसके जल्द शुरू होने का अनुमान है। इस मुद्दे के लोकसभा में भी उठाया था।

## दिल्ली: द्वारका सेक्टर 5 मार्ग पर जानलेवा गड्ढे, जलभराव से बढ़ा हादसे का खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजपुरी से जनकपुरी होते हुए द्वारका को जोड़ने वाला रोड नंबर-201 (सेक्टर-5 मार्ग) इन दिनों बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों के लिए जानलेवा बन गया है। ड्रेन पुल की चढ़ाई पर स्थित मधु विहार बस स्टैंड के पास सड़क का करीब 20 मीटर हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त होकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है और तेजी से इस में बढोतरी हो रही है। इन गड्ढों में अब पानी भर गया है, यह पानी वहां से गुजरने वाले जलबोर्ड के पानी टैंकरों से छलक कर सड़क पर गिर जाते हैं और गड्ढों में भर जाते हैं।

इसके कारण वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे यहां लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। नतीजतन, यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के प्रमुख इलाकों को जोड़ने वाली अहम कड़ी है। इसी रास्ते से बड़ी संख्या में वाहन इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, गुरुग्राम, नई दिल्ली, डाबड़ी और जनकपुरी की ओर आवागमन करते हैं। निजी वाहनों के अलावा भारी व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही भी यहां अधिक रहती है।



सड़क की खराब स्थिति का असर सेक्टर-5 स्थित बाजार और आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी पड़ रहा है। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। सड़क की बदहाली को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है, उनका कहना है कि जब तक सड़क की यह जर्जर स्थिति किसी बड़े हादसे कारण नहीं बनता नगर निकायका ध्यान इस पर नहीं जाएगा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों की उदासीनता के चलते समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। यदि जल्द मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल क्षेत्र की जनता प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रही है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे और उनमें भरा पानी किसी बड़े हादसे का संकेत दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब भी अनदेखी कर रहा है। एयरपोर्ट और गुरुग्राम जाने वालों के लिए यह मुख्य मार्ग है, मगर टूटी सड़क के कारण रोज घंटों जाम और परेशानी झेलनी पड़ती है। जल बोर्ड के टैंकरों और कीचड़ से सड़क पूरी तरह घिरी हुई है, यहां पैदल चलना भी बेहद जोखिम भरा और मुश्किल हो गया है। डाबड़ी और जनकपुरी को जोड़ने वाला यह व्यस्त मार्ग भारी वाहनों के दबाव से लगातार धंसता जा रहा है, जो भविष्य के लिए चिंताजनक है।

### कई दिनों की बारिश के बाद दिल्ली में गर्मी का एहसास शुरू, आईएमडी ने बताया आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई दिनों की वर्षा और सामान्य से कम तापमान के बाद गुरुवार को दिल्ली में फिर से तापमान बढ़ना



शुरू हो गया। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। तेज सतही हवाओं के पूर्वानुमान के चलते अगले कुछ दिनों में इसमें और वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए न्यूनतम तापमान 17 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान लगाया है। आसमान साफ रहेगा। साथ ही दिन के समय तेज सतही हवाएं चलने की भी संभावना है। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री कम 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले बुधवार को यह 28.2 डिग्री रहा था। यानी इसमें करीब ढाई डिग्री की वृद्धि देखी गई। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री कम 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 94 से 32 प्रतिशत रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया, 'देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अधिकतम तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस और उत्तर-पश्चिमी भारत के उत्तरी मैदानी इलाकों में आठ से 10 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की उम्मीद है। शुक्रवार से आसमान भी साफ रहने की संभावना है। उधर शहर की वायु गुणवत्ता ''मध्यम'' श्रेणी में रही, एक्यूआइ 101 दर्ज किया गया।

### पुरुष गर्भनिरोधक में 'महा-क्रांति', पुरुषों के लिए सुरक्षित और अस्थायी गर्भनिरोधक विधि खोजी गई

*नई दिल्ली, एजेंसी।* *दशकों से परिवार नियोजन का सारा बोझ महिलाओं के कंधों पर रहा है। गर्भनिरोधक गोलियों से लेकर अन्य दर्दनाक प्रक्रियाओं तक, जिम्मेदारी का यह पलड़ा हमेशा एक तरफ झुका रहा। विज्ञान एक ऐसे 'मृगतृष्णा' के पीछे था जो पुरुषों के लिए एक सुरक्षित, प्रभावी और अस्थायी गर्भनिरोधक प्रदान कर सके। अब विज्ञान के गलियारों से एक ऐसी खबर आई है, जो भविष्य की तस्वीर बदल सकती है। कार्नेल यूनिवर्सिटी के विज्ञानियों ने प्रजनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में उस 'होली ग्रेल' यानी अमृत को खोज निकालने का दावा किया है, जो पुरुष गर्भनिरोधक की परिभाषा बदल सकता है। उन्होंने एक ऐसी तकनीक खोज निकाली है, जिससे पुरुषों के लिए 'रिवर्सिबल' (प्रतिवर्ती) गर्भनिरोधक गोली का सपना अब हकीकत के करीब है। यह खोज न केवल विज्ञान की जीत है, बल्कि उन करोड़ों जोड़ों के लिए एक नई उम्मीद है जो परिवार नियोजन की जिम्मेदारी को समान रूप से साझा करना चाहते हैं। शुक्राणुओं के निर्माण पर अस्थायी 'ब्रेक' मीडिया रिपो ?र्ट्स के अनुसार, इस क्रांतिकारी शोध में विज्ञानियों ने जेक्यू1 नामक एक छोटे अणु का उपयोग किया। चूहों पर किए गए छह साल के लंबे परीक्षण के बाद यह पाया गया कि यह यौगिक 'मयोसिस' की प्रक्रिया को बाधित कर देता है। मयोसिस वह कोशिका विभाजन है जिसके माध्यम से शरीर में शुक्राणुओं का निर्माण होता है। विज्ञानियों ने पाया कि जब चूहों को तीन सप्ताह तक जेक्यू1 दिया गया, तो उनके शरीर में शुक्राणुओं का उत्पादन पूरी तरह रुक गया।*

### जेफरी एपस्टीन विवाद पर मेलानिया ट्रंप का सख्त जवाब, आरोपों पर बोलीं- मेरी छवि बिगाड़ने की साजिश



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने गुरुवार को जेफरी एपस्टीन से अपने किसी भी तरह के संबंध से साफ इनकार किया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए जा रहे सभी आरोप पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। व्हाइट हाउस में बयान देते हुए मेलानिया ट्रंप ने कहा कि उनके बारे में फैल रही ये बातें उनकी छवि खराब करने की कोशिश हैं। उन्होंने आरोप लगाने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे लोगों में नैतिकता और सम्मान की कमी है। उन्होंने कहा कि मेरे और एपस्टीन को जोड़ने वाले झूठ अब बंद होने चाहिए। ये सिर्फ मेरी छवि खराब करने की कोशिश है। मेलानिया ट्रंप ने साफ कहा कि उनका एपस्टीन या उसकी सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल से कोई दोस्ती या करीबी संबंध नहीं था। हालांकि उन्होंने माना कि वे न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा के कुछ सामाजिक कार्यक्रमों में एक ही सर्कल में मौजूद रहे थे। उन्होंने मैक्सवेल को भेजे एक ईमेल के जवाब को साधारण बातचीत बताया और कहा कि इसका कोई खास मतलब नहीं है। कानूनी लड़ाई का भी जिक्र किया मेलानिया ने बताया कि उन्होंने अपने वकीलों के साथ मिलकर इन आरोपों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी है और इसमें उन्हें सफलता भी मिली है। मेलानिया ट्रंप ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) से अपील की कि एपस्टीन केस के पीड़ितों के लिए सार्वजनिक सुनवाई कराई जाए, ताकि वे खुलकर अपनी बात रख सकें। उन्होंने कहा कि हर महिला को मौका मिलना चाहिए कि वह अपनी कहानी सार्वजनिक रूप से बता सके। तभी सच सामने आएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी सरकार इस विवाद से आगे बढ़ते दिख रहे थे। ईरान युद्ध जैसे बड़े मुद्दों के बीच यह मामला थोड़ा शांत पड़ गया था, लेकिन मेलानिया के बयान के बाद यह फिर चर्चा में आ सकता है।

## ताइवान की विपक्षी नेता से मिले शी जिनपिंग, ट्रंप के चीन दौरे से पहले बढ़ी कूटनीतिक हलचल

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन और ताइवान संबंधों के बीच एक अहम कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को बीजिंग में ताइवान की विपक्षी नेता चेंग ली-वुन से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब अगले महीने डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा प्रस्तावित है। चेंग ली-वुन, ताइवान की प्रमुख विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग की पहली अध्यक्ष हैं, जिन्होंने एक दशक में पहली बार पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ चीन का दौरा किया है। उनका यह दौरा एक सप्ताह का है और इसे दोनों पक्षों के बीच संवाद बहाल करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।



**क्या है मामला?:** चीन ताइवान को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है और वन चाइना नीति के तहत उसके पुनर्एकीकरण पर जोर देता रहा है। वहीं ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी चीन के इस रुख का कड़ा विरोध करती है और ताइवान की अलग पहचान बनाए रखने की पक्षधर है। इसके विपरीत च्स्र्ङ्म चीन के साथ करीबी संबंधों की वकालत करती रही है, जिससे यह मुलाकात और भी अहम हो जाती है। बीजिंग रवाना होने से पहले चेंग ने अपने दौरे को शांति की यात्रा बताया और कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है, जहां स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों पक्षों को संवाद और सहयोग के जरिए मतभेद सुलझाने चाहिए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ताइवान को करीब 11 अरब डॉलर का बड़ा रक्षा पैकेज देने की योजना बना रहा है। इस पैकेज में रॉकेट सिस्टम, एंटी-टैंक मिसाइल, ड्रोन, होवित्जर और अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं। चीन ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा बताया है। वहीं ताइवान की संसद में इस रक्षा बजट को लेकर गतिरोध बना हुआ है, क्योंकि विपक्षी दलों के कारण इसे मंजूरी नहीं मिल पाई है। इसी बीच हाल ही में अमेरिका का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ताइपेई पहुंचा और संसद से रक्षा बजट पारित करने की अपील की। विशेषज्ञों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप की 14-15 मई को प्रस्तावित चीन यात्रा के दौरान ताइवान का मुद्दा प्रमुख रूप से चर्चा में रहेगा। ऐसे में शी-चेंग की यह मुलाकात न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से अहम है. बल्कि इसका असर क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति पर भी पड़ सकता है।

## नाइजीरिया में सैन्य ठिकाने पर आतंकी हमला, ब्रिगेडियर जनरल समेत कई सैनिकों की मौत

**अबूजा , एजेंसी।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुरुवार तड़के हुए एक आतंकी हमले में नाइजीरियाई सेना के ब्रिगेडियर जनरल सहित कई सैनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों के सेना के ठिकाने पर हमला किया। नाइजीरियाई सेना ने कहा है कि हमले को सेना ने विफल कर दिया, लेकिन इस दौरान कई सैनिक मारे गए हैं। नाइजीरिया ने अभी तक मृतकों का सही आंकड़ा जारी नहीं किया है। सेना के प्रवक्ता माइकल ओनोजा ने एक बयान में कहा कि हमला बोर्नो राज्य के बेनिशेख इलाके में हुआ। उन्होंने हमलावरों को आतंकवादी बताया। नाइजीरिया के पूर्वोत्तर में इस्लामी उग्रवादी संगठनों के लिए सेना द्वारा आतंकी शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। स्थानीय प्रशासन के अध्यक्ष जन्ना लावन अजीमी ने सोशल मीडिया पर घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि 'एक साहसी और समर्पित अधिकारी, 29 टास्क फोर्स ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल ओ. ओ. ब्राइमा सहित अन्य वीर जवानों की शहादत अत्यंत पीड़ादायक है, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।' सेना के प्रवक्ता ओनोजा ने पुष्टि की कि ब्रिगेडियर जनरल ओसेनी ब्राइमाह इस अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। अफ्रीका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश नाइजीरिया लंबे समय से गंभीर सुरक्षा संकट का सामना कर रहा है, विशेषकर उत्तरी क्षेत्र में, जहां एक दशक से अधिक समय से उग्रवाद और अपहरण की घटनाएं जारी हैं। देश में सक्रिय प्रमुख इस्लामी उग्रवादी संगठनों में बोको हराम और उससे अलग हुआ गुट 'इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस' शामिल हैं, जो इस्लामिक स्टेट से संबद्ध है। इसके अलावा, नाइजर सीमा से सटे उत्तर-पश्चिमी इलाकों में आईएस से जुड़ा लाकुरावा समूह भी सक्रिय है।

## पाकिस्तान का सरेंडर: नेतन्याहू की धमकी से डरे रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, डिलीट किए इस्राइल के खिलाफ पोस्ट

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक बार फिर अपने बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। इस्राइल पर तीखी टिप्पणी करने के बाद उन्होंने अपना सोशल मीडिया पोस्ट हटा लिया है, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार, ख्वाजा आसिफ ने पहले इस्राइल की आलोचना करते हुए उसे मानवता के लिए अभिशाप बताया था और कथित तौर पर 'नरक में जलना' जैसी कड़ी भाषा का इस्तेमाल किया था। इस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया तेज हो गई और विवाद बढ़ने लगा। मामले के तूल पकड़ने के बाद उन्होंने एक्स से अपना पोस्ट डिलीट कर दिया। हालांकि, इस पर पाकिस्तान सरकार या



उनके कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।

**रक्षा मंत्री पर भड़के नेतन्याहू:** इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा था कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा इस्राइल के विनाश की बात करना बेहद आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा बयान है जिसे किसी भी सरकार की ओर से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब वह खुद को शांति का पक्षधर बताती है।

**आसिफ ने क्या कहा था? :** दरअसल, बीते दिनों पाकिस्तान के बड़बोले ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया पर इस्राइल को बुरा और मानवता के लिए अभिशाप बताया था। आसिफ ने लेबनान में हो रही हिंसा को नरसंहार करार दिया और कहा कि निर्दोष लोगों की जान जा रही है। ऐसे में अब इस्राइल ने इस बयान पर अपनी कड़ी नाराजगी जताई है। इस्राइल ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए इसे अस्वीकार्य करार दिया है। ऐसे में अब यह मामला अंतरराष्ट्रीय मंच पर चर्चा का विषय बन गया है, जहां एक तरफ इसे कूटनीतिक तनाव बताया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ इसे दोनों देशों के बीच बढ़ती बयानबाजी का हिस्सा माना जा रहा है।

# दहेज हत्या के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और फांसी की मांग को लेकर एसपी कार्यालय में प्रदर्शन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित पुपुनकी गांव में 3 अप्रैल की रात रानी बीबी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने दामाद अख्तर राजा, ससुर और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। परिजनों के अनुसार, फरवरी 2025 में रानी बीबी की शादी हुई थी, जिसमें ₹2 लाख दहेज दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा लगातार ₹3 लाख अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर परिजन और दर्जनों महिलाएं ह्लहत्यारों को फांसी दोह्व लिखी तख्तियां लेकर एसपी कार्यालय पहुंचीं और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने और स्थिति को शांत रखने का प्रयास किया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने सभी आरोपियों को पुलिस के हवाले किया था, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल दामाद को ही जेल भेजा गया, जबकि अन्य आरोपियों को छोड़ दिया गया। वहीं चास मुफस्सिल थाना प्रभारी प्रकाश मंडल ने बताया कि मामले में दामाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और अन्य आरोपों की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस कानून के अनुसार निष्पक्ष जांच कर रही है और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बोकारो एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को धरातल पर उतारने हेतु राज्यपाल से मिले कुमार अमित

## सौंपा ज्ञापन, बीएसएल विस्तारीकरण में पहल करने के लिए जताया आभार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में नवनिर्मित एयरपोर्ट से यात्री विमान का परिचालन प्रारंभ करने और प्रस्तावित अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को धरातल पर उतारने की मांग को लेकर भाजपा नेता कुमार अमित ने रांची लोक भवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। कुमार अमित ने इस सम्बन्ध में राज्यपाल को ज्ञापन भी दिया और इस सम्बन्ध में विशेष पहल करने की मांग की। बोकारो स्टील प्लांट के स्थगित विस्तारीकरण को प्रारम्भ करने में लोक भवन के द्वारा महत्वपूर्ण पहल करने हेतु राज्यपाल संतोष गंगवार को कुमार अमित ने मोमेंटो दे कर बोकारो वासियों की ओर से आभार भी प्रकट किया। कुमार अमित ने राज्यपाल से कहा कि 100 करोड़ की लागत से तैयार हुए बोकारो एयरपोर्ट से यात्री विमान के परिचालन प्रारंभ नहीं होने से नवनिर्मित आधारभूत संरचना रख रखाव के अभाव में खराब हो रहा है। बोकारो सहित आसपास की जनता बेसब्री से यहां यात्री विमान का परिचालन प्रारंभ होने का इंतजार कर रही है। इससे यहां विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा इसी प्रकार



बोकारो में प्रस्तावित अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के धरातल पर आने से यहां के विकास को गति और युवाओं को रोजगार मिलेगा। कुमार अमित ने राज्यपाल को बोकारो स्टील सिटी कॉलेज, चास कॉलेज सहित जिलों के अन्य कॉलेज भवनों की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए इन कॉलेजों में नए भवन निर्माण और अध्यापको की कमी को दूर करने के लिए इसकी नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने की मांग की। ाज्यपाल संतोष गंगवार ने इन विषयों को गम्भीरता से लेते हुए इस दिशा में आवश्यक पहल करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर बोकारो वेलफेयर सिविल सोसाइटी के अतुल सिंह और विस्थापित नेता शिवप्रसाद भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आदर्श वृद्धाश्रम नावाडीह के वृद्धजन एवं स्कूल के बच्चों के मुंह के स्वास्थ्य की जांच

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में मुंह के स्वास्थ्य जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नावाडीह के डॉ राजेश कुमार दन्त चिकित्सा पदाधिकारी एवं संदीप कुमार दन्त सहायक द्वारा आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति नावाडीह के द्वारा संचालित आदर्श वृद्ध आश्रम के वृद्धजनों के मुंह के स्वास्थ्य की जांच की गई।



जांच के क्रम में उन्हें बताया गया कि ब्रश एवं टूथपेस्ट से मुंह के सफाई की सही विधि क्या है। तम्बाकू का सेवन न करने हेतु उन्हें परामर्श दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि मसूढों में सूजन, खून आना, सांसों में बदबू व दांतों में सड़न, सूखा मुंह एवं मसूढों मे तकलीफ होने पर दन्त चिकित्सा पदाधिकारी से जरूर सम्पर्क करें। साथ ही बच्चों के मुंह की जांच की गई और उन्हें ब्रश करने के सही तरीके के बारे में विडियो के माध्यम से सिखाया गया। कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार दन्त चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नावाडीह, संदीप कुमार दन्त सहायक नावाडीह आदि उपस्थित थे।

### निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन, री-एडमिशन फीस पर बवाल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अब अभिभावकों का गुस्सा खुलकर सड़कों पर नजर आने लगा है। शुक्रवार को रणधीर वर्मा स्टेडियम के पास दर्जनों महिलाओं ने इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन किया और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि उपायुक्त के सख्त निदेर्शों के बावजूद भी निजी स्कूल अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। स्कूलों द्वारा री-एडमिशन के नाम पर



अभिभावकों से मोटी रकम वसूली जा रही है। एनुअल फीस और अन्य अलग-अलग मदों के नाम पर हर साल नई-नई फीस जोड़ी जा रही है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि कई निजी स्कूल बच्चों को जबरन तय दुकानों से ही किताबें और कॉपियां खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इससे अभिभावकों के पास कोई विकल्प नहीं बचता और उन्हें महंगे दामों पर सामान खरीदना पड़ता है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में इस तरह की वसूली ने घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और अभिभावकों को राहत दी जाए।

### पूर्वी टुंडी में बाबा साहेब की प्रतिमा से छेड़छाड़, ग्रामीणों में उबाल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में भारी आक्रोश फैल गया है। घटना लटानी गांव स्थित अंबेडकर क्लब की है, जहां असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया।




बताया जा रहा है कि शरारती तत्वों ने न सिर्फ प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की, बल्कि ईंट-पत्थरों से उसे तोड़ने की भी कोशिश की। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और क्लब के सदस्यों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी 21 सितंबर को इसी प्रतिमा को तोड़ा गया था। उस समय क्लब के लोगों ने आपसी सहयोग और चंदा जुटाकर लखनऊ से नई प्रतिमा मंगवाई थी। बावजूद इसके, फिर से इस तरह की हरकत होना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

### तिरंगा यात्रा में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद और विधायक अरूप चटर्जी भी शामिल हुए

**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वीर शहीदों के सम्मान में आज बाजना कोलयरी क्षेत्र से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद की उपस्थिति रही। उनके साथ निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने भी इस पदयात्रा का नेतृत्व किया।

**शहीदों को नमन और सामाजिक एकजुटता का संदेश**

यात्रा की शुरूआत बाजना कोलयरी से हुई, जहाँ हाथों में तिरंगा थामे सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता शामिल हुए। "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस अवसर पर अमित आजाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को हमारे क्रांतिकारियों के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए उल्लेखनीय है कि इस यात्रा और स्वागत कार्यक्रम का आयोजन महर्षि दयानंद गुरुकुल द्वारा किया गया। गुरुकुल के अध्यक्ष हरहर आर्य, सचिव यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष मनु सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक घाटी और संगठन मंत्री प्रभु सिंह ने कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य भूमिका निभाई। तिरंगा यात्रा जिस मार्ग से भी गुजरी, वहां स्थानीय ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ अमित आजाद जी और अरूप चटर्जी जी का भव्य स्वागत किया। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि ऐसी यात्राओं से समाज में एकता और राष्ट्रवाद की भावना प्रबल होती है। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम देखे गए और स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। यात्रा में मनजीत सिंह, मनोज सिंह, ललिता चौहान सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# एनसीआरएपी के तहत निर्मित विद्यालय भवनों के उपयोग पर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिल्टी (सीएसआर) के (सीसीएल एनसीआरएपी) अंतर्गत निर्मित विद्यालय भवनों के समुचित उपयोग को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इन भवनों के प्रभावी संचालन एवं स्थानीय बच्चों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने मकोली में निर्मित विद्यालय भवन के संचालन हेतु डीएवी पब्लिक स्कूल संस्था को आगामी 17 अप्रैल तक विस्तृत प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया। वहीं, अंगवाली स्थित विद्यालय भवन के उपयोग के संबंध में शिक्षा विभाग को स्थल निरीक्षण कर निर्धारित तिथि तक अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इन विद्यालय भवनों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग एवं संस्थाएं समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्णय लें, ताकि भवनों का उपयोग जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की सहमति जताई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीपीआरओ रवि कुमार,सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सीसीएल ढ़ोरी के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीएवी विद्यालय ढ़ोरी के प्रधानाध्यापक, सीसीएल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बीएसएल के सिन्टर प्लांट में एक्सहॉस्टर-1 का सफल पुनरुद्धार एवं कमीशनिंग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सिन्टर प्लांट में परिचालन दक्षता और सक्शन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए एक्सहॉस्टर-1 का व्यापक पुनरुद्धार कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया. इस महत्वपूर्ण परियोजना का कमीशनिंग आज अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त की उपस्थिति में संपन्न हुआ. उल्लेखनीय है कि एक्सहॉस्टर-1 और ईएसपी-1 के आधुनिकीकरण हेतु 10 सितंबर 2025 से 09 अप्रैल 2026 तक एक प्रमुख शटडाउन लिया गया था. इस अवधि के दौरान केसिंग, रोटर असेंबली, सक्शन आई, इनलेट डैम्पर, कम्पेन्सेटर और लुब्रिकेशन सिस्टम का पूर्ण प्रतिस्थापन किया गया. साथ ही, बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए 4.8 मेगावाट की उच्च क्षमता वाली नई मोटर भी स्थापित की गई है. इससे पूर्व वर्ष 2018 में भी इस प्रणाली का ऑगमेंटेशन किया गया था, जिसके आधार पर अब इसे और अधिक विश्वसनीय और कार्यकुशल बनाया गया है. यह चुनौतीपूर्ण कार्य मुख्य महाप्रबंधक (सिन्टर प्लांट) पीतांबर चौधरी के कुशल नेतृत्व में सिन्टर प्लांट की अनुरक्षण टीम द्वारा निष्पादित किया गया. इस परियोजना की सफलता में महाप्रबंधक (विद्युत) संजीव कुमार, महाप्रबंधक (यांत्रिकी) संतोष कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक (विद्युत) आर. के. बेहरा तथा सहायक महाप्रबंधक (यांत्रिकी) आर. के. वर्मा का सराहनीय योगदान रहा. इस पुनरुद्धार के फलस्वरूप मशीन-1 की सक्शन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे सिन्टर के उत्पादन और संयंत्र की समग्र उत्पादकता में गुणात्मक सुधार होगा. यह उपलब्धि तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो निरंतर नवाचार और उपकरणों के आधुनिकीकरण के माध्यम से उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है.

# दिव्यांग जीतन की समस्या पर त्वरित पहल, उपायुक्त ने दिलाया भरोसा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते है कार्यक्रम (जनता दरबार) केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा एक संवेदनशील मंच बनकर उभरा। इस दौरान बेरमो प्रखंड के गांधीनगर निवासी दिव्यांग जीतन कुमार की समस्या ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जब वह अपनी पीड़ा लेकर जनता दरबार पहुंचे। उपायुक्त अजय नाथ झा ने न केवल उनकी समस्या को गंभीरता से सुना, बल्कि मौके पर ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) को उनके बंद पड़े राशन कार्ड को तत्काल चालू कराने का निर्देश दिया। यह पहल प्रशासन की मानवीय सोच और संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण बनी। कार्यक्रम में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए 39 से अधिक लोगों की समस्याओं को एक-एक कर सुना गया। शिक्षा, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि



विवाद, आपूर्ति और अंचल स्तर से जुड़े विभिन्न मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। जनता दरबार ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के प्रति न केवल सजग है, बल्कि उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी है। यह मंच उन लोगों के लिए आशा की किरण साबित हो रहा है, जो अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर यहां पहुंचते हैं। निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया।

## जेएसएससी द्वारा आयोजित झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023: परीक्षार्थियों के लिए जरूरी दिशा - निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 12 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने सभी जरूरी कदम उठाएं जा रहा है। इसी क्रम में परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए भी जरूरी दिशा - निर्देश जारी किया गया है।

- परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।
- किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में मोबाइल, पेजर, ब्लूटूथ, स्मार्ट हैंड वाच जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
- प्रतिबंधित वस्तु पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।
- परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग (तलाशी) की जाएगी। इसमें सहयोग करेंगे।

# बीएसएल के सीटीएस विभाग में केंद्रीकृत ऑफलाइन ऑयल फिल्ट्रेशन यूनिट का उद्घाटन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में ऑयल फिल्ट्रेशन की प्रक्रिया को आधुनिक बनाने तथा परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज 'केंद्रीकृत ऑफलाइन ऑयल फिल्ट्रेशन यूनिट' का विधिवत उद्घाटन किया गया. इस अत्याधुनिक इकाई का उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी अनुरक्षण) श्री प्रकाश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता तथा मुख्य महाप्रबंधक (सिन्टर प्लांट) पीतांबर चौधरी के साथ सीटीएस विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. संयंत्र की इस केंद्रीकृत प्रणाली के प्रथम चरण में हॉट स्ट्रिप मिल, कोल्ड रोलिंग मिल-ककक्क कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स, आरएमएचपी, आरएमपी, ब्लास्ट फर्नेस, सिन्टर प्लांट, टीबीएस, कोल्ड



रोलिंग मिल-1 एवं 2 तथा स्टील मेल्टिंग शॉप (न्यू) सहित कुल 10 प्रमुख विभागों को सम्मिलित किया गया है. इस उद्घाटन कार्यक्रम का सफल समन्वय सीटीएस विभाग के वरीय प्रबंधक श्री कृष्ण राय द्वारा किया गया. इस अभिनव पहल के माध्यम से हाइड्रोलिक ब्रेकडाउन में प्रभावी कमी आएगी और मशीनों तथा हाइड्रोलिक प्रणालियों की कार्यक्षमता एवं आयु में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी. इसके साथ ही उपकरणों की विश्वसनीयता बढ़ने से अनुरक्षण लागत में कटौती होगी और तेल की खपत कम होने से कंपनी की प्रत्यक्ष लागत को कम करने में भी सहायता मिलेगी. यह महत्वपूर्ण पहल बोकारो इस्पात संयंत्र की तकनीकी उत्कृष्टता और संसाधनों के इष्टतम उपयोग के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है. उच्च गुणवत्ता वाले तेल निस्पंदन के माध्यम से मशीनों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना संयंत्र की समग्र उत्पादकता और परिचालन निरंतरता को बनाए रखने की दिशा में एक दूरगामी कदम सिद्ध होगा.

# युवा कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा का पुतला दहन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान,धनबाद जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आदित्य आनंद की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा को असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा के द्वारा अपमान किए जाने के विरोध में रणधीर वर्मा चौक में उनका का पुतला दहन किया गया। मौके पर धनबाद युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आदित्य आनंद ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बारे में असम के मुख्यमंत्री द्वारा किए गए अपशब्दों का प्रयोग अत्यंत आपत्तिजनक और निंदनीय है।यह बयान न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक मयार्दाओं और राजनीतिक शिष्टाचार का भी खुला उल्लंघन है। आगे उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ दलित नेता, जिनका 50 वर्षों से अधिक का सार्वजनिक जीवन रहा है, उनके प्रति इस प्रकार की भाषा का प्रयोग भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। यह केवल एक व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं, बल्कि पूरे दलिसमाज के सम्मान पर आघात हैं। आगे उन्होनें कहा आज जब कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाए गए गंभीर और तथ्यात्मक सवालों का जवाब देना चाहिए, तब भाजपा सरकार और असम के मुख्यमंत्री मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस प्रकार की भाषा का सहारा ले रहे हैं। यह उनकी स्पष्ट घबराहट और दलित विरोधी सोच को दशार्ता है।मौके पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे



के बारे में असम के मुख्यमंत्री द्वारा किए गए आप शब्दों का प्रयोग अत्यंत ही आपत्तिजनक एवं निंदनीय है यह बयान न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है बल्कि लोकतांत्रिक मयार्दाओं और राजनीतिक शिष्टाचार का भी खुला उल्लंघन है। आज जब कांग्रेस पार्टी के द्वारा उठाए गए गंभीर और तथ्यात्मक सवालों का जवाब देना चाहिए तब भाजपा सरकार और असम के मुख्यमंत्री से ध्यान भटकने के लिए इस प्रकार की भाषा का सहारा ले रहे हैं यह उनकी स्पष्ट घबराहट और दलित विरोधी सोच को दशार्ता है! मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवनीत नीरज वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक सिंह मनोज यादव योगेंद्र सिंह योगी एहसान खान,आमिर हासमी,आमिर खान,आकाश प्रमाणिक,विशाल महतो,सूरज वर्मा,सोनू यादव,कमल शर्मा ,शिवनाथ दस,मुशर्रफ अली,कैदे आजम,सायूम खान,पीयूष सहाइए,नईम जी,सोहेल प्रवेज गोलू यादव,योगेंद्र महतो जितेश सिंह कामता पासवान पप्पू पासवान पिंटू तुरी सत्यानंद पांडे विकास पाठक हरेंद्र शाही, पप्पू कुमार तिवारी सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com